मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 46.1 | 33.9 |
| जमशेदपुर | 42.8 | 30.7 |
| डालटनगंज | 47.4 | 32.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

रांची, शुक्रवार 31 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 52

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया चयन का फॉर्मूला- जिस साथी की सबसे अधिक सीटें, पीएम पद पर उसकी होगी दावेदारी

# इंडिया ब्लॉक सत्ता में आया, तो 48 घंटे में बनेगा प्रधानमंत्री...

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि चुनाव में इंडिया ब्लॉक को पूर्ण बहुमत मिलेगा और इसके बाद महज 48 घंटे में प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा. गठबंधन में जिसको अधिक सीटें मिलेंगी, पीएम पद के लिए उसकी दावेदारी अधिक होगी. कांग्रेस महासचिव ने विश्वास जताया कि इंडिया ब्लॉक को 272 के आंकड़े से अधिक सीटें मिलेंगी. उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि पीएम के चयन पर फैसला लेने में 48 घंटे भी लगेंगे. कुछ ही घंटों में नेता चुन लिया जाएगा.

उन्होंने कहा, यह तर्कसंगत है कि जिस पार्टी को सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे, गठबंधन का नेतृत्व करने और सरकार बनाने के लिए वह स्वाभाविक दावेदार होगी. यह पूछने पर कि क्या कांग्रेस के इंडिया ब्लॉक में सबसे अधिक सीटों वाली पार्टी बनने के आसार हैं, जयराम ने कहा, आप मेरे बयान की जो व्याख्या करना चाहें, कर सकते हैं लेकिन फैक्ट यह है कि गठबंधन में, यदि सभी दल सरकार में भाग लेने के लिए जा रहे हैं, तो जिसके पास सबसे अधिक सीटें हैं, वह संसद में हमारा नेतृत्व करेगा. यह पूछे जाने पर कि क्या पीएम के चयन पर आम सहमति बनाना आसान होगा, कांग्रेस नेता ने कहा, गठबंधन का नारा मैं नहीं हम, मेरा नहीं हमारा है. यह कहने पर कि इस तरह का गठबंधन स्थिरता के लिए अच्छा नहीं हो सकता, रमेश ने कहा कि मनमोहन सिंह का 10 साल तक यूपीए सरकार चलाना इसका अच्छा सबूत है. उन्होंने कहा, हम एक स्थिर, पारदर्शी और जिम्मेदार सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

रमेश ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की सरकार बनती है, तो एनडीए के दल भी इसमें शामिल हो सकते हैं, हालांकि उन्हें शामिल करेंगे या नहीं, यह फैसला कांग्रेस हाईकमान सोच-समझ कर लेगा. रमेश से पूछा गया था कि क्या चुनाव के बाद नीतीश कुमार व टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू जैसे एनडीए के सहयोगियों के लिए दरवाजे खुले रहेंगे.



### एनडीए और इंडिया में दो 'आई' का अंतर

इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, नीतीश कुमार पलटी मारने में माहिर हैं. नायडू 2019 में कांग्रेस के साथ गठबंधन में थे. रमेश ने कहा कि इंडिया और एनडीए के बीच दो आई का अंतर है- I फॉर इंसानियत और I फॉर ईमानदारी. जिन दलों में ईमानदारी और इंसानियत है, लेकिन वे एनडीए में हैं, वे इंडिया ब्लॉक में शामिल होंगे. जनता से जनादेश मिलने के बाद बनने वाली सरकार तानाशाह नहीं, जनता की सरकार होगी.

### पीएम मोदी की ध्यान यात्रा पर की टिप्पणी

उन्होंने पीएम मोदी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, दिलचस्प बात है कि पीएम नरेंद्र मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल जा रहे हैं और दो दिनों के लिए ध्यानमग्न रहेंगे. वही विवेकानंद स्मारक जहां से राहुल गांधी ने 7 सितंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी. मुझे यकीन है कि वह (मोदी) इस बात पर ध्यान दे रहे होंगे कि सेवानिवृत्ति के बाद जीवन कैसा होगा.

### हमें स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलेगा

छह चरणों के वोट के बाद जमीनी आकलन के बारे में रमेश ने कहा, मैं संख्या में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं बस इतना कह रहा हूं कि हमें निर्णायक बहुमत मिलेगा. दावा किया कि 2004 के नतीजों को 2024 में फिर से दोहराया जाएगा. रमेश ने कहा, कांग्रेस को राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र में अच्छी बढ़त मिलेगी. हम छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और असम में अपनी स्थिति में सुधार करेंगे. कुल मिलाकर, हम 20 साल बाद, 2004 जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं. जयराम रमेश ने कहा कि यूपी में भी कांग्रेस को फायदा होगा और भाजपा 2019 की अपनी 62 सीटों में सुधार नहीं कर सकती. इंडिया ब्लॉक के साझेदारों की 1 जून की बैठक के बारे में पूछे जाने पर, रमेश ने कहा कि उनके पास कोई प्रामाणिक जानकारी नहीं है कि उस दिन बैठक होने वाली है, लेकिन इंडिया ब्लॉक के नेता निश्चित रूप से मिलेंगे.

### चंपाई कल इंडिया की बैठक में होंगे शामिल

**आदित्यपुर।** सीएम चंपाई सोरेन इंडिया गठबंधन की एक शनिवार को दिल्ली होने वाली बैठक में शामिल होंगे. यह जानकारी सीएम के प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी ने दी. उन्होंने बताया कि चुनाव के अंतिम चरण का वोट खत्म होने के बाद एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष ने गठबंधन की एक बैठक बुलाई है. इसमें गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है. इसमें चुनाव के संभावित परिणाम और अभियान की समीक्षा की जाएगी. इस बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल होंगे.

### पीएम नरेंद्र मोदी ने किया वादा

## सरकार बनते ही पहले 25 दिन युवाओं के लिए काम

**होशियारपुर (पंजाब)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने होशियारपुर में गुरुवार को चुनाव की आखिरी रैली संबोधित की. इसमें उन्होंने भ्रष्टाचार की जननी बताते हुए कांग्रेस पर हमला बोला. कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल



पीएचडी कर ली है. मोदी ने आम आदमी पार्टी को भी नहीं बख्शा. कहा कि अब तो कांग्रेस के साथ एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है. उन्होंने 125 दिनों का एजेंडा भी पेश किया. कहा, 60 साल तक कांग्रेस ने जो कारनामे किए. ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर ली है. कांग्रेस के साथ आप जैसी भ्रष्टाचारी पार्टी भी है. चुनाव की भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही. सरकार बनते ही अगले 125 दिन में क्या होगा, सरकार क्या करेगी, सरकार कैसे करेगी, सरकार किसके लिए करेगी, सरकार कब तक करेगी, इसके रोड मैप पर काम कर लिया गया है. इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए केंद्रित किए गए हैं. अगले 5 साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रूपरेखा खींची जा चुकी है.

---

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,300 |
| चांदी (किलो) | 96,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### शेयर बाजार में पांचवें दिन भी भारी गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 617 अंक का गोता लगा गया. एनएसई निफ्टी भी 22,500 अंक के नीचे आ गया. वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के बीच टिकाऊ उपभोक्ता और चुनिंदा आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया. 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 617.30 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,885.60 अंक पर बंद हुआ.

#### छोटा राजन को हत्या के जुर्म में उम्रकैद

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

#### सपा नेता आजम खां को 10 साल की कैद

**रामपुर (उप्र)।** रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में सपा के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व मंत्री आजम खां को गुरुवार को 10 साल की कैद और 14 लाख जुर्माने की सजा सुनाई है.

#### केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में जमानत के अनुरोध वाली सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया है.

# झारखंड में बालू ने रोक दी है विकास की रफ्तार

### डेढ़ लाख करोड़ के सरकारी प्रोजेक्ट का काम हुआ धीमा

रवि भारती। रांची

झारखंड में बालू ने विकास की रफ्तार पर ही ब्रेक लगा दिया है. राज्य में डेढ़ लाख करोड़ रुपए के सरकारी प्रोजेक्ट की रफ्तार धीमी पड़ गई है. इसमें भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, नगर विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि विभाग की योजनाएं शामिल हैं. बालू की कमी के कारण इन विभागों की योजनाओं का काम या तो धीमा पड़ गया है या ठप पड़ गया है. वजह यह है कि अब तक सभी बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है. राज्य में 444 बालू घाटों में से 351 की नीलामी प्रक्रिया जेएसएमडीसी के माध्यम से संपन्न करायी गयी थी. इनमें 216 घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी. वहीं, 135 घाटों की निविदा प्रक्रिया चल रही है. पूर्व से राज्यभर में केवल 21 बालू घाट ही वैध हैं, जिनसे वैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है. शेष सभी घाटों से अवैध रूप से ही बालू का उठाव हो रहा है.

**सिया का हो चुका है गठन, पर प्रक्रिया धीमी :** राज्य के 216 घाटों का टेंडर फाइनल कर माइंस डेवलपर ऑपरेटर का चयन कर लिया गया है. इन्हें लेटर ऑफ इंटेंट दे दिया गया है. इसके बावजूद बालू निकालने में विलंब होगा. इसकी वजह यह है कि बालू घाटों के टेंडर के बाद माइनिंग प्लान, इनवायरमेंटल क्लीयरेंस और कंसेंट टू ऑपरेट लेना पड़ता है. इसके लिए स्टेट इनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) के पास आवेदन देना होता है. फिर सिया की टीम इसकी समीक्षा कर मंजूरी देती है. जब तक सिया से पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिल जाती, तब तक बालू घाटों से बालू निकालना अवैध है. फिलहाल प्रक्रिया पूरी होने में दो से तीन माह का समय लगेगा.

### बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया ही अब तक पूरी नहीं हो पाई




### इन योजनाओं की रफ्तार सुस्त

राज्य में भवन निर्माण की सबसे अधिक योजनाएं चल रही हैं. 57 हजार करोड़ से अधिक की योजनाएं जिलों में चल रही हैं. इनमें राजधानी रांची में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, राज्यभर में बन रही बाइपास सड़क, आरओबी सहित सभी अंचलों के भवन, जिला परिषद के भवन का निर्माण प्रमुख है. इसी तरह पथ निर्माण विभाग की भी परियोजनाएं भी चल रही हैं. इसमें कांटाटोली फ्लाईओवर, एनएच-75, एनएच-33 और अन्य महत्वपूर्ण पथ शामिल हैं. राजधानी रांची की सिवरेज-ड्रेनेज परियोजना में भी बालू की कमी आड़े आ रही है.

### ठेकेदार और वाहन मालिकों पर प्रतिकूल असर

झारखंड में बालू उठाव में लगभग 10 हजार हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर लगे हुए हैं. बालू का उठाव नहीं होने के कारण ठेकेदार और वाहन मालिकों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है. देनदारी बंद होने के कारण प्रोजेक्ट की रफ्तार भी धीमी हो गई है. ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान लंबित होने के कारण सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं का काम भी लंबित हो गया है.

### बालू की कालाबाजारी जारी

बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने के कारण कालाबाजारी चरम पर है. 10 हजार रुपए प्रति हाइवा मिलनेवाला बालू ब्लैक में 40 हजार रुपए में मिल रहा है. वहीं, तीन हजार रुपए प्रति टर्बो बालू की कीमत अब 6500 से 7500 तक हो गयी है. रांची में 19 बालू घाटों में एक भी बालू घाट चालू नहीं है. पूरे राज्य में केवल 21 बालू घाट चालू हैं. रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा जैसी जगहों से रांची में बालू मंगाया जा रहा है.

### क्या है खान विभाग का तर्क

खान विभाग के अनुसार, राज्य भर में बालू के 75 स्टॉकिस्ट हैं, जो सरकारी परियोजनाओं से लेकर निजी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं. सरकारी योजनाओं के लिए बालू की कमी न हो, इसके लिए विशेष निर्देश भी दिये गये हैं. विभाग का कहना है कि निगम के स्तर से भी बालू उठाव की स्थिति पर भी नजर रखी जाती है. हर माह बालू के स्टॉक का भी जायजा लिया जाता है.

### क्या कहते हैं सिया के अध्यक्ष

सिया के अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने बताया कि माइनिंग प्लान सहित अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने बाद ही सिया के पास पर्यावरण स्वीकृति का आवेदन आता है. फिलहाल चार पांच ही आवेदन आए हैं. जैसे-जैसे आवेदन आते जाएंगे, सबका निष्पादन भी कर दिया जाएगा.

# बालू से तेल निकाल रहे मेहता जी

संवाददाता। रांची

बरसात का सीजन आने वाला है. बालू खनन पर रोक लग जाएगी. बालू कारोबारी स्टॉक करने में लगे हुए हैं. बालू का चालान जेएसएमडीसी (झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) जारी करता है. जेएसएमडीसी में एक मेहता जी हैं. मेहता जी बालू से तेल निकालने में लगे हैं. उनकी हनक ऐसी है कि उन्हें खुश किए बिना कोई भी कारोबारी अपना काम करा ही नहीं सकता. बालू कारोबारियों की मजबूरी है कि स्टॉक करने के लिए चालान चाहिए ही. वह लेट कर नहीं सकते. इसका फायदा उठाते हुए मेहता जी बालू से तेल निकाल कर अपना और अपने संरक्षक का भला कर रहे हैं. मेहता जी के बारे में बताया जाता है कि वह पुराने खिलाड़ी हैं. कई वर्ष पहले जेएसएमडीसी में आये, वहीं ठहर गए हैं. कहने को फीस भी बहुत ज्यादा नहीं है. दो रुपए प्रति सीएफटी. लेकिन दो रुपए का हिसाब जोड़ेंगे, तो वह करोड़ों हो जाएगा, क्योंकि झारखंड में बालू कारोबारी हर साल करोडों सीएफटी बालू का स्टॉक करते हैं और स्टॉक करने के लिए चालान चाहिए ही.

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में ईडी ने संतालपरगना में हजारों करोड़ रुपए की अवैध माइनिंग में कार्रवाई की है. लेकिन मेहता जी संभल ही नहीं रहे हैं. थक-हार कर अब कुछ बालू कारोबारियों ने मेहता जी के बारे में ईडी के अफसरों को जानकारी देने का मन बना लिया है. देखना है कि वो कब ईडी के पास पहुंचते हैं और ईडी इस मामले में क्या करती है.

### झारखंड में चौथे चरण का थम गया प्रचार

# राजमहल, गोड्डा और दुमका में मतदान कल




| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 53,23,886 |
| पुरुष | 27,00,538 |
| महिला | 26,23,315 |
| ट्रांसजेंडर | 33 |
| कुल बूथ | 6258 |

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में चुनाव के चौथे चरण में एक जून को गोड्डा, राजमहल और दुमका में वोट के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया. इन तीन सीटों पर कुल 52 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. राजमहल से 14, दुमका व गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी मैदान में हैं.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. बाहरी लोग क्षेत्र छोड़ कर जा रहे हैं. किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गयी है. पूर्व में कुछ क्षेत्रों में नक्सली गतिविधि थी, लेकिन वर्तमान में इलाके में नक्सली गतिविधि का कोई खुफिया इनपुट नहीं है. दुमका के तीन बूथों को बदला गया है. मतदानकर्मी शुक्रवार को बूथों के लिए रवाना होंगे और शनिवार को मतदान के बाद सभी मतदानकर्मी वापस लौट जाएंगे.

तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है. इनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर हैं. वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है. इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं. 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी. जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे. 18 बूथ यूनिक हैं. शुक्रवार को मतदान दल बूथों पर पहुंचेगा.

### 57 सीटें, 904 उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया. इस दौर में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की कुल 57 सीटों पर एक जून को मतदान है. कुल 904 प्रत्याशी मैदान में हैं. जिन सीटों पर वोट होना है, उनमें पीएम नरेंद्र मोदी, अभिनेत्री कंगना रनौत, टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व सीएम चरनजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की भी सीटें शामिल हैं. सातवें चरण में जिन सीटों पर वोट होना है उनमें यूपी और पंजाब की 13-13, बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल की चार और झारखंड की तीन सीटें शामिल है. इसके साथ ही चंडीगढ़ की एक सीट पर वोट होगा. 2019 में इन 57 में से 25 सीटें भाजपा ने जीती थीं. वहीं, टीएमसी के खाते में आठ सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस को सात सीटों पर जीत मिली थी.

---

# थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए

प्रसंगवश



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

थकाऊ और उबाऊ चुनावी कोलाहल थम गया. शनिवार को आखिरी चरण के वोट भी पड़ जाएंगे. शाम को एक्जिट पोल आएंगे. ये इक्जेक्ट नहीं होते हैं. फिर भी परिणाम का संकेत तो देते ही हैं. इसे लेकर टीवी चैनलों पर कुकरझौझौ सुनाई-दिखाई देगा. यह तब तक चलेगा जब तक कि परिणाम नहीं आ जाते. उसके बाद जनता का फैसला शिरोधार्य के मजबूरी भरे बयान के साथ किंतु-परन्तु के उलाहना और अफसोस से भरी दलीलें ठीकराफोड़ अंदाज में पेश की जाएंगी.

इस बार के चुनाव में न कोई लहर थी, न कहर था. अगर कुछ था भी तो वह सतह पर दिखाई नहीं दिया. इसलिए परिणाम के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल है. 2014 में जहां सत्ता के खिलाफ आक्रोश था, वहीं 2019 में राष्ट्रवाद का उद्रेक था. इस बार ऐसा कोई राष्ट्रीय मुद्दा नहीं रहा. मुकाबले की तस्वीर हर राज्य में अलग-अलग रही. लेकिन चुनाव के केंद्र में नरेंद्र मोदी ही रहे. उन्हें ही जीतना था, उन्हें ही हराना था. चुनाव प्रचार की बात करें, तो सत्तारुढ़ गठबंधन भारी पड़ा है. स्वयं प्रधानमंत्री ने जितनी रैलियां की हैं, जितना रोड शो किया है और जितने इंटरव्यू दिये हैं, वह अभूतपूर्व है. उनके अतिरिक्त अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, हिमंता विश्व शर्मा से लेकर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने चुनाव क्षेत्रों को मथ दिया. इसके बरक्स विपक्षी गठबंधन के नेता अपने-अपने राज्यों में ही फंसे रहे. राष्ट्रीय स्तर पर राहुल, सोनिया, खरगे ने धूम मचाई, लेकिन वह नाकाफी था. विपक्षी गठबंधन बना ही था अल्पसंख्यक मतों का विभाजन रोकने के लिए और बहुसंख्यक मतों को छितराने के लिए ताकि भाजपा को पटखनी दी जा सके. इसलिए कांग्रेस का न्याय पत्र आते ही भाजपा उस पर मुस्लिम लीग का मुलाम्मा चढ़ा कर अपनी जमीन बचाने के लिए फिर वही दिल लाया हूं के अंदाज में हमलावर हो गयी. भाजपा ने कुछ नये-पुराने उद्धरणों से बहुसंख्यकों को सचेत करते हुए तुष्टीकरण पर हमला बोल दिया. विपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा हिंदू-मुसलमान कर रही है लेकिन भाजपा रुकी नहीं. उसे बहुसंख्यकों का बिखराव रोकना था और इसके लिए उसने मंगलसूत्र से मुजरा तक के प्रतीकों के जरिए हमला जारी रखा. इसके साथ जांच एजेंसियों के दुरूपयोग के आरोप पर भाजपा कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा का घोष करती रही.

महंगाई, बेरोजगारी जैसे सदाबहार मुद्दों पर जहां विपक्ष हमलावर रहा, वहीं भाजपा चुनावी मंचों से इस पर कन्नी काटती रही. अलबत्ता डिबेट शो में भाजपा प्रवक्ताओं ने इस पर जवाब जरूर दिया. संविधान बदलने और लोकतंत्र खत्म करने का मुद्दा विपक्ष ने पूरी शिद्दत से उठाया, लेकिन वह परवान नहीं चढ़ सका, क्योंकि वर्तमान परिवेश में यह संभव ही नहीं है. चुनाव प्रचार के दौरान दोनों तरफ से कुछ नये विमर्श पैदा किये गये, लेकिन वे नीचे तक कितना पसरे, इसका आकलन नहीं हो पाया. इस चुनाव में मोदी के खिलाफ इकोसिस्टम तो सक्रिय था ही, सोशल मीडिया में भी खूब तलवारबाजी और लफ्फाजी हुई. माहौल बदल गया, पासा पलट गया, मामला फंस गया आदि शीर्षकों से निराधार खबरें परोसी गईं. इनका कितना असर हुआ, पता नहीं, लेकिन हकीकत यह है कि तटस्थता बहुत कम दिखाई दी. राजनीतिक पंडितों में भी और मतदाताओं में भी. यह चुनाव पिछले चुनावों से इस मायने में भी भिन्न रहा कि इस बार मुंडेर पर बैठे मतदाताओं की संख्या बहुत कम थी. चुनाव की घोषणा के साथ ही उन्होंने मन बना लिया था कि कहां जाना है, क्या करना है और क्या नहीं करना है.

-शेष पेज 11 पर

# मंत्री आलमगीर भेजे गये जेल

### 14 दिनों तक पूछताछ के बाद आलमगीर को कोर्ट में किया गया पेश

संवाददाता। रांची

टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया. इसके बाद कोर्ट ने आलमगीर आलम को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया.

कोर्ट की अनुमति से ईडी आलमगीर आलम से अब तक तीन बार पूछताछ कर चुकी है. 14 दिनों की पूछताछ में कई अहम खुलासे भी हुए हैं, जिसके आधार पर एजेंसी ने राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ की है. ईडी ने मनीष रंजन को तीन जून को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है. बता दें कि ईडी ने पांच मई को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल समेत नौ ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम और मुन्ना सिंह के ठिकानों से ईडी ने 35.23 करोड़ बरामद किये थे. इसके बाद ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को देर रात गिरफ्तार कर लिया था. फिर ईडी ने 12 मई को मंत्री आलमगीर आलम को समन भेजकर 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया था. 14 मई को ईडी ने आलमगीर से नौ घंटे पूछताछ की थी. अगले दिन 15 मई को एजेंसी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था.



पीएमएलए अदालत से आलमगीर आलम को जेल ले जाती पुलिस.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही अच्छा है. पर गलत आय और जुबान से बचना चाहिए. कार्य होगा और आय होगी. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें.

**वृषभ** असमंजस की स्थिति बनेगी. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें.

**मिथुन** भाग्य का साथ मिलने से मन खुश होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कर्क** समय सामान्य है. मानसिक तनाव होगा पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत है. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कन्या** मौसमी बीमारियों से बचें. कुटुम्ब पर खर्च होगा. साथ ही संतुष्टि भी होगी. पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. अन्न और मिठाई का दान करें.

**तुला** संतान के कार्य पर नज़र रखें. सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. कार्य मे बिलंब होगा जिससे चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी.

**मकर** समय सामान्य है. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी. आलस को त्याग कर कार्य करें.

**कुंभ** समय बहुत ही उत्तम है, पर थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी.

**मीन** रोग बीमारी पर खर्च होगा. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. अन्न का दान करें.

# मेडिकल और ओरल एविडेंस विरोधाभास हो तो आई विटनेस पर भरोसा नहीं किया जा सकता :हाईकोर्ट

विनीत आभा उपाध्याय । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए कहा है कि जहां भी चिकित्सा साक्ष्य (मेडिकल एविडेंस) और मौखिक साक्ष्य (ओरल एविडेंस) के बीच विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य (आई विटनेस) पर विश्वास नहीं किया जा सकता. दरअसल, सरायकेला-खरसावां सिविल कोर्ट ने निराकार महतो को माधो सिंह मुंडा की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. निराकार महतो ने इस फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में इस मामले पर सुनवाई हुई. निराकार महतो की ओर से अधिवक्ता सोनम कुमारी ने बहस की. अधिवक्ता सोनम की ओर से इस केस में की गई मेहनत की सराहना करते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें 11 हजार रुपए फीस के तौर पर देने का निर्देश भी दिया. इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि कानून में यह अच्छी तरह से स्थापित है कि अभियोजन पक्ष के गवाह के साक्ष्य में मामूली विसंगतियों पर अनावश्यक जोर नहीं दिया जाता, लेकिन जहां प्रत्यक्ष साक्ष्य, चिकित्सा साक्ष्य को गंभीर रूप से चुनौती देता है, वहां अभियोजन पक्ष के मामले को असंगत माना जाना चाहिए. इसलिए, जहां भी चिकित्सा साक्ष्य और मौखिक साक्ष्य के बीच घोर विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता.

**वर्ष 1991 में हुई थी हत्या :** वर्ष 1991 में परशुराम महतो के बयान के आधार पर निराकार महतो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि निराकार महतो ने अन्य लोगों के साथ मिलकर माधो सिंह मुंडा पर हमला किया. इस हमले के बाद माधो सिंह मुंडा की मृत्यु हो गई थी.

# हाईकोर्ट ने कहा: एक बार मिली जमानत तब तक रद्द नहीं हो सकती, जब तक शर्तों का उल्लंघन न हो

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अगर किसी अभियुक्त को एक बार जमानत दे दी जाती है, उसकी जमानत तब तक रद्द नहीं की जा सकती, जब तक कि वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन न करे या निष्पक्ष सुनवाई में बाधा न डाले. दरअसल, जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दीक्षा कुमारी को एक आपराधिक मामले में आपसी समझौते के आधार पर जमानत दी थी. इसके खिलाफ अमित कुमार ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल मिसलेनियस पिटीशन दाखिल कर जमानत रद्द करने का आग्रह किया था. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई.

सुनवाई के दौरान अमित कुमार ने बहस करते हुए कहा कि दोनों पक्ष हुए समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है. वहीं राज्य सरकार की ओर से यह दलील दी गई कि समझौते की शर्तों का पालन न करना जमानत रद्द करने का आधार नहीं बन सकता है. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमशेदपुर कोर्ट द्वारा दीक्षा कुमारी को दी गई जमानत को रद्द करने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी. जमशेदपुर कोर्ट ने दीक्षा कुमार को वर्ष 2022 में जमानत दी थी. जमशेदपुर सिविल कोर्ट में लंबित मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है.

### झारखंड पुलिस के दावे के विपरीत प्रिंस खान और सुनील मीणा आपराधिक वारदातों को दिला रहा अंजाम

# झारखंड में प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह का बढ़ रहा उत्पात

संवाददाता। रांची

झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं. इन दोनों गिरोह के कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है, इसके बाद भी रंगदारी मांगने का सिलसिला थम नहीं रहा है. पुलिस कहती है कि जल्द प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह के सुनील मीणा को पकड़ लिया जायेगा. उसके ठिकानों की तलाश पूरी हो गयी है. मगर इस दावे के विपरीत दोनों गिरोह का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है. कभी व्यवसायियों को धमकी, तो कभी गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. गिरोह की इस हरकत से व्यवसायी वर्ग खौफ में है.

**शारजाह में बैठा है गैंग्स ऑफ वासेपुर का प्रिंस खान :** धनबाद में गैंग्स ऑफ वासेपुर का आतंक है. प्रिंस खान इसी गैंग से ताल्लुक रखता है. इसकी गिरफ्तारी धनबाद पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती है. झारखंड एटीएस की टीम इसे गिरफ्तार करने का लगातार प्रयास कर रही है. इस बीच यह जानकारी सामने आ रही है कि प्रिंस खान भारत से बाहर शारजाह में बैठ कर अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है. वह वहीं से धनबाद में हत्या तक करवा रहा है. लगातार वीडियो जारी कर कारोबारियों को धमकी देता है और उनसे रंगदारी वसूलता है. प्रिंस खान पर हत्या, रंगदारी के तीन दर्जन मामले दर्ज हैं.

## अमन साहू व प्रिंस खान गिरोह के अब तक के कारनामे

**06 अप्रैल 2024 :** अमन साहू गिरोह ने बर्बरीक कंपनी को झारखंड में काम नहीं करने देने की धमकी दी थी.

**21 मार्च 2024 :** रांची के जमीन कारोबारी से गैंगस्टर अमन साहू के नाम पर पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गयी थी.



**01 दिसंबर 2023 :** रामगढ़ के कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी के कार्यालय के बाहर गोलीबारी की गयी थी.

**07 जुलाई 2023 :** रांची के अरगोड़ा में अमन साहू गिरोह के अपराधी ने कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मार दी थी.

**09 जुलाई 2023 :** लातेहार में रहने वाले ट्रांसपोर्टर अमित सिंह से रंगदारी की मांग की गयी थी.

**09 मई 2023 :** हजारीबाग के बड़कागांव में ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर शरत कुमार की अमन साहू गिरोह के अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.

**27 मार्च 2023 :** देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित राय एंड कंपनी चौक के समीप हरदेव कंस्ट्रक्शन के कार्यालय के बाहर गोलीबारी की गयी थी.

**18 फरवरी 2023 :** शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य कर रही साईं कृपा कंपनी के साइट पर अमन साहू के गिरोह ने गोलीबारी की थी.

**15 जुलाई 2022 :** धनबाद में रेलवे पार्सल ऑफिस के पास बम फोड़ा गया था. गैंगस्टर प्रिंस खान ने सोशल मीडिया पर मैसेज डालकर जिम्मेवारी ली थी.

**02 दिसंबर 2022 :** कतरास के मार्बल व्यवसायी दिनेश भगत की दुकान पर गोली चली थी.

**09 दिसंबर 2022 :** धनबाद शहर के आईआईटी-आईआईएम गेट के समीप स्थित शाही दरबार रेस्टोरेंट पर रात करीब 11 बजे गोलीबारी की गयी थी. घटना के बाद प्रिंस खान ने रेस्टोरेंट मालिक को मैसेज भेजकर अगली बार खोपड़ी खोल देने की धमकी दी थी.

### मलेशिया से साहू गिरोह को संभाल रहा सुनील मीणा

झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं. लेकिन इन दिनों अन्य गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा है. अमन साहू जेल से ही अपना गिरोह चला रहा है. खासकर यह गिरोह राज्य के लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग व रांची के कोयलांचल क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है. इस गिरोह द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद मयंक सिंह नाम का व्यक्ति घटना की जिम्मेदारी भी लेता है. बताया जाता है कि यह मयंक सिंह कोई और नहीं, बल्कि सुनील मीणा है. इन दिनों वह मलेशिया में बैठ कर एक के बाद एक आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है.

# नौ साल में उच्च शिक्षा में छात्रों के इनरॉलमेंट में 6.9% की ही वृद्धि



- छात्रों के इनरॉलमेंट में सिर्फ 3.1 और छात्राओं के इनरॉलमेंट में 10.8 % की ही वृद्धि

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार के लाख दावों के बावजूद उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का इनरॉलमेंट उम्मीद के अनुरूप नहीं बढ़ गया है। पिछले नौ साल में विद्यार्थियों के इनरॉलमेंट में सिर्फ 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उच्च शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले नौ साल में छात्रों के इनरॉलमेंट में सिर्फ 3.1 प्रतिशत और छात्राओं के इनरॉलमेंट में 10.5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है।

**एससी छात्रों के इनरॉलमेंट में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि :** राज्य में उच्च शिक्षा में एससी छात्रों के इनरॉलमेंट में पिछले नौ साल में सिर्फ 8.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस श्रेणी के छात्रों के इनरॉलमेंट में 4.7 और छात्राओं के इनरॉलमेंट में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. वहीं एसटी कैटेगरी में विद्यार्थियों के इनरॉलमेंट में ओवरऑल 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसमें छात्रों के इनरॉलमेंट में 13.7 प्रतिशत और छात्राओं के इनरॉलमेंट में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.

### साल दर साल विद्यार्थियों के इनरॉलमेंट का प्रतिशत

| वित्तीय वर्ष | छात्र(प्रतिशत) | छात्रा(प्रतिशत) |
|---|---|---|
| 2016-17 | 16.0 | 15.08 |
| 2017-18 | 15.8 | 16.1 |
| 2018-19 | 16.5 | 16.9 |
| 2019-20 | 17.5 | 18.7 |
| 2020-21 | 16.5 | 17.5 |
| 2023-24 | 16.5 | 17.5 |

**नोट :** 2016-17 से 2023-24 में छात्रों का इनरॉलमेंट 3.1 प्रतिशत, छात्राओं का इनरॉलमेंट 10.8प्रतिशत रहा. ओवरअल इनरॉलमेंट 6.9 प्रतिशत रहा.

### एसटी कैटेगरी में साल दर साल विद्यार्थियों का इनरॉलमेंट

| वित्तीय वर्ष | छात्र(प्रतिशत) | छात्रा(प्रतिशत) |
|---|---|---|
| 2016-17 | 12.8 | 11.7 |
| 2017-18 | 13.0 | 11.5 |
| 2018-19 | 14.0 | 13.4 |
| 2019-20 | 14.0 | 13.1 |
| 2020-21 | 13.4 | 12.6 |
| 2023-24 | 13.4 | 12.6 |

**नोट :** 2016-17 से 2023-24 के बीच एसटी कटेगरी में छात्रों का इनरॉलमेंट 4.7 प्रतिशत और छात्राओं का इनरॉलमेंट 12.5 प्रतिशत रहा. इस कैटेगरी में ओवरअल इनरॉलमेंट 8.3 प्रतिशत रहा.

### एससी कैटेगरी में साल दर साल विद्यार्थियों का इनरॉलमेंट

| वित्तीय वर्ष | छात्र(प्रतिशत) | छात्रा(प्रतिशत) |
|---|---|---|
| 2016-17 | 10.2 | 12.3 |
| 2017-18 | 10.4 | 11.7 |
| 2018-19 | 11.3 | 12.7 |
| 2019-20 | 12.2 | 14.3 |
| 2020-21 | 11.6 | 13.2 |
| 2023-24 | 11.6 | 13.2 |

**नोट :** एससी कटेगरी में छात्रों का इनरॉलमेंट 13.7 %, छात्राओं का इनरॉलमेंट 7.3 % रहा. इस कैटेगरी में विद्यार्थियों का इनरॉलमेंट 9.7% रहा.

### झारखंड के शिक्षण संस्थानों का देश की तुलना में प्रतिशत

| यूनिवर्सिटी/ संस्थान का नाम | झारखंड में संख्या | देश में संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सेंट्रल यूनिवर्सिटी | 01 | 53 | 1.9 |
| इंस्टीच्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस | 05 | 154 | 3.2 |
| स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी | 12 | 444 | 2.7 |
| स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी | 01 | 17 | 5.9 |
| स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी | 16 | 430 | 3.7 |
| डीम्ड यूनिवर्सिटी प्राइवेट | 01 | 08 | 1.2 |

# संथाल में झारखंडियों की चलेगी बाहरियों की नहीं, इस बार 400 पार नहीं, तड़ीपार... : कल्पना

विशेष संवाददाता। रांची

लगातार छह दिनों तक संथाल में कैंप करने के बाद कल्पना सोरेन गुरुवार को रांची लौट गयीं. छह दिनों में कल्पना सोरेन तीनों लोकसभा गोड्डा, दुमका और राजमहल में कुल 23 चुनावी सभाएं कीं. रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्होंने कहा कि इंडिया वाले चार जून को दिल्ली जा रहे हैं. इंडिया गठबंधन ने



तो देश के पांचवें चरण के मतदान के बाद ही ही बहुमत का आंकड़ा छू लिया था. अब हम लीड करने जा रहे हैं. झारखंड में अंतिम चरण की तीनों सीटों पर एक जून को मतदान होना है और तीनों सीटें हम रिकार्ड मतों से जीतने जा रहे हैं. कल्पना ने कहा- बहुत सह लिया है झारखंड के साथ-साथ देश की आवाम ने. अब वक्त आ गया है इन्हें उखाड़ फेंकने का. दिल्ली में अपनी सरकार बन रही है. अब यहां के आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं. बहुत हो गयी सरकार की जुमलेबाजी. इस बार 400 पार नहीं, तड़ीपार- तड़ीपार.

**इंडिया गठबंधन को अपार समर्थन मिल रहा है :** कल्पना सोरेन ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन 30 मई को राजमहल संसदीय सीट पर तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया. कहा कि हमारे झारखंड में तीन चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं. चुनाव परिणाम आपको बता दूं कि जनता ने आपार समर्थन इंडिया गठबंधन को दिया है. अभी संथाल की तीन सीटों समेत देश की अन्य 47 सीटों पर होनेवाला मतदान ताबूत में आखिरी कील ठोंकने वाला होगा. हमारे गोड्डा, राजमहल और दुमका के तीनों प्रत्याशी चुनाव जीतने जा रहे हैं. यह आखिरी पड़ाव है. संथाल में चलेगी तो झारखंडियों की ही चलेगी, यहां पर बाहरियों की नहीं चलेगी.

### नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को घेरा

# राज्य सरकार के नेताओं-अफसरों ने झारखंड को लूटा है : अमर बाउरी

प्रमुख संवाददाता। रांची



- राज्य सरकार के नेताओं-अफसरों ने की है मनमानी
- वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है
- पाकुड़ और बरहेट के विधायक हैं जेल में बंद

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार आई है, तब से सरकार के अफसरों और नेताओं ने झारखंड को लूटने का काम किया है. संतालपरगना में विशेष रूप से भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति गठबंधन की सरकार कर रही है.बरहेट के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में आज जेल में बंद हैं. पाकुड़ से कांग्रेस के विधायक आलमगीर आलम के कर्मचारियों के घर से 35 करोड रुपये बरामद किये गये. पाकुड़, बरहेट सहित संतालपरगना की जनता बदनाम हो रही है, जिसका जवाब इस बार के आम चुनाव में जनता देगी. वे गुरुवार को साहिबगंज में मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीत रहे हैं.

**घट गई है भोगनाडीह की जनसंख्या:** बाउरी ने कहा कि भोगनाडी में जनजातीय संख्या घट गई है. वहीं बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या संतालपरगना में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ कर 35 प्रतिशत हो गयी है. हिंदुओं की आबादी घटकर 11 प्रतिशत हो गई है. पूरे देश में आठ प्रतिशत हिंदू आबादी में कमी आई है, जबकि 45 प्रतिशत मुस्लिम आबादी बढ़ गई है.

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने झामुमो पर निशाना साधा

# हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में गये हैं जेल: शाहनवाज हुसैन

प्रमुख संवाददाता । रांची



- राजद पर निशाना, सन ऑफ मल्लाह को गले लगाया और अल्लाह के बंदे को छोड़ा
- बिहार में नहीं खुलेगा राजद का खाता, माय-बाप की हो रही है राजनीति

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस सत्ता में आने वाली नहीं है. इसलिए कुछ भी वादा कर रही है और कह रही है कि चांद सितारे लाकर देगी. न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी. वे गुरुवार को गोड्डा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यकों के बीच भी जा रहे हैं और भाजपा से जुड़ने की अपील कर रहे हैं. साथ ही धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक को आरक्षण में कोटा तय करना गलत है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि दाढ़ी बढ़ा लेने से कुछ नहीं होगा, उनको लोगों की साहनुभूति नहीं मिलेगी. वे कोई आजादी की लड़ाई में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल गये हैं. भोली भाली झारखंड की जनता को बेवकूफ न बनाएं.

**चांद सितारे लाने का वादा कर रही है कांग्रेस :** शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चांद सितारे लाने का वादा करती है. राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने सन ऑफ मल्लाह को गले लगाया और अल्लाह के बंदे को छोड़ दिया. बिहार में हमें 40 में 40 जीतना है. राजद का खाता नहीं खुलेगा. बिहार में माय बाप की राजनीति हो रही है.

# विधानसभा समितियों के कार्यकाल को मिला विस्तार

संवाददाता। रांची



वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा की गठित समितियों के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है. इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है. इसके अनुसार जब तक विधानसभा की नई समितियों का गठन नहीं हो जाता, तब तक उक्त तिथि तक 2023-24 के लिए गठित समिति को विस्तारित कर दिया गया है. यानी वर्तमान में गठित विभिन्न समितियां अपना कार्य करती रहेंगी. वहीं हिंदी विद्यापीठ से शैक्षणिक योग्यता की उपाधि लेकर नौकरी पानेवाले सचिवालय के दो सहायकों को बैक डेट से आर्थिक लाभ देते हुए प्रमोशन दिया गया है.

**मीडिया से बात** घुसपैठ हुआ नहीं, झामुमो-कांग्रेस ने जानबूझ कर कराया है, संथाल में सिर्फ अवैध खनन

# संताल-पहाड़िया की घटी आबादी, सरकार आने पर होगी जांच : मरांडी

### खास बातें

- संथालपरगना में घुसपैठियों और दलालों की चांदी
- विकास के मुद्दे पर जनता भाजपा के साथ है

प्रमुख संवाददाता। रांची



पत्रकारों से मुखातिब बाबूलाल मरांडी.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संतालपरगना क्षेत्र में संताल, पहाड़िया आदिवासियों की आबादी का लगातार कम होना खतरे की घंटी है. जब संताल में पहाड़िया की आबादी घटी, तब बढ़ी किसकी है, यह जांच का विषय है. वे गुरुवार को दुमका में मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पाकुड़ इलाके में पहाड़ियों के गांव उजड़ गये. जहां कभी पहाड़िया आबादी थी, वहां घुसपैठियों की बड़ी आबादी है. घुसपैठ हुआ नहीं है, बल्कि जानबूझ कर झामुमो-कांग्रेस ने कराया है. हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशियों की घुसपैठ और अवैध खनन के कारण पाकुड़ एवं साहिबगंज के कई इलाकों में संथाल, पहाड़िया आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं. उनके बारे में कोई चिंता नहीं करता है. भाजपा की सरकार बनने के बाद विशेष टीम का गठन कर इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

कांग्रेस और झामुमो ने वोट बैंक को लेकर चुप्पी साध ली : मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने अपने वोट बैंक को लेकर चुप्पी साध ली है. उनके लोगों ने जमीन ही नहीं छीनी, बल्कि बहू बेटियों को भी छीना. बेटियों को 50 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया. इसके बावजूद इंडी गठबंधन ने आवाज नहीं उठायी. अगर भाजपा आवाज नहीं उठाती तो किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होती. आये दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं.

### हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल नहीं भेजा

हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल नहीं भेजा है. उन्हें एजेंसी और कोर्ट ने जेल भेजा है. तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साहिबगंज में हो रहे अवैध पत्थर खनन के प्रति चिट्ठी लिखकर सचेत किया था .इस पर कार्रवाई करने की मांग की थी. मेरे पत्र के आलोक में सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की. इसके एक साल बाद बड़ा हादसा हो गया. हेमंत सोरेन अवैध पत्थर खनन के मामले में जेल में हैं. रांची के विधायक एवं पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने सदन में कहा था कि रांची के तत्कालीन डीसी हथियार का लाइसेंस देने के नाम पर तीन से पांच लाख रुपये ले रहे हैं. इस मामले पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की.

### झारखंड में सात दौरा कर चुके हैं पीएम

मरांडी ने कहा कि संताल की तीनों सीट पर भाजपा ताकत के साथ लड़ रही है. इस चुनाव में प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दौरा कर रहे है. अब तक झारखंड में सात दौरा पीएम मोदी कर चुके हैं . भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है. झारखंड जैसे छोटे राज्य में प्रधानमंत्री ने सात कार्यक्रम किये हैं. इससे साफ है कि सूबे से उनका कैसा लगाव है. संथाल की तीनों लोससीट भाजपा जीत रही है. संताल के उत्थान के लिए अटल बिहारी भाजपाई ने संथाल समुदाय को 8वीं अनुसूची में शामिल किया. देश की राष्ट्रपति भी आदिवासी हैं, तो साफ संदेश है कि भाजपा आदिवासियों की सुनती है, उनके लिए काम करती है.

### राज्य सरकार सिर्फ लूट में लगी है

मरांडी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सिर्फ लूट में लगी है. चार साल में एक भी काम ऐसा नहीं किया, जिससे यहां के लोगों को गर्व हो. सरकार की वजह से संथाल और पहाड़ियों का अस्तित्व ही खतरे में आ गया. संथाल में सिर्फ अवैध खनन, घुसपैठियों और दलालों की चांदी है. यहां के लोग आज भी बदहाल ही हैं. बल्कि संथाल में पहाड़िया जनजाति की आबादी घट गई. यह एक अलार्मिंग अलर्ट है.

क्लासिफाइड






एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

रांची, शुक्रवार 31 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 52 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



वृक्षों को काट कर सड़क किनारे रखी गयीं लकड़ियां.



छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित पत्थर माइंस.

**चिंताजनक : पत्थर माइंस संचालकों ने अंधाधुंध पेड़ों की कटाई की, वीरान पड़े पहाड़**

# काट डाले 50 हजार पेड़, पलामू का पारा $47^0$ के पार

अरुण कुमार सिंह। मेदिनीनगर

पलामू का तापमान हर दिन पुराने रिकार्ड को तोड़ गर्मी का नया रिकार्ड बना रहा है. पिछले दो दिनों में पारा 47-48 डिग्री के आसपास रहा है. आसमान से आग बरस रही है. भीषण गर्मी से त्राहिमाम कर रहे लोगों को अब उन दिनों की याद आ रही है, जब वृक्ष बहुतायत होते थे और उनकी छांव में लोग गर्मी की दुपहरी बिता लेते थे. लेकिन, अपनी भौतिक सुख की लालसा में इंसानों ने अंधाधुंध वृक्षों की कटाई की. प्राकृतिक संरचनाओं का ऐसा दोहन किया कि अब इसका खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ रहा है.

## पलामू में 57 वैध पत्थर खनन माइंस संचालित

पलामू जिले के विभिन्न इलाकों में 57 वैध पत्थर खनन माइंस संचालित हैं. इनमें 37 छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में हैं. अधिकतर पत्थर माइंस वन क्षेत्र के आसपास ही हैं. सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में काम कर रहे 'युद्ध' संस्था के संयोजक अंबिका सिंह बताते हैं कि पूरे पलामू, खासकर छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में सरकारी नियमों को ताक पर रख बेहिसाब पत्थर खनन किया जा रहा है. माइंस तक सड़क बनाने के लिए संचालकों ने करीब-करीब 50 से 55 हजार बड़े पेड़ काट डाले. इसके एवज में उतने पौधे नहीं लगाये गये, जितना अनुमोदित खनन प्रावधानों के तहत उन्हें लगाना था. वहीं, बिना डीजीएमएस अनुमति के दर्जन भर माइंस संचालक हर दिन बारूदी विस्फोट करते हैं, जिससे आसपास की हवा प्रतिदिन जहरीली और गर्म होती जा रही है.



पेड़ कटने के बाद वीरान पड़े पहाड़.

## डीएमओ को पौधरोपण की जानकारी नहीं

किस पत्थर माइंस संचालक ने कितने पौधे लगाये हैं, इस बाबत हमने डीएमओ आनंद कुमार से पूछा. उन्होंने इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं होने की बात इलाके में संचालित क्रशर उद्योगों के अहाते में कितने पौधे लगाये गये हैं, इस बारे में भी संतोषजनक जबाव नहीं मिला.

## एनएच पर फोरलेन सड़क निर्माण में काटे गये हजारों पेड़

एनएच 75 और एनएच 98 पर फोरलेन सड़क निर्माण में भी हजारों पेड़ काटे गये. इसके बदले में जो पेड़ लगाये गये, उनमें पानी नहीं दिया जा रहा है. इसके कारण अधिकांश पौधे सूख चुके हैं. यहां भी किसी विभागीय अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया.

## सिंचाई परियोजना को लेकर काटे जाएंगे लाखों पेड़

केंद्र सरकार ने उत्तरी कोयल सिंचाई परियोजना को पूरी करने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व की 1007.29 हेक्टेयर वनभूमि क्षेत्र में लहलहा रहे तीन लाख 44 हजार 644 पेड़ों को काटने की मंजूरी प्रदान की है. इनमें लगभग 10 हजार से अधिक पेड़ गाहे-बगाहे काटे जा चुके हैं.

**पलामू में आसमान से कहर बन कर बरस रही आग**

# हीट स्ट्रोक से बच्चा समेत 8 की मौत

संवाददाता। मेदिनीनगर

पिछले दो दिनों के अंदर पलामू में हीट स्ट्रोक से आठ लोगों के मौत की खबर आ रही है. हांलाकि, जिला प्रशासन अथवा पलामू सिविल सर्जन ने हीट स्ट्रोक से मौत की पुष्टि नहीं की है. सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें भी सूचना मिली है. लेकिन इन लोगों की मौत हीट स्ट्रोक से ही हुई है, इसकी पुष्टि होना बाकी है. जानकारी के मुताबिक, बीती बुधवार को शहर के सूदना के रहनेवाले एक व्यक्ति साइकिल से जा रहे थे कि अचानक बेहोश होकर गिर पड़े और उनकी मौत हो गयी.

वहीं, हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव निवासी दिनेश साव के नौ वर्षीय पुत्र संदीप साव की हिट स्ट्रोक की चपेट में आने से मौत हो गयी. बच्चा बुधवार को अपने परिजनों के साथ कुछ जरूरी काम से जपला बाजार गया था. वहां से लौटने के दौरान रास्ते में ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी. आनन-फानन में परिजन उसे हैदरनगर स्थित एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया.

**चार दिनों में हीट स्ट्रोक के दर्जनों मामले आए :** एमएमसीएच, मेदिनीनगर सहित जिले के अनुमंडलीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में पिछले चार दिनों में हीट स्ट्रोक के दर्जनों मामले आ चुके हैं. पलामू सिविल सर्जन सहित कई सरकारी चिकित्सकों ने इसकी पुष्टि की है. सिविल सर्जन ने बताया कि हीट स्ट्रोक के पांच गंभीर रोगी एमएमसीएच में आये थे, जो करीब-करीब ठीक हो चुके हैं.

## राह चलते बेहोश होकर गिर रहे लोग, जनजीवन प्रभावित



अस्पताल में इलाज के दौरान रेल यात्री अनिल कुमार अवस्थी.

- सिविल सर्जन ने हीट स्ट्रोक से मौत की नहीं की पुष्टि
- अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के मामले बढ़े

## एक ही दिन में छह लोगों की मौत

रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच गुरुवार को छह लोगों की मौत की खबर सामने आयी. जानकारी के मुताबिक, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव विकास कुमार की तबीयत खराब होने के बाद बुधवार की देर शाम उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उनकी मौत हो गई. इनके अलावा पाटन के रहने वाले मुनेश्वर भुईयां की भी मौत लू लगने से हो गई है. वहीं उत्तर प्रदेश के कानपुर जूही कॉलोनी के रहनेवाले अनिल कुमार अवस्थी की भी मौत लू लगने से हो गई है. वे किसी काम से पलामू आए हुए थे. काम खत्म करने के बाद वह डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आए ही थे कि गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़े. जीआरपी पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया, जहां उनकी मौत हो गई. गुरुवार को ही हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी कलां में 30 वर्षीय शांता देवी की भी मौत हीट स्ट्रोक से हो गयी. इसके अलावा पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड-सोननगर रेलखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन में कार्यरत रेलकर्मी मुकेश मीना (32) की रेल ट्रैक पर कार्य करने के दौरान मौत हो गई. वहीं, हैदरनगर के कबरा खुर्द गांव निवासी दुलारी बीवी (70) की मौत भी हीट स्ट्रोक के कारण हो गई है.

**मेदिनीनगर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी**

## पारा $47.4^0$

**मेदिनीनगर।** इस साल मई महीने के अंतिम सप्ताह में पड़ रही भीषण गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ते जा रही है. भगवान सूर्य रौद्र रूप लगातार तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा. मेदिनीनगर का उच्चतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29 मई की अपेक्षा दो डिग्री अधिक 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. गुरुवार की सुबह आर्द्रता 32 प्रतिशत और शाम में 29 प्रतिशत रही. गर्मी का आलम यह है कि लोग सुबह में ही अपना सारा काम निपटाकर घरों में कैद हो जा रहे हैं. दिन के 11 बजे के बाद से ही सड़कें सूनी हो जा रही हैं. हालांकि गुरुवार धूप-छांव की स्थिति भी रही, लेकिन वातावरण में नमी नहीं होने के कारण गर्म हवा शरीर को झुलसा रही थी. वहीं, पर्याप्त बिजली नहीं रहने के कारण भी लोग परेशान रहे.



**ब्रीफ खबरें**

## अपराधियों ने सरसों तेल लदा पिकअप वैन लूटा

**चान्हो/रांची।** थाना क्षेत्र के कटैया मोड़ के पास तीन हथियारबंद अपराधी लगभग पांच लाख रुपये के सरसों तेल लदे पिकअप वैन को लूट कर फरार हो गए. घटना गुरुवार की दोपहर बाद करीब तीन बजे की है. तीनों अपराधी एक बाइक से आए थे और चालक असगर अंसारी के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी की चाबी, नगद 11 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया. वहीं चालक और पिकअप वैन को कब्जे में लेकर बीजूपाड़ा-खलारी रोड होते हुए चामा जंगल पहुंचे, जहां चालक को छोड़ दिया और वैन लेकर फरार हो गये. घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अजीम अंसारी पिकअप वैन के चालक को साथ लेकर अपराधियों की धर पकड़ में लगे हुए थे.

## पांच किलो गांजा के साथ दो तस्कर हुए गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सदर थाना पुलिस ने गांजा तस्करी मामले में महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. सिमडेगा एसडीपीओ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को संदेह के आधार पर पकड़ने के बाद जांच की. इस दौरान इनके पास से पांच किलो गांजा बरामद हुआ. सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने गांजा तस्करी करने की बात स्वीकार की. मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

**राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें**

# सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रेलर फूंका

संवाददाता। मेदिनीनगर

नावा बाजार मुख्यालय स्थित बाजार में पुराने ब्लॉक भवन के समीप मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 98 पर बीती देर शाम करीब 8.30 बजे बाइक सवार युवक को कोयला लदे ट्रेलर (सीजी 10 बीआर 0869) ने धक्का मार दिया. इस घटना में बाइक चालक एनामुल खान (42) गंभीर रूप से घायल हो हो गए. आनन फानन में ग्रामीणों ने घायल को मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रांची स्थित रेफर कर दिया.

इधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रेलर में आग लगा दी. इसके बाद सड़क जाम कर जाम में फंसे कई वाहनों का शीशा तोड़ दिया और कुछ लोगों के साथ मारपीट भी की. भीड़ में शामिल लोगों ने ट्रक



बीच सड़क पर धूं-धूं कर जल रहा कोयला लदा ट्रेलर.

चालक को पकड़ कर उसके साथ मारपीट की और फिर उसे एक कमरे में बंद कर दिया. सूचना पर नावा बाजार थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराने के बाद सुरक्षित थाना लाया. इधर, सड़क जाम व घटना की सूचना पर पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार व छतरपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और जाम हटाया गया.

**ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू :** दूसरी ओर ट्रेलर पर कोयला लदा होने के कारण आग विध्वंसक रूप धारण कर चुका था. अग्निशमन वाहन की मदद से ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली. नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि ट्रेलर को आग के हवाले करने व सड़क जाम के मामले में नौ नामजद व आठ दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

**खास बातें**

- पुलिस ने उग्र ग्रामीणों की भीड़ से चालक को बचाया
- नौ नामजद समेत 8 दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



दुर्घटनाग्रस्त बाइक

# तीन घरों में पोस्टर चस्पा कर दो-दो लाख की रंगदारी मांगी

संवाददाता। गुमला

थाना क्षेत्र के करमडीपा में एक और बरिसा आनंदपुर में दो घरों में अपराधियों ने कथित किंग कोबरा ग्रुप के नाम पर पोस्टर चस्पा कर दो-दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी है. पोस्टर को किंग कोबरा ग्रुप के कमांडर अफजल के नाम से जारी किया गया है. तीनों घर के गेट पर पोस्टर लगाया था और घर के दूसरे भाग में एक-एक प्लास्टिक का बोरा रख दिया था. पोस्टर में लिखा था कि पैसा बोरा में डाल देना हम आकर ले लेंगे. गृह स्वामियों ने सुबह जब पोस्टर देखा, तो भयभीत हो गए. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने तीनों घरों से पोस्टर जब्त कर लिया है जांच में जुट गयी है.



घर के बाहर चस्पा किया गया पोस्टर.

जानकारी के अनुसार जिन लोगों के घर में अपराधियों ने पोस्टरबाजी किया है, उनमें शिक्षिका, सीआरपीएफ व आर्मी जवान का घर शामिल है. इस पोस्टरबाजी के बाद तीनों घरों के सदस्यों और आसपास के क्षेत्र में दहशत व्याप्त है. इस संबंध में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि करमडीपा क्षेत्र में पोस्टर बाजी की घटना हुई है. सूचना मिलने के बाद पोस्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है. थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टरबाजी का मामला अपराधियों ने नहीं, बल्कि आस-पास के ही कुछ शरारती तत्वों का प्रतीत हो रहा है. पोस्टरबाजी करने वालों को जल्द चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी.

**खास बातें**

- किंग कोबरा ग्रुप के नाम पर पर मांगी गयी है रंगदारी
- पोस्टरबाजी की घटना के बाद से दहशत का माहौल

**फैसला** जेट्रोफा की खेती के नाम पर 58 लाख रुपये के घोटाला मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

# कार्यपालक दंडाधिकारी समेत तीन को तीन-तीन वर्ष की सजा

सुनील कुमार। लातेहार

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जेट्रोफा की खेती के नाम पर सरकारी राशि के गबन मामले में सजा की बिंदु पर सुनवाई करने के बाद फैसला सुना दिया है. इस मामले में तत्कालीन मनिका बीडीओ साधना जयपुरियार समेत तीन लोगों को तीन-तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है. साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है.

जानकारी के अनुसार जिले के मनिका प्रखंड में वर्ष 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर 58 लाख रुपये का घोटाला हुआ था. इस मामले में तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार एवं ग्राम विकास सेवा समिति एनजीओ के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव एवं सचिव सत्येंद्र यादव के खिलाफ तत्कालीन उप विकास आयुक्त सीपी बाखला ने मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार, जेट्रोफा की खेती के नाम पर सरकारी राशि का बंदरबांट करने का आरोप अदालत में साबित हाने के बाद आरोपियों को सजा सुनायी गयी.

मालूम हो वर्तमान में साधना जयपुरियार रांची जिले में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं. उन्होंने अपने को निर्दोष बताते हुए अपीलीय कोर्ट में अपील करने हेतु अर्जी पेश किया. इसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें 30 दिनों की औपबंधिक जमानत प्रदान कर दी है.



तत्कालीन मनिका बीडीओ साधना जयपुरियार

- दोषियों को 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया
- वर्ष 2010 में लातेहार के मनिका प्रखंड में हुआ था घोटाला

**क्या है मामला :** वर्ष 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर मनिका प्रखंड के दुंदु एवं माइल ग्राम में करीब 500 एकड़ जमीन पर खेती करने का जवाबदेही चंदवा प्रखंड की स्वयंसेवी संस्था ग्राम विकास सेवा समिति को दिया था. समिति के द्वारा आवंटित क्षेत्रफल में खेती न कर सिर्फ खानापूर्ति की गई थी. इसी मामले में तत्कालीन दो बीडीओ साधना जयपुरियार व अनिल कुमार के अलावा दो एनजीओ ग्राम विकास सेवा समिति चंदवा और झारखंड विकास मोर्चा, धनबाद के खिलाफ मनिका थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. दोनों मामलों का विचारण अदालत में चल रहा है. वर्तमान में एक मामले की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने अपना फैसला सुनाया है.

**क्या है जेट्रोफा :** जेट्रोफा का इस्तेमाल ईंधन के विकल्प के रूप में किया जाता है. इसके बीज से तेल निकाला जाता है. इस तेल को परिष्कृत कर बायोडीजल तैयार किया जाता है. छत्तीसगढ़ में इससे रेल इंजन भी चलाया जा रहा है. इसी से प्रेरित होकर जिला प्रशासन द्वारा यहां भी जेट्रोफा की खेती करने का निर्णय लिया गया था और मनिका प्रखंड समेत कई प्रखंडों में इस खेती की शुरुआत की गई थी. हालांकि जिले में कहीं भी जेट्रोफा की खेती सफल नहीं हुई.

# चाईबासा: दो नशा कारोबारियों को 10-10 साल कठोर कारावास

संवाददाता। चाईबासा/रांची

चाईबासा कोर्ट ने अवैध मादक-पदार्थ की खरीद बिक्री के मामले में दो नशा कारोबारियों को 10-10 साल कठोर कारवास की सजा सुनाई है. दोनों को एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के कैरा गांव निवासी गणेश चंद्र साहु और कराईकेला थाना क्षेत्र के रांगरिंग गांव निवासी मानस प्रधान एनडीपीएस एक्ट का अभियुक्त है. दोनों को डोडा एवं पोस्तो की खरीद-बिक्री करने एवं वैध कागजात के बिना परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. इस मामले में पुलिस ने बंदगांव थाना में कांड संख्या 11/2022 दर्ज किया था.

**पिकअप वैन से बरामद हुआ था डोडा :** 30 मार्च 2022 को वाहन चेकिंग के दौरान चक्रधरपुर से आ रही एक पिकअप वैन को रोक कर पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली थी. इस दौरान वैन से डोडा और पोस्ता बरामद किया. चाईबासा पुलिस ने दोनों नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया, जिसके आधार पर कोर्ट ने दोनों को सजा सुनाई.

**कोर्ट ने एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**



सजायाफ्ता नशा कारोबारी

### भवनाथपुर में आधा दर्जन कूप निर्माण में मनरेगा नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

# काम हुआ नहीं, फर्जी मस्टर रोल बनाकर निकाली गयी धनराशि

- वनसानी पंचायत में आधा दर्जन कूप निर्माणाधीन

**संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है. मामला वनसानी पंचायत में आधा दर्जन निर्माणाधीन कूप निर्माण में सामने आया है. जहां बगैर कूप में काम लगाये बगैर ही फर्जी मस्टर रोल के जरिये राशि की फर्जी निकासी कर ली गयी है. वहीं काम कराने के बाद भी कमीशन को लेकर जेई द्वारा एमबी बुक नहीं किये जाने तथा काम कराने के बाद अधिक राशि की भुगतान कर दिया गया.


खुदाई

#### लाभुकों ने सुनाया दुखड़ा

मैं पांच प्रतिशत ब्याज दर पर कर्जा लेकर कुआं खुदाई कर रहा हूं. वहीं अशोक राम के खेत में बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण योजना के लाभुक अशोक राम ने बताया कि मैं कुआं को 27 फिट तक खुदाई कर लिया हूं. जेई द्वारा एमबी करने के एवज में 5 प्रतिशत का मांग किया जा रहा है. नहीं देने पर एमबी बुक नहीं किया जा रहा है. इस संबंध में पूछे जाने पर जेई प्रविंद्र कुमार ने बताया कि अशोक राम और राम अवध राम का बिल हम काम के अनुसार कर दिए हैं पैसा मांगने का आरोप गलत है.

#### कम काम के बाद भी हुआ अधिक भुगतान

जहां एक बिना काम के ही पैसे की निकासी हो रही है और कम काम के बावजूद ज्यादा भुक्तान हो रहा है तो वहीं दूसरे ओर काम करने के बावजूद पैसे की भुगतान नहीं किया जा रहा है. लाभुक राम अवध राम ने बताया कि हमने अपने योजना राम अवध राम के खेत में बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण योजना में कूप को 25 फिट खुदाई कर लिए है, बावजूद जेई प्रविंद्र कुमार के द्वारा सिर्फ 34 हजार का ही बिल किया गया है. रोजगार सेवक तहमीद अंसारी द्वारा डिमांड नहीं लगाने दिया जाता है. जब भी डिमांड लगाने के लिए बोलते हैं तो रोजगार सेवक द्वारा बोला जाता है कि बाहर से जांच आया है तो कभी अलग अलग बहाना बनाते हुए डिमांड लगाने से रोक दिया जाता है.

#### पंचायत सचिव ने आरोपों को नकारा

पंचायत सचिव अजित सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा कूप की स्वीकृति कराने के एवज में पैसा नहीं लिया गया, यह सब रोजगार सेवक और बीपीओ के मार्फ़त स्वीकृत कराया गया है. उन्होंने स्वीकारा की कूप स्वीकृति कराने में ब्लॉक में खर्च हुआ ही है. रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने कहा कि लाभुक द्वारा लगाया जा रहा आरोप गलत है. हमने जितना का एमबी हुआ उसके अनुसार भुगतान किया है.

#### क्या है मामला

वनसानी पंचायत के केतवारू राम के खेत में स्वीकृत बिरसा संवर्धन कूप निर्माण में बगैर निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही 14688 रुपये और दीनानाथ पाठक के खेत में स्वीकृत कूप निर्माण के नामपर 9792 रुपये की फर्जी मस्टर रोल के जरिये सरकारी राशि की निकासी कर ली गई. संजय विश्वकर्मा के कूप निर्माण में महज 8-10 फीट खुदाई किये किये पर 75 हजार 786 रुपये, संतोष राम के कूप निर्माण में 48 हजार 756 रुपये की निकासी कर ली गई. राम अवध राम के 25 फीट तथा अशोक राम 25 फीट कूप खोदाई किये जाने के बाद भी बतौर पांच प्रतिशत कमीशन की मांग रोजगार सेवक और जेई द्वारा करके ब्लॉक का चक्कर कटवाया जा रहा है.

## न्यूज अपडेट

### आईटीडीए निदेशक ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नेगाई में बन रहे एकलव्य विद्यालय का आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बने रोड, हॉस्टल, क्लास रूम और बिजली व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद श्री गागराई ने बताया कि इस विद्यालय को चालू कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा रिपोर्ट मांगा गया है. जिसके बाद आज विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया. अब इस संबंध में रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को भेजा जायेगा.


निरीक्षण करते आईटीडीए के अधिकारी.

### अश्विनी कुजूर को लोहरदगा टीम ने दी सहयोग राशि

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा के लोहरदगा की टीम ने गुरुवार को गंभीर रोग से पीड़ित केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर को आर्थिक सहायता प्रदान की. लोहादगा जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो व सचिव विशेषण भगत, इसरार अहमद की एक विशेष टीम ने झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला कमेटी की ओर से इलाज के लिए सहयोग राशि प्रदान की. उल्लेखनीय है कि श्री कुजूर पिछले कई माह से नेफ्रो की समस्या से जूझ रहे हैं.


अश्विनी कुजूर व कमेटी के लोग.

### कुलसचिव पर कार्रवाई की मांग, वीसी को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड छात्र मोर्चा ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को प्रभारी कुलपति बालकिशन मुंडा को ज्ञापन सौंपा. मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि एनपीयू के कुलसचिव की कार्यशैली हिटलर जैसी है और वह तानाशाह के प्रतीक बन गए हैं.


वीसी ज्ञापन सौंपते छात्र मोर्चा के सदस्य

### सरयू के चिपरू गांव में 10 माह से नहीं है बिजली

**लातेहार।** जिला मुख्यालय से सटे सरयु प्रखंड के घांसी टोला पंचायत के चिपरु ग्राम में पिछले 10 महीना से बिजली नहीं है. गांव के कलदेव सिंह, भुनेश्वर सिंह नागेंद्र सिंह और जसवंत सिंह समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर पिछले 10 महीने से खराब है. ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए विद्युत कार्यालय में कई बार आवेदन देकर गुहार लगाया गया लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई.


शिकायत करते लोग.

### आश्रय विहीन लोगों का किया जा रहा है रेस्क्यू

**लातेहार।** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है. पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत लातेहार के द्वारा शहरी क्षेत्र के आश्रय विहीन लोगों को लू से बचाव के लिए नगर पंचायत के आश्रयगृह में शिफ्ट किया जा रहा है. नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने बताया कि 30 मई को शहर के कई स्थलों का निरीक्षण किया गया और मेन रोड से एक व्यक्ति का रेस्क्यू कर आश्रय गृह में शिफ्ट किया गया. उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए होमलेस व्यक्तियों को आश्रय ग्रह में शिफ्ट करने का अभियान आगे भी चलता रहेगा. किसी प्रकार के अर्बन होमलेस व्यक्तियों की जानकारी मिलने पर उन्होंने राजू प्रसाद कर संग्रहणकर्ता (9113414057), आनंद किशोर दांगी, नगर मिशन प्रबंधक मोबाइल नंबर (7909096778) नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा (8757678835) पर संपर्क किया जा सकता है.

### यातायात नियमों का पालन आवश्यक: डीटीओ

**लातेहार।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में बेहतहाशा वृद्धि हुई है. इसे रोकने के लिए जिला प्रशासन गंभीर है. गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब है. इसे रोकना बहुत ही जरूरी है. इसे सामूहिक प्रयास से ही रोका जा सकता है. उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर हर कई प्रयास किये जा रहे हैं. लेकिन जब तक वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे,


जानकारी देते डीटीओ.

### प्रमंडल क्षेत्र में चलाया गया जागरुकता अभियान

**सेन्हा-लोहरदगा।** वन सुरक्षा जागरुकता के तहत आरा तथा रानीगंज जंगल में वन प्रमंडल लोहरदगा के तत्वावधान वृक्षों में रक्षासूत्र बांध ग्रामीणों को जागरुक किया गया. उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत स्थित आरा तथा रानीगंज जंगल में वन कर्मियों ने रक्षासूत्र तथा जंगल बचाव कार्यक्रम चलाया गया. कार्यक्रम आरम्भ होने के पूर्व आदिवासी रीतिरिवाज के अनुसार पाहन पुजार के द्वारा विधिवत धरती पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की.


जन जागरुकता अभियान में शामिल लोग

### गांव पहुंचा अंशी अगेरिया का शव, किया गया अंतिम संस्कार

**लातेहार।** जिला प्रशासन के प्रयास से आदिम जनजाति समुदाय के युवक अंशी अगेरिया का शव नौ दिनों के बाद उसके घर पहुंचा. शव पहुंचने के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया. बता दें कि सदर थाना क्षेत्र के पांडेयपूरा पंचायत के सालोडीह गांव के आदिम जनजाति समुदाय के युवक अंशी अगेरिया का की मौत गत 22 मई को कनार्टक के मंगलुरू में हो गयी थी. पैसे के अभाव में परिजन उसके शव को अपने गांव नहीं ला पा रहे थे. उन्होंने प्रशासन से उसका शव लाने की व्यवस्था करने की गुहार लगायी थी. सभी शुभम संदेश ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था.आदिवासी कल्याण आयुक्त ने इसे गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन को शव लाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया.

## ब्रीफ खबरें

### सेमेस्टर वन के माइनर पेपर की परीक्षा चार को

**मेदिनीनगर।** पांकी के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय के सत्र 2023-27 सेमेस्टर-1 के माइनर पेपर का आंतरिक परीक्षा 04 जून को कॉलेज परिसर में दिन के 11 बजे से होगी. इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज के सत्र 2023-27 सेमेस्टर-1 के जो भी परीक्षार्थी पिछली बार परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे वे 4 जून को परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. उन्होंने बताया कि विद्यार्थी विशेष जानकारी के लिए परीक्षा विभाग एवं विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर सकते हैं.

### 24 मवेशियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रमना।** रमना पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 24 मवेशियों को कबिसा गांव से जब्त किया है. साथ ही दो पशु तस्कर श्री बंशीधर नगर के कधवन गांव निवासी अली हुसैन अंसारी एवं नरेश भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है. इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि रेलवे लाईन मार्ग से गढ़वा की तरफ पशु तस्करों द्वारा मवेशी ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी. जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कविसा गांव के रेलवे लाईन से पशु तस्करों को दबोचते हुए 24 पशुओं को जप्त किया गया. गिरफ्तार पशु तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### आज डूमरहाथा में स्मारक स्थापना और भंडारा होगा

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के डूमरहाथा में प्रगतिशील किसान प्रियरंजन सिंह उर्फ टुनु सिंह की स्व. माता बेलवंति कुंवर एवं पिता स्व शारदा सिंह के पुण्यतिथि पर स्मारक की स्थापना 31 मई दिन शुक्रवार को होगी.इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस आशय की जानकारी प्रियरंजन सिंह ने दी है. उल्लेखनीय है कि श्री सिंह पिपरमेंट, शुगर फ्री काला चावल, शुगर फ्री गेहूं, शुगर फ्री आलू आदि कई पौष्टिक एवं फायदेमंद आधुनिक कृषि उत्पादों के लिए जाने जाते हैं.

### कुत्ते के हमले से वृद्ध और बच्चा घायल

**सेन्हा (लोहरदगा)।** मुर्की पंचायत में आवारा कुत्ता के हमले से वृद्ध और बच्चा घायल हो गया. घायलों को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया. घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी ग्राम निवासी अर्जुन भगत के 4 वर्षीय पुत्र अभि भगत घर के बाहर खेल रहा था . गांव के ही वृद्ध महिला स्व शिव नरायन भगत की पत्नी सुनीता भगत बैठी थी. अचानक आवारा कुत्ते ने दोनों पर हमला कर जख्मी कर दिया. बच्चे के पिता अर्जुन भगत ने कहा कि कुत्ता ने घर के बाहर बैठे बच्चे पर अचानक हमला बोल दिया.

### चमगादड़ों की मौत के बाद जिला प्रशासन आया हरकत में

# गांव के सभी ग्रामीणों का मेडिकल टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

- वन विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया
- चमगादड़ों के शव को सील बंद करके पुणे भेजा गया
- कई विभाग के अधिकारी और कर्मी पहुंचे

**संवाददाता। कांडी (गढ़वा)**

गर्मी, धूप तथा कड़ाके की लू के कारण सुंडीपुर में काफी संख्या में मृत चमगादड़ों की जानकारी मिलने पर गुरुवार को सरकारी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा.

जानकारी देते हुए गाड़ा खुर्द पंचायत की मुखिया आरती सिंह के प्रतिनिधि सह क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने बताया कि सबसे पहले भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंज ऑफिसर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अनिल गिरी फॉरेस्टर एवं वन कर्मियों की टीम सुंडीपुर पहुंची. उन्होंने उन सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया जहां पर चमगादड़ों की काफी संख्या में मौत हुई थी.

**चमगादड़ों का शव एकत्र कर दफनाया गया :** वन विभाग के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश पर काफी संख्या में चमगादड़ों का शव इकट्ठा कर उसे गड्ढा खोद कर दफनाया गया. कुछ देर के बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम भी सुंडीपुर पहुंची. उन्होंने भी सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया. पशुपालन विभाग की टीम ने चमगादड़ों के शव को सील बंद करके पुणे प्रयोगशाला में भेजने के लिए सुरक्षित रखा. जहां जांच के बाद मृत्यु के कारणों पर पता लगाया जा सके. इसके बाद कांडी बीडीओ सह सीओ मो. आफताब आलम भी सुंडीपुर पहुंचे.


सुंडीपुर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करते करते मेडिकल टीम.

#### 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया

जिन्होंने मृत चमगादड़ों का मांस बनाकर खाया था. हालांकि कार्रवाई के डर से लोगों ने चमगादड़ खाना कबूल नहीं किया. काफी कोशिश के बाद करीब 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया. जिनकी जांच की गई. जांच के लिए सैंपल भी लिया गया. जांच के बाद डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने सभी लोगों को सुरक्षित बताया. बीडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने मृत पक्षियों के शव को छूने से लोगों को सख्ती से मना किया. साथ ही कड़ाके की धूप एवं लू से बचने की सलाह दी. मौके पर पशु चिकित्सक डॉ अमित कुमार अमित, आइडीएसपी संतोष मिश्रा, मलेरिया विभाग अरविंद द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग से आलोक सिंह, संजय ठाकुर, सुचित सिंह, पूनम कुमारी, आशा देवी आदि उपस्थित थे.

#### बीडीओ ने पेड़ सहित कई स्थलों का देखा

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चौधरी टोला के नजदीक सुंडीपुर बगीचा में पीपल पेड़, सुंडीपुर देवी धाम के पूर्व बरगद का पेड़ एवं गोरेया बाबा के पास पीपल के पेड़ के निकट इस हादसे को लेकर मौका मुआयना किया. इन्हीं पेड़ों पर झुलसकर सैकड़ो से अधिक की संख्या में बुधवार को चमगादड़ों की मौत हुई थी. इसके बाद मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में मेडिकल स्टाफ ने कैंप लगाकर वैसे लोगों की जांच किया.

### गर्मी में भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है बिजली और पानी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने इस भीषण गर्मी में भी शहर वासियों को बिजली विभाग पेयजल उपलब्ध नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है. श्री तिवारी ने प्रेस वार्ता में कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन आज भी श्रीराम पथ परशुराम नगर, बारालोटा, आबादगंज, बेलवाटीका, हनुमान नगर, सुदना जैसे शहरी इलाकों समेत निगम के नए क्षेत्र में शामिल रेड़मा व बारालोटा में आम जनता को पीने का पानी उपलब्ध नहीं कर पा रहा है. वहीं, बिजली के आंख मिचौली के कारण आम जनता त्रस्त है. बिजली विभाग के पदाधिकारी बकाया होने पर तुरंत फाइन करते हैं और उनके ऊपर मुकदमा करने से भी बाज नहीं आते लेकिन आज इस भीषण गर्मी में भी लोगों को 4 घंटा नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है.

### सतौवा में बन रहे पुल निर्माण में भारी अनियमितता: संग्राम

**मेदिनीनगर।** पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सतौवा में बना रहे उच्च स्तरीय पुल निर्माण में अनियमितता के जांच की मांग की है. श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मिली शिकायत के बाद जब जांच करने पहुंचे तो पता चला कि पुल के एक स्लैब की 20 मई को ढलाई हुई है, जबकि ढलाई के समय कोई विभागीय अभियंता भी मौजूद नही थे. वहीं संवेदक द्वारा 24 मई को स्लैब का साइड का सेंट्रिंग खोल दिया गया. पूछे जाने पर वहां साईट इंचार्ज भी नही मिला. श्री सिंह ने कहा कि इतने बड़े पुल का निर्माण बिना विभागीय अभियंता की देखरेख के कराया जा रहा है.

## पीडीजे ने किया लोहरदगा मंडलकारा का निरीक्षण


मंडल कारा का निरीक्षण करते पीडीजे.

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने गुरुवार को मंडल कारा, लोहरदगा का निरीक्षण किया. उनके साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा एवं डालसा सचिव राजेश कुमार भी शामिल थे. पीडीजे ने मंडल कारा में बंदियों से बातचीत कर उनके समस्याओं को सुनी. उन्होंने कई वार्डों का निरीक्षण भी किया. जेलर सुबोध कुमार ने बताया कि मंडल कारा में कुल 260 कैदी बंद हैं. जिसमें 246 पुरुष कैदी, एवं 14 महिला कैदी हैं. 32 सजायाफ्ता कैदी भी हैं, जिनका 4 जून के बाद होटवार जेल में स्थानांतरण किया जाना है. मंडल कारा में 228 विचाराधीन कैदी हैं. पीडीजे ने बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए पीने का पानी एवं पंखों के समुचित व्यवस्था पर जोर दिया. पीडीजे ने शौचालय, स्नानागार, डिस्पेंसरी आदि जगहों पर स्वच्छता एवं सफाई को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया. डालसा सचिव ने यह जानकारी दी की एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा बीच-बीच में मंडल कारा आते रहते हैं और कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुलझाते रहते हैं.

### दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर किशोरी को किया गायब

**गुमला ।** दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाप पर थाना क्षेत्र की एक किशोरी को गायब करने का मामला प्रकाश में आया है. गायब किशोरी के पिता ने गुमला थाना में लिखित शिकायत की है. जिसमें कहा है कि उसकी बेटी के साथ गांव की ही रोशनी कुमारी ने संपर्क की थी और दिल्ली में काम लगाने की बात कह कर एक युवक का नंबर दिया था. उसकी नाबालिग बेटी 16 मई 24 दिन रविवार की सुबह घर से निकली और अब तक नहीं लौटी. खोजबीन जारी था. इसी बीत बीते बुधवार को पूर्वाह्न दस बजे मेरे मोबाइल पर फोन आया और उसकी बेटी रो रो कर कह रही थी कि उसे चेटर के एक कमरे में बंद कर रखा गया है. मुझे बचा लिजिए. जिस युवक का मोबाइल से फोन आया था उसका इंस्टाग्राम से तस्वीर निकाल कर आवेदन के साथ थाना में जमा किया गया है. रोशनी ने स्वीकार किया कि किशोरी को एक युवक से संपर्क कराई थी लेकिन उसका नंबर उसके पास नहीं है. गायब किशोरी के पिता ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी से आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है.

## सभी सड़कों की गुणवत्ता की जांच करें अभियंता : कमलेश

**संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू )**

कुछ सड़कों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने कहा कि काफी मेहनत के बाद सड़कों को स्वीकृति मिलती है. निविदा डालने का सभी को अधिकार है. काम किसे मिला उससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है. मगर काम जिस ठेकेदार को मिला है, उन्हें हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में लीपा पोती नहीं करने देंगे. उन्होंने कहा कि बल्डीहरी गाजीबिहरा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने पहले भी विभागीय अभियंताओं को चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में बन रही सभी सड़कों की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों को भी ध्यान देने की जरूरत है. श्री सिंह ने कहा कि उनके इलाके में जितनी भी सड़के बन रही हैं, उस सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को विभाग बिना गहन जांच भुगतान नहीं करें. उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता कर भुगतान करने वाले अभियंताओं के खिलाफ भी वह संबंधित विभागों के सचिवों को पत्र लिख कर सड़कों की गुणवत्ता की जांच करा कर दोषी अभियंता व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे. साथ ही आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के माध्यम रखेंगे. उन्होंने कहा कि कार्यादेश के बाद भी जो ठेकेदार काम शुरू नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्रवाई करें या खुद कार्रवाई के लिए तैयार रहें. उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति होंगे विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.


विधायक कमलेश सिंह.

**परेशानी** नहीं मिल रहे घड़े-सुराही के खरीदार , भंडरा के कुम्हार मायूस

# लोहरदगा में पारा 42 डिग्री के पार, आम जनजीवन परेशान

**शकील अहमद। भंडरा/लोहरदगा**

नौतपा चल रहा है और गर्मी के तेवर बहुत तीखे हैं पर 'देसी फ्रिज' यानी मटकों के खरीदार नहीं मिलने से भंडरा प्रखंड क्षेत्र के कुम्हार परेशान हैं . गर्मी के सीजन में सभी शीतल जल की चाह रखते हैं . इस बीच हमारे जेहन में एक नाम आता है और वो है गरीबों का फ्रिज कहे जाने वाला मटका. निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह नियमित फ्रिज की तरह माना जाता है लेकिन इस बार इनकी बिक्री काफी कम है.

**आधुनिकता का असर कहें या बदलते जमाने की मांग:** कभी लोगों की पहली पसंद रहने वाले मिट्टी के मटके आज उपेक्षा का शिकार हैं. मटके बनाने वाले कुम्हार समाज के कारीगर प्रचंड गर्मी का सीजन होने के बावजूद खाली हाथ बैठे हैं. ग्रामीण इलाकों में तो हर परिवार के घर मिट्टी के मटके हर समय ठंडे जल से भरे रहते थे.बदले परिवेश में अब इन मटकों की जगह बिजली से चलने वाले उपकरणों ने ले ली. कुम्हार कलाकार ने बताया कि कभी उन लोगों के पास सीजन चालू होने से पहले बड़े आर्डर होते थे. बदल चुके परिवेश में कैंपरों, पानी की बोतलों व फ्रिजों के चलते अब मटकों की मांग नहीं रही है. जो परिवार अपने पूरे साल की कमाई गर्मी के सीजन में ही कमा लेते थे अब पूरी तरह से बेरोजगार हो कर रह गए.


ग्राहकों के इंतजार में भंडरा का कुम्हार.

**बहुत कम लोग कर रहे मिट्टी के बर्तनों का काम :** बाजार में मांग कम होने और आमदनी भी मनमाफिक नहीं होने से अब नयी पीढ़ी इसे पेशे में जाना नहीं चाह रही है. . मिट्टी के मटके बनाने वाले ने बताया कि एक ओर तो अब मटकों की मांग नहीं है और दूसरी ओर मटके बनाने के लिए मिट्टी भी काफी महंगी मिलती है. भरी दोपहर में अपने मटके की बिक्री की आस में बैठी बुजुर्ग ने बताया कि मटके बनाने के लिए जो मिट्टी मंगवाई जाती है. वह भी अब महंगी हो गयी है. इसे बनाने और फिर पकाने में ईंधन भी खर्च होता है. जिससे लागत अधिक हो जा रही है. वहीं इसकी कीमत भी लोग देना नहीं चाहते है.

मजबूरीवश वे लोग अब मटका बनाने से परहेज करने लगे हैं बुजुर्ग दंपति ने बताया कि वे लोग मटका कैंपर व साधारण मटके मंगवाते हैं. मटका कैंपर में पानी लेने के लिए टोंटी लगी होती है. मटका कैंपर 250 रुपये से लेकर 400 रुपए कीमत तक के उपलब्ध हैं उन्होंने बताया कि चाहे साधारण मटका हो या कैंपर उन्हें बेचने पर 15 से 20 रुपए की बचते हैं.

# जर्जर है धर्मपुर मोड़ तक जाने वाली सड़क

**आशीष टैगोर। लातेहार**

जिला मुख्यालय का समाहरणालय एक ऐसा परिसर होता है जहां उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक समेत तमाम कई आला अधिकारियों का कार्यालय होता है. इसके अलावा अन्य कई ऐसे भी कार्यालय भी होते हैं जिनका सरोकार आम लोगों से है. जिले के लोग समाहरणालय में अपनी समस्याओं को ले कर पहुंचते हैं. इसी समाहरणालय से धर्मपुर मोड़ तक जाने वाली सड़क की हालत खस्ता है. यह सड़क समाहरणालय के पीछे से धर्मपुर मोड़ के पास निकलती है. इस सड़क में बेशुमार गड्ढे हो गये हैं. पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे हैं या फिर गड्ढों में सड़क है. बरसात के दिनों में तो परेशानी और अधिक बढ़ जाती है. समाहरणालय के पीछे की सड़क की यह हालत है तो सुदूर्वर्ती गांवों की सड़कों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है.


जर्जर सड़क, जिससे बना रहता है हादसे का डर.

**समाहरणालय जाने का शार्टकट सड़क :** बता दें कि यह सड़क समाहरणालय के अलावा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, आदिवासी बासाओड़ा व पेंशनर भवन तक जाने का एक शॉर्टकट है. समाहरणालय जाने का मुख्य पथ शहर के मेन रोड पानी टंकी के पास से है. लेकिन मेन रोड में डाकघर के पास अक्सर जाम लगने की वजह से लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं. खासकर रेलवे स्टेशन, बाइपास चौक व बाइपास रोड से आने वाले वाहन चालक इसी पथ से समाहरणालय तक जाना अधिक पंसद करते हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

## भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री का किया गया स्वागत

**गढ़वा।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन का गुरुवार को गढ़वा आगमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया. शहर के होटल विनस में ठहरे मंत्री का नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय की ओर से भगवान बिरसा मुंडा का मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. बता दें कि राष्ट्रीय मंत्री मेनन भाजपा नेता राजीव राज तिवारी के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आये थे. मौके पर भाजपा नेता प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र राम, विशाल गुप्ता, छोटन सोनी आदि थे.

## गढ़वा मंडल कारा में कैदी की इलाज के दौरान मौत

**गढ़वा।** गढ़वा मंडल कारा में विचाराधीन कैदी अखिलेश राम की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. कैदी टीबी की बीमारी से ग्रसित था. अखिलेश को छह माह पूर्व साइबर एक्ट के मामले में दिसंबर पुलिस ने गिरफ्तार किया था. जिले के श्री बंशीधर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चेचरिया गांव निवासी 34 वर्षीय अखिलेश कुमार पिछले कई माह से जेल में बंद था. मृतक का वक्त जेल से ज़्यादा सदर अस्पताल में ही गुजरा क्योंकि उसे टीबी का मरीज बताया जा रहा है. उसकी मौत का कारण भी टीबी ही बताया जा रहा है.

## जनता को दिग्भ्रमित न करें पूर्व मेयर: सूर्यांश

**मेदिनीनगर ।** मेदिनीनगर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष सह मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह के पुत्र एवं डालटनगंज विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व मेयर को यह बताना चाहिए कि उन्होंने 5 वर्ष के अपने कार्यकाल में पानी की समस्या के निदान के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि इन्हें सिर्फ दूसरों के कार्य का श्रेय लेना आता है. केंद्रीय राशि से होने वाले कार्यों का भी श्रेय इन्हें ही चाहिए. सूर्यांश प्रताप सिंह ने कहा की आज जो भी नये क्षेत्र निगम में जुड़े हैं, लोग पहले काफ़ी उत्साहित थे कि अब पंचायत से निगम में जुड़ने के बाद उनके क्षेत्र का चौगुना विकास होगा. लेकिन विकास तो नहीं हुआ.

## तालाब अतिक्रमण पर शीघ्र रोक लगाए सीओ : शैलू

**मेदिनीनगर।** चैनपुर पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू ने चैनपुर सीओ से टेंपो स्टैंड स्थित तालाब का धडल्ले से हो रहे अतिक्रमण को रोकने की मांग की हैं. उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी आहार का पाइन बंद कर दिया गया है. यह तालाब चैनपुर की जीवन रेखा है. यहां निवास करने वाले लोगों को यही तालाब पानी की सुविधा उपलब्ध कराता है. यदि समय रहते इस तालाब के अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो चैनपुर के निवासियों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

## किसान के घर से हुई गाय की चोरी

**विश्रामपुर/पलामू।** थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता बढ़ गई है. मंगलवार की देर रात ब्रहमोरिया गांव निवासी नीरज कुमार दुबे के घर से एक गाय की चोरी हो गई. किसान दिन भर आसपास भ्रमण कर गाय की खोज करता रहा. लेकिन गाय का कोई पता नहीं चला. पशुपालक ने बताया कि मंगलवार की रात घर के बाहर हर दिन की तरह तीन गाय बंधे हुए थे. 12 बजे तक सब कुछ सामान्य था. सुबह उठने पर घर का मुख्य दरवाजा बंद पाया. किसी अनहोनी की संभावना व्यक्त करते हुए पिछले के दरवाजे से निकल कर देखा तो घर के बाहर बंधे गाय गायब थी.

### मेघाहातुबुरु खदान में लौह अयस्क का भंडार खत्म होने की वजह से लिया जा सकता है निर्णय

# सेलकर्मियों की रविवार को ड्यूटी हो सकती है बंद

संवाददाता । किरीबुरु

सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन सेलकर्मियों को अब तक दी जाती रही रविवार की ड्यूटी जून माह से बंद करने की तैयारी में है. अगर सेलकर्मियों को रविवार ड्यूटी बंद हो जाता है तो प्रत्येक सेलकर्मियों को न्यूनतम 8 हजार से अधिकतम 20 - 25 हजार रुपये का प्रतिमाह नुकसान उठाना पडेग़ा. इससे सेलकर्मियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पडेग़ा.

उल्लेखनीय है कि सेल की मेघाहातुबुरु खदान में लौह अयस्क लगभग खत्म हो चुका है. मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन को खनन के लिए साउथ ब्लॉक पहाड़ी को चालू करने हेतु फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं मिल रहा है. इससे स्थिति गंभीर बनी हुई है. मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपना वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 4 मिलियन टन से घटाकर 2.5 (ढाई) मिलियन टन कर दिया है.

**वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया :** सेल मेघाहातुबुरु प्रबंधन पहले से मैनपावर की भारी कमी जैसी समस्या के बावजूद रविवार को छुट्टी के दिन भी सेलकर्मियों एवं ठेका मजदूरों को काम पर लगाकर अपना उत्पादन लक्ष्य हासिल करता आ रहा था. जब खदान में लौह अयस्क का भंडार खत्म हो चुका है तथा वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया है, तब पहले से ऐसी आशंका थी कि रविवार को ड्यूटी बंद होगी. यहां सेलकर्मियों को महीना में चार रविवार को ड्यूटी करने के एवज में उनके वेतन के अनुसार 8 हजार से 20-25 हजार रुपये का सीधा नुकसान होगा.



मेघाहातुबुरु खदान का प्रवेश गेट.

**खास बातें**

- कर्मचारियों को प्रतिमाह आठ से 25 हजार रुपये का होगा नुकसान
- उत्पादन लक्ष्य को घटाकर 2.5 मिलियन टन तय कर दिया है

**रविवार की ड्यूटी अतिरिक्त लाभ देता है**

सेलकर्मी रविवार की ड्यूटी छोड़ते नहीं हैं, क्योंकि यह अतिरिक्त लाभ देता है. कई सेलकर्मी आवास, कार, बच्चों की पढ़ाई हेतु विभिन्न लोन लिये हैं. इससे उनको परेशानी होगी. साउथ ब्लॉक की पहाड़ी पर खनन हेतु जल्द फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं मिलता है तो मेघाहातुबुरु के सेलकर्मियों व अधिकारियों की परेशानी और अधिक बढ़ सकती है. इसका व्यापक असर पूरे सारंडा के ग्रामीणों, दुकानदारों, ठेकेदार व ठेका मजदूरों पर पड़ेगा.

### चक्रधरपुर में कई घरों के बोरिंग फेल, पानी के लिए लोग परेशान

# तपिश भरी भीषण गर्मी में शहरी क्षेत्र के वार्डों में गहराया जल संकट

संवाददाता। चक्रधरपुर

तपिश भरी गर्मी से हर कोई एक ओर जहां परेशान हैं.वहीं चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के कई वार्डों में जल संकट उत्पन्न हो गया. गर्मी के बीच चापाकलों से पानी निकलना बंद हो गया है.वहीं कई घरों के बोरिंग का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं. खासकर चक्रधरपुर शहर के पुरानी रांची रोड, तम्बाकू पट्टी रोड, रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के भगत सिंह चौक के समीप,वार्ड संख्या आठ के टोकलो रोड, पुरानी रांची रोड समेत अन्य स्थानों पर लोग पानी की किल्लत से जुझ रहे हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद् की ओर सुबह के समय होने वाला पानी सप्लाई भी सही तरीके से नहीं किया जाता है.पानी की समस्या होने के कारण पीने के पानी के लिए दिक्कतें तो हो रही है, साथ ही घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है.

**टैंकर से की जा रही पानी की सप्लाई :** शहरी क्षेत्र में जल संकट उत्पन्न होने के संबंध में चक्रधरपुर नगर परिषद् के सिटी मैनेजर अभिषेक राहुल ने कहा कि शहरी क्षेत्र के जिन मोहल्लों में पानी की समस्या हो रही है,उस क्षेत्र में नगर परिषद् द्वारा पानी टैंकर भेजकर समस्या दूर करने का प्रयास किया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण बोरिंग से भी पानी सप्लाई में दिक्कतें हो रही है. हालांकि सुबह व शाम के वक्त नगर परिषद् के पांच टैंकर विभिन्न मोहल्लों में भेजा रहा है, ताकि लोगों को पानी की समस्या न हो. साथ ही जहां भी चापाकल खराब होने की सूचना मिल रही है, उसे तत्काल ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है.




चक्रधरपुर के तम्बाकू पट्टी रोड में पानी की समस्या उत्पन्न होने पर नगर परिषद् के टैंकर से किया जा रहा पानी सप्लाई.

**भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त**

## जिला प्रशासन और जनता अलर्ट रहे : रामहरि गोप



**चाईबासा।** भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. इसका परिणाम है कि लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं. घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर ढक कर चल रहे हैं. जिससे धूप से शरीर की सुरक्षा होती रहे. तेज धूप व गर्मी बढ़ गई है. लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं. उक्त बातें आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धीमान रामहरि गोप ने कहीं. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से निपटने के लिए जिला प्रशासन को विशेष तौर पर अलर्ट हो जाना चाहिए. ग्रामीण और शहरी इलाकों में पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है. इस पर विशेष फोकस के साथ ही लू से निपटने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में उचित चिकित्सा और दवाई उपलब्ध कराई जाए और बिजली कटौती ना हो, इस पर भी विशेष फोकस किया जाए. आए दिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. गर्मी से लोगों की हालत खराब हो रही है. वहीं लू के थपेड़ों ने झुलसा दिया है.

## रात में रक्त संग्रह के लिए जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्तपट्ट संग्रह के सफल संचालन हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को उपायुक्त के निर्देशानुसार हुई. बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन ने की. बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए. कार्यक्रम का संचालन जिला वीबीडी कंसलटेंट एवं जिला परियोजना पदाधिकारी पिरामल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से संचालित किया. इसमें बताया गया कि एक जून से 15 जून तक सभी प्रखंडों में चिन्हित रेंडम साइट एवं सेंटिनल साइट के माध्यम से 300-300 सैंपल 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का संग्रह किया जाएगा.

## शारीरिक शोषण करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**धुरकी।** नाबालिग को बहला फुसलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाकर अपहरण करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है. मामला धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत दूसैया गांव का है. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई है. आरोपी ग्राम गंगटी निवासी शंकर विश्वकर्मा के पुत्र अंशु कुमार व ग्राम बिलासपुर निवासी संतोष साह के पुत्र अंगद गुप्ता को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है.

**पलामू की खबरें**

## मजदूरों की हर संभव मदद की जाएगी : पिकेट प्रभारी

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के पाखर बॉक्साइट माइंस में चलने वाली ट्रक चालक अफसर अंसारी का अचानक पाखर माइंस में ही अचानक तबीयत बिगड़ी. इलाज के अभाव में परेशान रहा. जिसके बाद इरफान अंसारी उर्फ छोटू, नेसार अंसारी, अरमान अंसारी,सहित अन्य लोगों के द्वारा इसकी सूचना पाखर पुलिस पिकेट प्रभारी रंजन सिंह को दिया. पुलिस पिकेट रंजन सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए बीमार अफसर अंसारी को हिंडालको कंपनी के एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा. मौके पर पाखर पुलिस पिकेट प्रभारी रंजन सिंह ने कहा कि पाखर बॉक्साइट माइंस में चलने वाली ट्रक चालक या अन्य मजदूरों को कभी किसी तरह का कोई परेशानी होती है तो वैसे लोगों को हर संभव मदद करने के लिए हम तैयार हैं .

## डीडीसी ने विकास कार्यों की समीक्षा की



प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक करते डीडीसी

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय गढ़वा के सभागार में गुरुवार को डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्र ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की. बैठक में अबुआ आवास एवं मनरेगा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक में अबुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान डीडीसी ने जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, उन सभी को प्लिंथ (फाउंडेशन) स्तर का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को दिया.

## एजेंसी को नहीं मिल रहा है गैस सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान

**भवनाथपुर।** सेल प्रबंधन के सहकारिता साख समिति द्वारा संचालित भारत गैस एजेंसी को गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियां बढ़ गई. गैस सिलेंडर पिछले एक महीने से नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को ब्लैक में सिलेंडर लेना पड़ रहा है. संचालक सहकारिता साख समिति व भारत गैस एजेंसी के बीच समन्वय नहीं होने के कारण उसका खामियाजा उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है. भवनाथपुर में सेल प्रबंधन के मात्र अधिकारी, कर्मचारी मिलाकर 22 बचे हुए हैं. कर्मचारी के सहयोग से सहकारिता साख समिति संचालित होता था. ऐसी परिस्थितियों में साख समिति का संचालन कठिन हो गया है. टाउनशिप स्थित भारत गैस एजेंसी के बंद होने से उपभोक्ताओं के समक्ष सिलेंडर का ट्रांसफर कराना बड़ी समस्या खड़ा हो गया है. अब उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए भवनाथपुर जाना होगा. सूत्रो की माने तो संचालक सहकारिता साख समिति पर भारत गैस एजेंसी ने करीब 400 सिलेंडर गबन का आरोप लगाते हुए गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है. टाउनशिप स्थित भारत गैस एजेंसी से करीब 400 सिलेंडर कहा गायब हो गया इसका लेखा जोखा समिति के पास नहीं है.

## पांच दिवसीय कराटे व बॉक्सिंग प्रशिक्षण का समापन



सम्मानित प्रशिक्षुओं के साथ अतिथि

**गढ़वा।** 26 से 30 मई तक शहर के सहिजना हनुमान नगर छठ घाट स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय कराटे व बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर समाप्त हो गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गढ़वा पुलिस अवर निरीक्षक अनमोल तिवारी ने प्रशिक्षुओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. मौके पर गढ़वा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को बहुत जल्द स्टेडियम उपलब्ध करा दिया जाएगा. किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों को जो भी खेल सामग्री चाहिए, उन्हें बहुत जल्द मुहैया करा दिया जाएगा.

## स्मृति चौक का नामकरण 4 जून के बाद होगा: अरुणा शंकर



श्रध्दांजलि अर्पित करते पूर्व मेयर अरुणा शंकर.

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद स्व लाल बाबू के श्राद्धकर्म में निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर, निगम के सभी कर्मचारी, पूर्व वार्ड पार्षद व शहर के गणमान्य लोगों ने तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रध्दांजलि दी. मौके पर अरूणा शंकर ने कहा कि अचार संहिता समाप्त होने के बाद कान्दु मुहल्ला के काली मंदिर चौक का नामकरण स्व लाल बाबु स्मृति चौक किया जायेगा.श्रद्धांजलि सभा में पूर्व वार्ड पार्षद विवेका नन्द त्रिपाठी, चंचला देवी, अंजना देवी, दिलीप कुमार दिलू, प्रदीप अकेला, टिंकल गुप्ता, डॉ नरेश प्रसाद व निगम के प्रधान सहायक निरज प्रसाद, अशोक सिह, समेत दर्जनों कर्मचारी आदि शामिल हुए.

### माता-पिता के रहते अनाथ जैसा जीवन बिताने को मजबूर बच्चे

# स्थानीय युवकों ने भटकी बच्ची को उसके परिवार से मिलाया

संवाददाता । किरीबुरु

सोशल मीडिया एवं स्थानीय युवकों के सकारात्मक प्रयास से चार वर्षीय बच्ची को सकुशल उसकी मां के पास पहुंचाया गया. यह बच्ची 29 जून की रात में अकेले भटकती मिली थी. वह बता रही थी कि बस से काफी दूर से आये हैं. इसके बाद उसे किरीबुरु थाना पहुंचाया गया. किरीबुरु पुलिस ने बच्ची को एस्पायर संस्था द्वारा संचालित आरबीसी स्कूल में सुरक्षित रखा. गुरुवार की सुबह पता चला कि वह बच्ची सभी से झूठ बोली थी. वह किरीबुरु के ही मेन मार्केट की रहने वाली है.

मां-बाप बच्ची पर ध्यान नहीं देते, इसलिए बच्ची अनाथ की तरह यहां-वहां घूमकर तथा कचरे के ढेर में कुछ चुन या किसी से कुछ पैसा मांग स्वयं का भरण-पोषण करती है.

**लौहांचल में अनेक ऐसे मामले भरे पडे.हैं :** उल्लेखनीय है कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत सारंडा व लौहांचल में अनेक ऐसे मामले भरे पडे.हैं, जिसमें मां-बाप के रहते गरीब बच्चे अनाथ की तरह जीवन बिताने को मजबूर हैं. वे शिक्षा से पूरी तरह वंचित हैं. इसका मुख्य कारण यह है कि कुछ युवक व युवतियां काफी कम उम्र में ही बेरोजगारी के बावजूद शादी तो कर लेते हैं, लेकिन बाद में बच्चा होने के बाद अलग-अलग हो जाते हैं. कुछ मामले में शादी के बाद युवक रोजगार हेतु दूसरे प्रदेशों में चला जाता है. इस दौरान उसकी पत्नी या स्वयं पति किसी अन्य से शादी कर लेता है.



चार साल की मासूम बच्ची .

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सर्वो का समर कैंप संपन्न

# दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा... गाने से बच्चों ने मोह लिया मन

संवाददाता। चक्रधरपुर

चक्रधरपुर के रेलवे ऑफिसर्स क्लब में सर्वो (साउथ ईस्टर्न रेलवे वूमेंस वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन) के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन गुरुवार की शाम को हुआ. समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर उपस्थित थे.

इस अवसर पर डीआरएम अरुण जे राठौर, सर्वो अध्यक्ष लैला राठौर ने समापन समारोह पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया. कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा... गीत से की. मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, नाटक की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. जहां राधा कैसे न जले गीत पर नृत्य, कोका कोला तू, लकड़ी की काठी, लुंगी डांस, इतनी सी हंसी... पंजाबी गीत पर नृत्य समेत अन्य कई लोकगीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी. बच्चों द्वारा पेश किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को डीआरएम समेत अन्य अधिकारियों व उपस्थित लोगों ने खूब सराहा.इससे पहले डीआरएम ने बच्चों द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को देखा. कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन बच्चों ने किया.इस अवसर पर चक्रधरपुर रेल मंडल के एडीआरएम विनय कुजूर, सीनियर डीसीएम एके चौधरी, डीईएन कोऑडीनेशन आरपी मीणा, सर्वो उपाध्यक्ष भारती मीणा,मोनिका गुप्ता, लोपा मुंधरा मिश्रा, दिव्या मंडल समेत सर्वो की अन्य सदस्य, रेलवे के विभिन्न विभाग के अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के बच्चें व उनके अभिभावक मौजूद थे.



समर कैंप के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे.

# अनावश्यक घर से अभी नहीं निकले बाहर : सिविल सर्जन

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू में बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से निपटने की सारी तैयारी पूरी कर ली है. साथ ही इससे बचाव के लिए विभाग ने एडवाइजरी भी जारी किया है. एडवाइजरी में पलामूवासियों से सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है. इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने कहा कि दोपहर में भी लोग मोटरसाइकिल पर गैस सिलिंडर ढो रहे हैं यह दुर्घटना का बहुत बड़ा कारण हो सकता है. उन्होंने कहा कि थोड़ी सावधानी बरतेंगे तो हीट वेव से सुरक्षित तरीके से निपट सकते हैं. अभी के मौसम में वाहनों के टायरों में हवा थोड़ा कम रखें. गैस सिलिंडर आदि दोपहर में वितरण अथवा ढोने से परहेज करें. यदि घरों के किचने में जहां पर गैस सिलिंडर रखा हुआ है और धूप आती है तो वैसे सिलिंडरों को पानी से भिंगा हुआ कपड़ा आदि से ढंक कर रखें. चारपहिया वाहन में एसी चलाकर चल रहे हैं तो हल्का वाहन का खिड़की खोलकर रखें. चारपहिया वाहनों के अंदर स्पे, सेनेटाइजर आदि जैसे सामग्री नहीं रखें. किसी भी स्थिति में शरीर को डिहाइड्रेशन नहीं होने दे. इससे बचने के लिए समय-समय पर ओआरएस, ग्लुकोज, पानी आदि का प्रयोग करते रहें. उन्होंने कहा कि हीट वेव और मतगणना को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज पोखराहा में ट्रोमा सेंटर स्थापित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ओआरएस भेजवाया जा रहा है,



सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार.

**प्रतियोगिता**

### जेएससीए अंतर संस्थानिक लीग के ग्रुप-सी का अंतिम मैच संपन्न

# रुंगटा माइंस ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप को हराया

संवाददाता। चाईबासा

प. सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जेएससीए अंतर संस्थानिक लीग, 2032-24 के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए ग्रुप-सी के अंतिम लीग मैच में रुंगटा माइंस लिमिटेड चाईबासा ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप चाईबासा को 84 रनों से हराया. मैच में कप्तान अनुराग संजय पूर्ति एवं अरविंद कुमार की शानदार बल्लेबाजी की . एकतरफा मुकाबले में 84 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए इस मैच के टॉस रुंगटा माइंस लिमिटेड के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी रुंगटा माइंस की टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब मैच के पहले ही ओवर में शून्य के स्कोर पर उद्घाटक बल्लेबाज कुमार करण गौरव सिंह की गेंद पर ह्रतिक कुमार के हाथों कैच आउट हो गए. लेकिन दूसरे विकेट के लिए बामहस्त बल्लेबाज अरविंद कुमार एवं जयप्रकाश राजपूत ने मात्र 3.4 ओवर में 52 रनों की साझेदारी निभाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए. इसी स्कोर पर जयप्रकाश राजपूत तीन चौकों एवं दो छक्कों की मदद से मात्र दस गेंदों का सामना करते हुए 25 रन बनाकर साकेत कुमार सिंह की गेंद पर डेविड सागर मुंडा के हाथों लपक लिए गए. जयप्रकाश के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान अनुराग संजय पुर्ति एवं अरविंद कुमार ने अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया और तीसरे विकेट के लिए मात्र नौ ओवर में 116 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया. 13वें ओवर में 168 रन के स्कोर पर अरविंद कुमार बड़े दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 99 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर साकेत कुमार की गेंद पर पगबाधा करार दिए गए और मात्र एक रन से शतक बनाने से वंचित रह गए. अपने 99 रनों की पारी के लिए अरविंद कुमार ने मात्र 39 गेंदों का सामना किया और चार चौके एवं बारह गगनचुंबी छक्के लगाए. अरविंद के आउट होने के बाद भी अनुराग ने आक्रमक बल्लेबाजी जारी रखते हुए निर्धारित बीस ओवर में टीम के स्कोर को आठ विकेट के नुकसान पर 283 रन तक पहूँचा दिया जो इस प्रतियोगिता का अब तक का सर्वाधिक स्कोर है.



विजेता टीम के खिलाड़ी.

**खास बातें**

- कप्तान अनुराग संजय का शानदार शतक
- सेरसा चक्रधरपुर की टीम पहले टॉप पर पहुंची

### भगवान बालाजी मंदिर में 41वां ब्रह्मोत्सव प्रारंभ

# वैदिक मंत्रोच्चारण से भक्तिमय हुआ क्षेत्र

संवाददाता। चक्रधरपुर

चक्रधरपुर के रेल नगरी पंचमोड़ स्थित बालाजी मंदिर का 41वां वार्षिक ब्रह्मोत्सव एवं भगवान गणेश मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव समारोह प्रारंभ हो गया. इस बीच वैदिक मंत्रोच्चारण से आसपास का क्षेत्र भक्तिमयी हो उठा. बुधवार देर शाम आंध्र प्रदेश से पहुंचे पुजारियों द्वारा इसका विधिवत तरीके से शुभारंभ किया गया. जहां मुख्य रुप से सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला भी उपस्थित हुये. इस दौरान उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने ब्रह्मोत्सव अनुष्ठान की पूजा अर्चना भी की. मौके पर चक्रधरपुर भगवान वेंकटेश्वर मंदिर समिति की ओर से आंध्र प्रदेश से पहुंचे पुजारियों व उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि जब वे चक्रधरपुर में पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर रहने के दौरान से ही वे इस मंदिर में आया करते थे.खासकर ब्रह्मोत्सव के पूजा अर्चना में शामिल होते थे. इस बार भी उन्हें ब्रह्मोत्सव के पूजा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है. यहां आकर अध्यात्मिक शांति की प्राप्ति होती है. मौके पर दीप आराधना, मेदनी पूजा, आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.



बालाजी मंदिर में ब्रह्मोत्सव पूजा के दौरान सुदर्शन होम में शामिल श्रद्धालु.

एसपी ने की प्रेस कांफ्रेंस, नया संगठन बनाने की कर रहे थे तैयारी, ट्रैक्टर यूनियन से मांग रहे थे लवी

# बड़कागांव में ट्रैक्टर जलाने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

बड़कागांव में कुछ दिनों से लगातार अज्ञात अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर जलाने का मामला सामने आ रहा था. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अपराधी के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं.

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 13/14 मई की मध्य रात्रि ग्राम सांथ में तीन ट्रैक्टर में आग लगाकर क्षतिग्रस्त किया गया था. इसके बाद अपराधियों ने फिर से 16/17 मई की मध्य रात्रि ग्राग कंडतरी में तीन ट्रैक्टर के इंजन को पूरी तरह जला दिया गया था. वहीं 23/24 मई की मध्य रात्रि ग्राम हरली में एक ट्रैक्टर के इंजन को पूरी तरह जला दिया गया. वहीं तीन ट्रैक्टर को आग लगाकर क्षतिग्रस्त करने की घटना को अंजाम दिया गया था. जाते-जाते अपराधियों ने एक पर्चा भी छोड़ा था, जिसमें 15 लाख रुपये की रंगदारी अपराधियों की ओर से मांगी गई थी. इस संबंध में बड़कागांव थाने में मामला दर्ज किया गया था.

गिरफ्तार अभियुक्तों से दो देसी कट्टा, 15 कारतूस, चार मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की गई. पकड़े गए अभियुक्त गौतम कुमार उर्फ सिद्धार्थ, अरूण कुमार उर्फ योगेंद्र कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार एवं कुलदीप कुमार बड़कागांव के रहने वाले हैं.


ट्रैक्टर जलाने के मामलों में पांच अपराधियों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार.

### पुलिस के लिए आसान नहीं था खुलासा करना

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस ने यह भी बताया कि गौतम कुमार उर्फ सिद्धार्थ मास्टरमाइंड है और वह नई टीम खड़ा करना चाहता था. ट्रैक्टर यूनियन से लेवी लेने की फिराक में था. पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि यह मेरे लिए चुनौती था. यह समझ में नहीं आ रहा था कि किस संगठन के लोग घटना का अंजाम दे रहे हैं. क्योंकि पकड़े गए आरोपियों ने कभी अमन साव के नाम से पर्चा फेंक रहे थे तो कभी अन्य संगठन का, जिसकी वजह से पुलिस अनुसंधान में काफी परेशानी हुई है और यह चुनौती बन चुका था.

# रामगढ़ में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े की महिला की हत्या

संवाददाता। रामगढ़

जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के विद्यानगर मोहल्ले में गुरुवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक महिला की हत्या कर घर में आग लगा दी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विद्यानगर मोहल्ले में सुशीला देवी अपने घर में अकेली थी. इसी दौरान तीन पुरुष और एक महिला आई, जिन्हें पड़ोसियों ने भी देखा था. वे जब घर में घुसे थे तो सुशीला देवी को उन लोगों ने पैर छूकर प्रणाम भी किया था. जब वे लोग ऊपर उनके डाइनिंग हॉल में गए तो वहां उन्हें नाश्ता भी दिया गया था. इसी दौरान कुछ देर बाद सुशीला देवी का शव घर के रसोई घर में मिला. उनके सिर पर पीछे से भारी हथियार से वार किया गया था, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई. अपराधियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए घर के कमरे में आग लगा दी. साथ ही इस वारदात को लूटपाट की शक्ल भी देने की कोशिश की गई है. पूरे घर के अलमारी और बिस्तर को खंगाला गया है.


घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस.

### खास बातें

- घटना को लूटपाट का रूप देने की कोशिश की गई
- साक्ष्य मिटाने के लिए घर के कमरे में लगा दी आग

### जांच में जुटी पुलिस

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी हुई है. अपराधियों की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है. वहीं दूसरी तरफ फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है, ताकि अपराधियों का सुराग ढूंढा जा सके. सुशीला देवी के पति अशर्फी प्रसाद रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारी हैं.

## ब्रीफ खबरें

### चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी की पहचान हाथामेढी निवासी महताब आलम के रूप में हुई है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 88/24 के तहत नामजद अभियुक्त फरार था. उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

### जंगल में फंदे से लटका मिला एक अज्ञात शव

**विष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र के अलकोपी जंगल में गुरुवार को पेड़ से लटकता एक अज्ञात युवक का शव मिला है. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है. शव विकृत स्थिति में है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद कुछ लोग उसकी पहचान के लिए थाना पहुंचे थे, मगर वे उसे देख नहीं पाए. यह हत्या है या आत्महत्या इसकी तहकीकात में पुलिस जुटी है.

### एसआईएसएफ कैंप में चला स्वच्छता अभियान

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह में बृहस्पतिवार को सिकरी साइट ऑफिस के एसआईएसएफ कैंप में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. इसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिसर की सफाई का कार्य किया. इस अभियान का उद्देश्य शिविर में स्वच्छता को बढ़ावा देना था, जो स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के व्यापक उद्देश्यों को रेखांकित करता है.

एक ही परिवार को नाम बदल बदल कर दो-तीन बार दिया जा रहा है योजना का लाभ

# जरूरतमंद को नहीं मिलता आवास

**शुभम संदेश पड़ताल**

प्रमोद उपाध्याय/रंजना कुमारी। हजारीबाग

गरीब परिवार का भी अपना पक्का मकान हो इसके लिए झारखंड सरकार अबुआ आवास योजना लेकर आई है, लेकिन जरूरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. बता दें कि बरसों से केंद्र सरकार ने भी विभिन्न नामों से यथा- पहले इंदिरा गांधी आवास और बाद में प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई, लेकिन केंद्र ने झारखंड में आवास योजना बंद कर दी. इसके बाद झारखंड सरकार ने प्रदेश में अपनी आवास योजना चालू की जिसका नाम अबुआ आवास रखा गया. इस योजना का जोर-शोर से प्रचार प्रसार भी किया गया लेकिन पंचायत के जनप्रतिनिधि इसको विफल करते देखे जा रहे हैं. वे इस योजना के सहारे अपना वोट बैंक बना रहे हैं

दरअसल, हजारीबाग जिले के कई पंचायतों में जनप्रतिनिधि मोटी रकम लेकर अपने पक्ष में वोट देने वाले लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दे रहे हैं. ऐसे में गरीब परिवार आज भी कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं. जनप्रतिनिधि के खिलाफ बोलने से भी डरते हैं. इसकी शिकायत किसी अधिकारी को करना नहीं चाहते, लेकिन जनप्रतिनिधि के कारनामे का वीडियो आए दिन वायरल होता रहता है, जिसमें वह कहीं 20 हजार रुपये तो कहीं 10 हजार रुपये की मांग करते स्पष्ट रूप से सुना जाता है.

वहीं कई पंचायतों के ग्रामीणों ने शुभम संदेश कार्यालय आकर अपनी पीड़ा बताई. जनप्रतिनिधि की शिकायत सरकार तक पहुंचने का निवेदन किया. इसके बाद शुभम संदेश की टीम ने गुरुवार को सदर प्रखंड की गुरहेत और सखिया पंचायत में विकास की सच्चाई जानने के लिए निकल पड़ी. स्थानीय लोगों से बातचीत की तो सच्चाई सामने आई. हालांकि ग्रामीण काफी डरे हुए थे. वह कुछ बताना नहीं चाह रहे थे, लेकिन नाम नहीं छापने की शर्त पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने बताया कि जनप्रतिनिधि वैसे लोगों को आवास दे रहा है, जो उन्हें रकम दे सके और उनके पक्ष में वोट कर सके. बाकी वह आम लोगों के लिए टालमटोल करते रहते हैं. कई लोगों ने यह भी कहा कि सरकार अबुआ आवास के लाभुकों की जांच करे. मुखिया ने एक ही घर में नाम बदल बदल कर दो तीन आवास तक दे चुके हैं. उन्होंने कहा कि अगर ईमानदारी से जांच होगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा.


शुभम संदेश की टीम को अपने कच्चे मकान के बारे में बताती महिला .

**10 से 20 हजार रुपये तक की मांग करता है जनप्रतिनिधि**


एक लाभुक का बनाया जा रहा आवास.

### केस नंबर-1

गुरहेत पंचायत के रेवार गांव निवासी शांति देवी बताती है कि मुखिया ने आवास के लिए उससे 20 हजार रुपये की मांग की थी, लेकिन हाथ-पांव जोड़ने के बाद 7 हजार में सौदा हुआ और फिर प्रधानमंत्री आवास दिया गया.

### केस नंबर-2

सदर प्रखंड की सखियां पंचायत के पिंजरा पुल निवासी बिंदु देवी ने बताया कि पहले 5 हजार रुपये देकर आवास की बुकिंग करवाई थी, लेकिन वह आवास नहीं मिला. फिर तीन माह पहले गांव के ही एक व्यक्ति, जो खुद को जनप्रतिनिधि बोल रहा था, 10 हजार रुपये लेकर चला गया. बोला कि जल्द आवास मिलेगा, लेकिन आज तक नहीं मिला. पूछे जाने पर प्रक्रिया में होने की बात कहता है.

### केस नंबर-3

सखिया पंचायत के एक लाभुक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पांच महीना पहले 20 हजार रुपये देने के बाद आवास मिला है, जिसका भुगतान मात्र 30 हजार रुपये हुआ है. उसने यह भी बताया कि आवास का डीवीसी करवा कर पैसे के अभाव में छोड़ दिया गया है. अब बरसात आने वाला है. ऐसे में कच्चे मकान में रहना मुश्किल है.

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

कोर्रा थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी करने वाले एक फर्जी एनजीओ एनसीआरआईबी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से बड़ी मात्रा में दस्तावेज और अन्य सामान बरामद किए गए हैं. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति फर्जी संस्था, एनजीओ चलाकर नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों एवं युवतियों से बडे. पैमाने पर पैसे की ठगी कर रहे हैं. इसके बाद भुक्तभोगी युवकों से प्राप्त आवेदन के आधार पर एनजीओ के संस्थापक अजय सिंह, उमांशू रंजन, झारखंड स्टेट डायरेक्टर विक्की निगम, अविनाश प्रसाद, पिंटू प्रसाद कुशवाहा, विपिन कुमार, जूली कुमारी के विरुद्ध कोर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने ठगी के घटना में संलिप्त उमांशू रंजन, विक्की निगम, अविनाश प्रसाद, पिंटू प्रसाद कुशवाहा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया.


पुलिस अधिकारी आरोपियों के साथ.

# कोडरमा में ढिबरा लदे दो टेंपो को किया जब्त, चालक फरार

संवाददाता। कोडरमा

कोडरमा वन विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह सुधा स्वीट्स के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे दो टेंपो को जब्त किया.

जानकारी के अनुसार रेंजर को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच ढोढाकोला जंगल से ढिबरा लोड दो टेंपो तिलैया की तरफ जा रहे हैं. वन विभाग का गाड़ी को देखते हुए दोनों वाहन स्पीड में भगाने लगे. बाद में जयनगर रोड की तरफ सुधा स्वीट के समीप गाड़ी छोड़कर दोनों चालक भागने में सफल रहे. इसके बाद वन विभाग की टीम ने दो टेंपो को वन परिसर लाया. दोनों वाहनों में एक टन ढिबरा लोड बताया जा रहा है, जिसकी कीमत लगभग लाख रुपये बताई जा रही है. मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, गोपाल यादव, सिकंदर यादव, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा महतो, शंकर महतो मौजूद थे.


वन परिसर में खड़े जब्त टेंपो .

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं ग्रामीण

संवाददता। बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र की कोन्हारा खुर्द पंचायत के ग्राम डुमरिया टांड घंघरी आदिवासी बहुल है. यहां 600 आदिवासी परिवार निवास करते हैं. सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से लोगों को उम्मीद थी कि नल का जल मिलेगा, लेकिन उनकी उम्मीद धरी की धरी रह गई. इस भीषण गर्मी में भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है. गांव में दो जलमीनार लगाए गए हैं, जिसमें एक अधूरा है. इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा ने बताया कि यह योजना सिर्फ वित्तीय लूट की योजना बन गई है.

इस समस्या से कई वरीय पदाधिकारियों व कनीय अभियंताओं को अवगत कराया गया है,लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है.संवेदक सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं. लोगों की चिंता उनको नहीं है. ऐसे में पेयजल की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर एक कुआं है, जहां से पानी लाना पड़ रहा है. वहीं इस संबंध में संवेदक को कई बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं किया. सबके मन में यही सवाल है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल से पानी कब नसीब होगा.


डुमरिया टांड घंघरी में लगाया गया जलमीनार

### खास बातें

- आदिवासी बहुल डुमरिया टांड घंघरी में नल जल योजना भी फेल
- नल जल बनी वितीय लूट योजना : मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा

### 43 डिग्री पर पहुंचा तापमान पानी-बिजली को लेकर संकट

**जयनगर।** प्रखंड में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त है. सुबह सात बजे से ही सूर्य देवता आग उगलने लगते हैं. फिलहाल जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस है. ऐसे में दिनभर सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है. संध्या पांच बजे के बाद ही लोग सड़कों पर नजर आते हैं. लोग बेल का शरबत, सत्तू का शरबत, लस्सी, छांछ आदि से अपना गल तर कर रहे हैं. एक तो भीषण गर्मी, ऊपर से बिजली कट ने स्कूल बंद हैं, मगर आंगनबाड़ी केंद्र जहां जीरो से 6 वर्ष के नौनिहाल प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, उन्हें गर्मी छुट्टी नहीं दी गयी है. उनके केंद्र में भी रोज दोपहर 12 बजे छुट्टी होती है. तालाब सूखने के कारण पशु-पक्षी भी परेशान दिख रहे हैं. स्कूलों में छुट्टी, आंगनबाड़ी चालू राज्य सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश घोषित कर दिया है. फिलहाल सभीलोगों की परेशानी बढ़ा दी है. शहरों में पंखा, कूलर बिना बिजली के हाफ रहे हैं, इनवर्टर जवाब दे जा रहा है. बिजली की कमी के कारण पानी का भी संकट गहराने लगा है. इधर, चापानल खराब रहने व कुआं,तालाब सूखने के कारण पशु-पक्षी भी परेशान दिख रहे हैं. स्कूलों में छुट्टी, आंगनबाड़ी चालू राज्य सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश घोषित कर दिया है, फिलहाल सभी स्कूल बंद हैं, मगर आंगनबाड़ी केंद्र जहां जीरो से 6 वर्ष के नौनिहाल प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं, उन्हें गर्मी छुट्टी नहीं दी गयी है. उनके केंद्र में भी रोज दोपहर 12 बजे छुट्टी होती है.

# डोभा निर्माण के बिना कर ली फर्जी निकासी

अधिकारियों की जांच में सही पाई गई फर्जीवाड़े की शिकायत, रिकवरी व कार्रवाई का आदेश

सुरज सिन्हा। चौपारण

सरकार द्वारा मजदूरों को दो वक्त की रोटी के लिए मनरेगा के तहत जहां रोजगार की गारंटी दी गई है, वहीं आम लोगों को खेती-बारी और जीविकोपार्जन के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं ताकि उनका जीवन खुशहाल हो सके, परंतु सरकार के कुछ कर्मचारियों की वजह से आम आदमी खुशहाल जिंदगी जीने के बजाय परेशानी में घिर जाता है. चौपारण प्रखंड में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से मनरेगा योजनाओं के संचालन में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. ताजा मामला प्रखंड की सिंघरावा पंचायत के हजारी धमना का है, जहां डोभा का निर्माण किए बिना फर्जी निकासी कर ली गई है. बताते चलें कि ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के पीजी पोर्टल पर मनरेगा योजना में बड़ी गड़बड़ी को लेकर लिखित शिकायत की गई थी, जिसके आधार पर बुधवार को जांच टीम सिंघरावा पंचायत के हज़ारी धमना में योजना की जांच की.

**अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास :** बता दें कि बुधवार को जांच करने आए अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का भी प्रयास किया गया. डोभे की जांच को भटकाने के लिये रोजगार सेवक रामचंद्र दांगी द्वारा अन्य डोभा अधिकारियों को दिखाया जा रहा था. जब जांच स्थल पर अधिकारियों ने लाभुक को बुलाकर पूछताछ की तो उसने कहा कि मेरी यहां कोई जमीन नहीं है और ना ही मेरी जमीन पर कही डोभा बना है. किसी दूसरे का डोभा दिखाया जा रहा है. शिकायतकर्ता ने बताया कि ऑनलाइन इंट्री में खाता - 73, प्लॉट 1606 किसी दूसरे का है, जिसमें कोई डोभा का निर्माण नहीं है. उक्त खाते का प्लॉट भी अलग है. रिकॉर्ड में लाभुक का हस्ताक्षर भी फर्जी के साथ कई त्रुटियां पाई गईं. टीम ने जांच में डोभे को फर्जी पाया. जांच स्थल पर ही अधिकारियों ने रिकवरी व कार्रवाई का आदेश दिया है. जांच अधिकारियों में ग्रामीण विकास विभाग, डीपीओ प्रभात कुमार शामिल थे. वहीं मौके पर बीपीओ संतोष कुमार, जेई जियाऊल हक, रोजगर सेवक रामचंद्र दांगी, पंचायत समिति सदस्य विजय मधेशिया, मुखिया संतोष सिंह, लाभुक अमित कुमार सिंह, बिनोद सिंह मौजूद थे.


डोभा निर्माण में फर्जीवाड़े की शिकायत की जांच करने पहुंचे अधिकारी.

### लिखित शिकायत में क्या बताया गया था

लिखित शिकायत में बताया गया था कि सत्र 2019 – 2020 में बिचौलिए और मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से लाभुक की भूमि पर बगैर डोभा का निर्माण किए ही फर्जी तरीके से जॉब कार्ड द्वारा राशि की निकासी कर ली गई है और पूरी राशि का सभी ने मिलकर गबन कर लिया है. ग्रामीण विकास विभाग से मांग की गई थी कि अंचल कार्यालय से प्राप्त भूमि प्रतिवेदन के आधार पर अमित कुमार सिंह की जमीन पर डोभे की जांच कर इस फर्जीवाड़े में संलिप्त लोगों पर मनरेगा एक्ट के तहत कार्रवाई की भी मांग की थी.

**आक्रोश** बेंगबरी में हुई बैठक में पूर्व मंत्री साव बोले- 10 जून को ग्रामीणों की होगी महापंचायत

# एनटीपीसी व बीजीआर के खिलाफ महिलाएं हुईं गोलबंद

संवाददाता। केरेडारी

प्रखंड क्षेत्र की बेंगबरी पंचायत भवन में पंचायत के सभी गांवों कुम्हारा बेंगबरी, तेलिया बेंगबरी समेत कई टोले व मोहल्ले से महिलाओं ने बैठक की एवं एनटीपीसी व बीजीआर कंपनी से किसी प्रकार का हक अधिकार नहीं मिलने, प्रदूषण भत्ता नहीं मिलने के मामले पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से मदद मांगी. बैठक की अध्यक्षता कर रही सोमरी देवी, ममता देवी ने साव को रैयतों की समस्याओं से अवगत कराया.

इस दौरान आगामी 10 जून को महापंचायत आहूत करने पर सहमति बनी. महिलाओं ने बिंदुवार समस्याओं से पूर्व मंत्री को अवगत कराया. पूर्व मंत्री ने कहा कि ग्रामीण रैयत अपने हक अधिकार के लिए अभी से ही गोलबंद हो जाए वरना आने वाले दिनों में कंपनी प्रबंधन अपना रुख दिखाने शुरू कर देगा. उन्होंने कहा कि विगत दिनों पांडू में कंपनी प्रबंधन द्वारा महिला के साथ सरेआम मारपीट की गई जो कंपनी की निरंकुश नीतियों को दर्शाता है.


बैठक में उपस्थित महिलाएं व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और अन्य.

### हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का फैसला

महिलाओं ने पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में हक अधिकार की लड़ाई लड़ने पर सहमति जताई. बताया कि रैयतों को हक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है. कोयला ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे भारी प्रदूषण की क्षतिपूर्ति नहीं मिल रही है. प्रदूषण से बचाव हेतु मिलने वाली सहायता राशि भी नहीं मिल रही है, जिसके कारण लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों को मकान का मुआवजा नहीं मिला है, पुनर्वास, विस्थापन व रोजगार से वंचित हैं. इसके विरोध में आगामी 10 जून को महाजुटान होगा, जिसमें ग्रामीण रैयत महिला, बच्चे भी शामिल होंगे. ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं होने पर चट्टी बारियातू एवं केरेडारी कोयला खनन परियोजना का सारा कार्य ठप कर दिया जाएगा. इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, सोमरी देवी, ममता कुमारी, उषा देवी, काजल देवी, गीता देवी, रेणु देवी, छोटी देवी, खुशबू देवी, सरिता देवी, पूजा कुमारी, बबीता देवी, मालती देवी, सरस्वती देवी, प्रमिला देवी, सुमंती देवी, कविता देवी उमा देवी, रानी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थे.

मिलीभगत कर प्रतिबंधित भूमि की खरीद-बिक्री का मामला, भागे दलाल

# रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे अपर समाहर्ता

संवाददाता। हजारीबाग

जिला प्रशासन के पास ऐसी शिकायत लगातार मिल रही है कि जमीन कारोबारी सरकारी और प्रतिबंधित जमीन की मिलीभगत से खरीद-बिक्री कर रहे हैं. उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे. इससे अफरा- तफरी मच गई. रजिस्ट्री ऑफिस में सक्रिय दलाल भाग खड़े हुए. इस संबंध में उन्होंने बताया कि जो भी मामला सामने आएगा उसकी रिपोर्ट वे डीसी को सुपुर्द करेंगे.

क्या है मामला : शहर के शिव मंदिर गली नवाबगंज निवासी विजय प्रकाश राणा ने डीसी नैंसी सहाय को आवेदन देकर हजारीबाग जिला निबंधन कार्यालय में वर्तमान में कार्यरत अवर निबंधक राम कुमार मधेशिया पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गलत निबंधन किये जाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी थी. बताया था कि हजारीबाग जिला निबंधन कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने वाले भूमि खरीद-बिक्री के दस्तावेजों केवाला को अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों और आदेशों को नजर अंदाज कर निबंधित करने का कार्य किया जा रहा है. इससे हजारीबाग में जमीन घोटाले और विवाद को बढ़ावा मिल रहा है.


बुधवार को अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे.

मुद्दा विशेष

**मकान किराया जिस तेजी से बढ़ रहा है. यह भाड़े के मकानों में रहने वालों के लिए एक समस्या बनती जा रही है. उन्हें यह चिंता सताती रहती है कि फिर किराया बढ़ेगा तो उसकी भरपाई कैसे होगी. मध्यम आय वालों के लिए यह गंभीर समस्या बनती जा रही है. कम कमाई में ढेर सारे खर्चों का हिसाब कैसे होगा. रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में बड़ी संख्या में लोग किराए के मकान में रहते हैं. नौकरी पेशा वालों की आय सीमित होती है. वैसा ही हाल रोज कमाने - खाने वालों का भी है. अगर अच्छी कमाई वाली नौकरी या धंधा न हो तो बहुत कुछ समझौता कर चलना पड़ता है. इसलिए जो घर चलाते हैं उन्हें पता है कि अतिरिक्त खर्चे को कैसे मैनेज करना पड़ता है और इसमें कितनी पीड़ा होती है. वे कहते हैं कि मेरे सपने को झकझोर देता है यह खर्चा. चाहे वह मकान का किराया हो, महंगाई हो या फिर अचानक आया कोई खर्चे वाला काम हो. यह बढ़ा हुआ खर्चा जले पर नमक जैसा लगता है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में इस संदर्भ में लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.**

## रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में मकान किराए में बढ़ोतरी

# मेरे सपनों को झकझोर देता है बढ़ा किराया



1. समस्या बनती जा रही है किराए में बढ़ोतरी
2. कम आय वालों के लिए यह चिंता का विषय है
3. जो घर चलाते हैं उन्हें झेलनी पड़ती है यह पीड़ा
4. कम कमाई में ढ़ेर सारे खर्चे का हिसाब कैसे होगा

## रांची

### हाल के दिनों में मकान या फ्लैट का किराया काफी बढ़ गया है : कुमुद महतो



मोरहाबादी के रहने वाले छात्र कुमुद महतो का कहना है कि हाल के दिनों में मकान का किराया काफी बढ़ा है. वन बीएचके का किराया पिछले पांच साल में तीन हजार रुपए से बढ़कर पांच हजार रुपए हो गया है. उनका कहना है कि यहां बहुत सारे लोग सिमडेगा के हैं जो किराए के मकान में रहते हैं. कुमद महतो प्रतियोगी परीक्षा की तैयार यहां रह कर रहे हैं. कुमुद बढ़े किराए से काफ परेशान हैं. महीना पूरा होते की किराया देने का दबाव बढ़ जाता है. थोड़ा भी बिलंब होने पर मकान मालिक का मकान खाली करने का दबाव डाला जाता है, जो काफी पीड़ादायक है.

### अपनी कमाई का 30 प्रतिशत किराए में ही चला जाता है: अभिषेक राज



प्राइवेट नौकरी करने वाले अभिषेक राज का कहना है कि वह सिद्धो कान्हू पार्क के पास टूबीएचके फ्लैट में रहते हैं. जिसका किराया 4500 रुपए हैं. वह कहते हैं थोड़ी राहत की बात यह है कि बिजली बिल भी इसी किराए में शामिल है. वह कहते हैं वेतन तो बहुत ज्यादा नहीं मिलता है. कह सकते हैं कि कमाई का 30 प्रतिशत हिस्सा किराए देने में चला जाता है. कभी कभी पैसे की किल्लत हो जाती है. ऐसी स्थिति में अपने घर से पैसा मंगाना पड़ता है.

### साथियों के साथ रहने से किराया कम पड़ता अकेले रहना संभव नहीं है: आशीष रोशन



प्राइवेट नौकरी के साथ पढ़ाई करने वाले आशीष रोशन का कहना है कि हम अपने साथियों के साथ सिद्धो कान्हू पार्क के पास टूबीएचके में रहते हैं. जिसका किराया 5500 रुपए है. वह कहते हैं कि साथियों के साथ रहने से किराया कम पड़ता है. वह कहते हैं रांची जैसे शहर में बड़ा मकान किराये पर लेकर रहना हमारे लिए संभव नहीं है, हम सभी अपनी कमाई से किराए का पैसा पहले ही रख लेते हैं ताकि किराया देने में बिलंब न हो और किसी तरह का विवाद भी नहीं हो.

## चक्रधरपुर

### पांच साल में घर का किराया हुआ दोगुना घर चलाने में परेशानी : अभिषेक दास



चक्रधरपुर निवासी अभिषेक दास ने कहा कि घर का किराया पिछले पांच साल में दोगुना बढ़ गया है.पांच साल पहले घर का किराया तीन हजार रुपये देना पड़ता था, लेकिन अब बिजली बिल मिलाकर छह हजार रुपये प्रति माह देना पड़ रहा है.इससे परिवार चलाने में परेशानी हो रही है. अभिषेक दास ने बताया कि वे एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं, बढ़ती महंगाई में मानदेय में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है, लेकिन घर मालिक प्रत्येक साल किराया बढ़ा रहे हैं.

### शहर में अब कम कीमत पर किराये पर फ्लैट मिलना हुआ मुश्किल: अंकित बर्मन



चक्रधरपुर निवासी अंकित बर्मन ने कहा कि शहर में अब कम कीमत पर किराये का फ्लैट मिलना भी मुश्किल हो गया है.उन्होंने बताया कि दो कमरे वाले किराये का घर पांच हजार रुपये प्रति महीने से कम में नहीं मिल पाता है.विद्यार्थियों के लिए सरकारी हॉस्टल की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि परेशानियों का सामना न करना पड़े.मजबूरीवश दो लोगों के साथ शेयर में मिलकर एक किराया का घर लेकर रहना पड़ रहा है.पांच हजार रुपये घर का किराया देने के बाद बिजली बिल अलग से जमा करना पड़ता है.

### पांच साल में तीस प्रतिशत बढ़ गया है मकान का किराया: दीपेन्द्र कुमार



चक्रधरपुर निवाासी दीपेन्द्र कुमार ने कहा कि पिछले पांच साल में घर का कराया तीस प्रतिशत बढ़ गया है.घर मालिक द्वारा पुनः घर का किराया बढ़ाये जाने की बात कही जा रही है, इससे अब आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.प्रत्येक साल किराया बढ़ने के कारण अब मजबूरीवश किराये का घर बदलने की स्थिति उत्पन्न हो गई है.पहले जिस किराये के घर में रहते थे उस वक्त पांच हजार रुपये प्रति महीने देने पड़ते थे, अब बिजली बिल मिलाकर किराया सात हजार रुपये हो गया है.

## आदित्यपुर

### पांच साल में 3000 से 7000 हो गया घर का किराया : दीपक महतो



दीपक महतो का कहना है कि इधर पांच साल में किराए के घरों की कीमत में काफी बढ़ोतरी हुई है. मैं पिछले 5 वर्ष से आदित्यपुर के दिंदली बस्ती में 2 कमरे का घर किराया लेकर रह रहा हूं. मैं यहां आईटीआई अप्रेंटिस शिप करने आया था तब 3000 में दो कमरे का घर लिया था जिसका किराया अब 7000 हो गया है. अब मेरी शादी हो चुकी है एक बच्चे भी हैं. एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में 20 हजार प्रति माह की नौकरी करता हूं. चूंकि शहर में रहना मजबूरी है, यहीं रोजी रोटी जो है. बिजली बिल अलग से देना पड़ रहा है. साथ ही साल में 6 महीने पानी भी खरीदकर काम चलाना पड़ता है. कुल मिलाकर सारी कमाई खर्च हो जाती है, कुछ बचता है तो स्वास्थ्य सुविधाओं में खर्च हो जाता है.

### 30 प्रतिशत कमाई घर के किराए में ही चला जाता है : सोनाली



सोनाली का कहना है कि मेरे पति एक प्राइवेट कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करते हैं. घर चलाने की जिम्मेदारी मेरी है. पूरी कमाई का 30 फीसदी हिस्सा घर का किराया में ही चला जाता है. 5 साल पहले जिस घर का भाड़ा 6000 था अब उसका किराया बढ़कर 10000 हो गया है. बिजली बिल तो अलग से देना ही पड़ता है. तीन कमरे का घर है, 11 सौ वर्गफीट का फ्लैट है. 25 हजार रुपए की कमाई में चार परिवार का घर चलाना मुश्किल होता है. शहर में रहना कितना मुश्किल होता है यह शहर में रहनेवाले लोग ही जानते हैं. यहां तो हर चीज खरीदकर ही काम चलाना है.

## धनबाद

### कम आय वालों के लिए फ्लैट में रहना मुमकिन नहीं : अनिल कुमार सिंह



धनबाद जामाडोबा रेलवे कॉलोनी के रहने वाले अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वह बोकारो के इलेक्ट्रोस्टील में कार्य करते हैं.घर से अप-डाउन करना काफी मुश्किल हो रहा था. इसलिए चंदनकियारी में ही 2 रूम भाड़ा पर लेकर इलेक्ट्रोस्टील में ड्यूटी कर रहा हूं. ग्रामीण क्षेत्र में रहने के कारण रूम का किराया 2000 रुपया है.उन्होंने यह भी कहा कि कम आमदनी वालों के लिए आज के इस बढ़ती महंगाई के दौर में बंगला और फ्लैट किराये पर लेकर रहना मुमकिन नहीं है.

### मध्यम वर्ग के लिए तीन हजार का मकान ही ठीक है : वैभव सिंह



धनबाद हीरापुर के रहने वाले वैभव सिंह ने कहा फ्लैट और मकान लोग अपनी आमदनी के हिसाब से ही किराये पर लेते हैं.इस बढ़ती महंगाई ओर बेरोजगारी में सबकी बस की बात नहीं है कि वह 8000 से 10,000 हजार रुपया किराया देकर फ्लैट में रहे. हम जैसे मिडिल परिवार के लिए तो दो रूम का मकान ही सही है, जो 2000 हजार से 3000 हजार में उपलब्ध हो जाता है.जिसमें लगभग सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं.फ्लैट में तो प्रति वर्ष किराये में भी इजाफा होता है और मेंटेनेंस अलग से लगता है.

### मिडिल क्लास फैमली के लिए फ्लैट में रहना मुश्किल : उत्तम कुमार



धनबाद नुनुडीह स्थित एनबीसीसी कॉलोनी के रहने वाले उत्तम कुमार ने कहा मिडिल क्लास फैमली के लिए फ्लैट में रहना काफी मुश्किल है. क्योंकि फ्लैट में प्रति वर्ष 10% किराया बढ़ जाता है . जिससे किराएदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.इसमें पानी , बिजली और मेंटेनेंस का चार्ज अलग से है.इसलिए वह शहर से हटकर नुनुडीह क्षेत्र में ही 2 रूम 2500 रुपया में किराये पर लेकर अपने परिवार के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं.इसमें पानी बिजली का बिल अलग से है.

## जमशेदपुर

### पांच साल में किराया भी बड़ा है और बिजली का बिल भी बढ़ा है : नवीन शर्मा



बिष्टुपुर के नर्दन टाउन में रहने वाले नवीन शर्मा तीन कमरों वाले घर के लिए 20 हजार रुपये किराया देते हैं. यहां वे अपने छह सदस्यों के साथ रह रहे हैं. हर माह बिजली बिल चार से पांच हजार रुपये आता है. नवीन कहते हैं कि पांच साल में किराया भी बढ़ा और बिजली का बिल भी बढ़ा है. हालांकि यह बढ़ोतरी उन्हें ज्यादा नहीं लगती है. सात साल पहले जब उन्होंने इस घर में शिफ्ट किया था उस वक्त 15 हजार रुपये किराया देते थे, जो पांच सालों में बढ़कर 20 हजार हो गया है. किराया लिया जा रहा है तो घर में सुविधाएं भी हैं. बिजली बिल पहले 2500 से 3000 तक आता था जो अब पांच हजार तक आता है.

### नई जगह जाएंगे तो किराया और ज्यादा देना होगा : संजय कुमार



बिष्टुपुर के ही बेल्डीह बस्ती में रहने वाले संजय कुमार अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं. वह हर माह चार हजार रुपये किराया देते हैं. घर में अचैट बाथरुम और किचन भी है. घर वालों को कोई समस्या नहीं होती. बिजली के लिए हर माह दो हजार रुपये देना पड़ता है. जितना बिजली उपयोग करते हैं उतना ही बिल भी आता है. किराया तो बढ़ा ही है, पर नई जगह जाएंगे तो किराया भी ज्यादा ही देना होगा. क्योंकि हाल के दिनों में जनसंख्या वृद्धि के साथ ही किराए के मकान, फ्लैट के किराए में काफी बढ़ोतरी हो गई है.

### एक कमरे वाले मकान में रहना मुश्किल ही होता है : चिंटू सिंह



परसुडीह निवासी चिंटू सिंह कहते हैं कि वे अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ एक कमरे वाले किराए के मकान में रहते हैं. वह हर माह दो हजार रुपये किराया देते हैं. बच्चे छोटे हैं इसलिए एक कमरे के मकान में रह लेते हैं, पर बच्चे जब बड़े हो जाएंगे तो दो कमरों वाला मकान किराए पर लेना पड़ेगा. अभी जहां रहते हैं वहां बाथरुम की भी समस्या है. घर में और भी कई किराएदार रहते हैं. हालांकि पांच साल पहले इसी कमरे के लिए 1200 रुपये महीने देने पड़ते थे. अब बढ़ गया है.

### किराया बढ़ा पर किसी तरह मैनेज कर चला रहे हैं काम: मो शहजाद



परसुडीह के ही किताडीह में मो शहजाद अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं. इसके लिए उन्हें तीन हजार रुपये महीने का देना पड़ता है. इसके अलावा बिजली बिल अलग से देना होता हैं. यहां माहौल भी ठीक है. लोग अच्छे हैं. किसी और बस्ती में दो कमरों का मकान दो हजार रुपये में मिल जाएगा पर वहां का माहौल ठीक रहेगा कि नहीं पता नहीं. पांच साल में किराया और बिजली का बिल तो बढ़ा है, पर किसी तरह मैनेज कर लेते हैं.

## हजारीबाग

### 10 बाय 10 के कमरे में रहते हैं चार छात्र सभी देते हैं एक- एक हजार : सुशीला कुमारी



हजारीबाग बड़कागांव रोड निवासी सुशीला कुमारी बताती है कि हजारीबाग मारखम कॉलेज रोड में बने लॉज में रहते हैं. 10 बाय 10 का कमरा है और उसी में दीवाल पर बनाया गए चार रेंक हैं. वह बेड का काम करता है. जिसमें चार विद्यार्थी रहते हैं और सभी से एक 1000 रुपया लिया जाता है. उसी कमरे में बारी-बारी से खाना बनाकर रख लेते हैं . ऐसे में रहने में तो काफी परेशानी होती है पर पैसे के अभाव में काम चला लेते हैं.एक छात्र ने यह भी बताया कि वाशरुम और बाथरूम में भी काफी समस्या होती है. लॉज मालिक ने छात्रों के लिए अलग से व्यवस्था नहीं की है. 4:00 बजे भोर से ही लाइन लगानी पड़ती है. जिसमें काफी समय चला जाता है. अगर समय बचता तो पढ़ाई ज्यादा करने का मौका मिलता है.

### मोहल्ले के हिसाब से लगता है रेंट : रंजना कुमारी



लातेहार जिला के बालूमाथ निवासी रंजना कुमारी का कहना है कि शहर के जुलू पार्क में महंगा अपार्टमेंट मिलता है. उसने बताया कि पिछले वर्ष से थ्री बीएचके का फ्लैट लिए हैं जिसके लिए 13000 रुपए प्रत्येक महीना किराया दे रहे थे. अब इस वर्ष 2000 रुपया बढ़ा दिया गया है और अब 15000 रुपए किराया दे रहे हैं . बिजली बिल प्लस मेंटेनेंस का अलग से लगता है. उन्होंने कहा कि हम सस्ते वाले फ्लैट में रहते हैं. उसे मोहल्ले में इससे भी अधिक किराया वाला फ्लैट है.

## बोकारो

### फ्लैट किराए में काफी वृद्धि हुई है : सोनिया



बोकारो शहर से सटे चीरा चास निवासी सोनिया बनर्जी अपार्टमेंट में पिछले दस सालों से रह रहे हैं. उन्होंने बताया कि उनका फ्लैट चौथे तल्ले पर है. हाल के दिनों में किराए में काफी बढ़ोतरी हुई है. वह कहती हैं कि गर्मी के दिनों में हमारा फ्लैट बहुत तप जाता है. ऊंचे फ्लोर पर रहना इस समय काफी मुश्किल लग रहा है. आए दिन आग लगने की घटनाएं कहीं कहीं होती रहती है. इसलिए हमेशा डर लगा रहता है. खासतौर से तब यदि आप या आपके परिवार के किसी सदस्य में कोई विकलांगता हो. जबकि सोसाइटी इमरजेंसी की स्थिति में फूलप्रूफ निकासी प्लान के साथ आते हैं.

### हर साल किराए में वृद्धि से परेशान : मनीष



गुजरात कॉलोनी के अपार्टमेंट में निवास कर रहे मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि हर साल किराए में वृद्धि से लोग परेशान हैं. इधर हाल के वर्षों में महंगाई के कारण किराए में वृद्धि हुई है. वह ग्राउंड फ्लोर में रहते हैं. वह कहते हैं कि नीचे रहना सुरक्षा की दृष्टि से अच्छा है. जिसमें बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह अच्छा होता है. साथ ही पार्किंग में जाने में सुविधा होती है. मनीष ने कहा कि यहां लोग अपने में ही व्यस्त रहते हैं. पूरे अपाटमेंट में लोग एक दूसरे को जानते नहीं है.

### किराया भी काफी महंगा है : प्रीति



बारी कॉपरेटिव में रहने वाली प्रीति ने बताया कि फ्लैट की कीमत तो महंगी है ही इसका किराया भी काफी महंगा है. जो चिंता का विषय है. हर कोई बड़ी इमारत में रहना चाहता है. लेकिन हाल के दिनों में मकान खरीदना या फिर किराए पर रहना दोनों ही मुश्किल भरा काम है. इन दिनों किसी शहर के भौगोलिक लोकेशन के आधार पर कीमतें तय की जाती है. जैसे पूरब फेसिंग अपार्टमेंट की कीमत ज्याद होती है. वहीं तल्ले के हिसाब से कीमतें घटती और बढ़ती है. जिन मकान या फ्लैट में सुविधाएं ज्यादा हैं वहां किराया भी ज्यादा है.

## हीटवेव : एक गंभीर आपदा

हीटवेव गंभीर आपदा के रूप में बदलती जा रही है. विकास के अंधाधुध और मुनाफे की अर्थव्यवस्था ने पूरी दुनिया में गंभीर हालात पैदा कर दिए हैं. जलवायु परिवर्तन के अनेक सम्मेलनों में विशेषज्ञों की चेतावनी के बावजूद न तो धरती को गरम होने से बचाने के गंभीर उपाय किए जा रहे हैं और न ही जलवायु बदलाव के खतरों के प्रति दुनिया का शासकवर्ग अपनी जागरूकता का प्रदर्शन कर रहा है. इस साल उत्तरी पश्चिमी भारत में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसी दौरान देश में चुनाव हो रहे हैं आसमान से बरसते आग के कारण महाराष्ट्र में एक केंद्रीय मंत्री चुनावी भाषण के दौरान बेहोश हो गए और बिहार में शिक्षा के नाम पर एक अधिकारी ने जिस तरह के तानाशाही रवैये का परिचय दिया, उसके कारण 95 से ज्यादा बच्चे और शिक्षक बेहोशी के शिकार हो गए. यह अधिकारी इतना शक्तिशाली है कि पूरी बिहार सरकार उसकी समझ में नहीं आने वाले निर्णयों के आगे बेबस है. हालांकि बेहोशी की घटना और दबाव के बाद बिहार के स्कूलों में आठ जून तक का अवकाश दे दिया गया है, लेकिन एक बड़ा सवाल तो पैदा हो ही गया है कि प्रकृति के विनाश और उसके प्रकोप के कारणों को कम या खत्म करने की दिशा में सरकारें कब सजग होंगी. चंद बड़े कारपारेट घरानों के हितों के लिए प्रकृति, पर्यावरण और मानवता के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया है. आखिर कार्बन उत्सर्जन करने वालों को बेपनाह छूट क्यों दी जाती है. संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलनों में किए गए वायदों से पीछे हटने वाले शासकों की कारपारेट परस्ती पर अंकुश लगाने का कोई ठोस उपाय क्यों नहीं होता है. भारत के अनेक शहरों और कस्बों में तापमान 50 डिग्री को पार कर चुका है. यह कोई प्राकृतिक आपदा का लक्षण नहीं है, बल्कि मानवीय कृत है. हीटवेव सबसे घातक आपदाओं का रूप धारण कर चुकी है, लेकिन विडंबना है कि भारत में इससे मरने वालों का आंकड़ा रखने की व्यवस्था नहीं है. हीटवेव से होने वाली मौतों का वर्गीकरण आसान नहीं है और भारत में हीटवेव से होने वाली मौतों का कोई विश्लेषण या रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है. लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार, 2003-12 और 2013-2022 के बीच यूरोप में प्रति 100,000 लोगों पर गर्मी से संबंधित मौतों में 31% की वृद्धि हुई है. स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर लैंसेट काउंटडाउन की 2024 की यूरोप रिपोर्ट में कहा गया है कि "यूरोप में जलवायु परिवर्तन हो रहा है और यह लोगों को मार रहा है." नई बीमारियां फैल रही हैं. यह हालात तो भारत के दक्षिण एशिया के सभी देशों की भी है. भारत में मजदूरों, किसानों और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों की जिंदगियां हीटवेव यानी लू की वजह से किस तरह खतरे में है, उसकी ओर संजीदगी से ध्यान देने की जरूरत है. वक्त आ गया है कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर खतरों को नजरअंदाज नहीं किया जाए अन्यथा यह धरती विनाशकारी प्रभावों का शिकार हो जाएगी.

> लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार, 2003-12 और 2013-2022 के बीच यूरोप में प्रति 100,000 लोगों पर गर्मी से संबंधित मौतों में 31% की वृद्धि हुई है.

### सुभाषित

**मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।**
**दम्पत्यो कलहो नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागता॥**

जहां पर मूर्खों की पूजा नहीं होती. अर्थात् उनकी सलाह मान कर कार्य नहीं किये जाते. धन- धान्य को भलीभांति संचित करके रखा जाता है और पति-पत्नी के मध्य कलह नहीं होता, वहां लक्ष्मी स्वयं आ जाती है. इसके विपरीत वाली स्थिति में दरिद्रता का मजबूती से वास होता है.

# बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाना जरूरी

**झारखंड के धनबाद जिले में बढ़ते अपराध को लेकर जिले के व्यावसायिक संगठनों ने बंद का आह्वान भी किया था. व्यवसायिक संगठनों ने संयुक्त रूप से एक मांग पत्र राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य के डीजीपी को प्रेषित किया था. धनबाद के एसपी के साथ व्यावसायिक संगठनों की एक बैठक भी हुई थी. एसपी ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया था कि अपराधियों पर शीघ्र नकेल कसा जाएगा. पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त की जाएगी. व्यवसायियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी.**

• देश-काल



विजय केसरी

झारखंड में जिस तेजी के साथ आपराधिक घटनाएं एक के बाद एक जन्म लेती चली जा रही है, यह इशारा करता है कि यह प्रांत जंगल राज की ओर कदम बढ़ा चुका है. पिछले दिनों राज्य के मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की थी कि झारखंड को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस के आलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं. पुलिस के आला अधिकारी झारखंड में बढ़ते अपराध पर शीघ्र अंकुश लगाने की बात जरूर कह रहे हैं, लेकिन झारखंड में दिन-ब-दिन अपराधिक घटनाएं ही बढ़ती चली जा रही हैं. जिस अंदाज में अपराधिक घटनाएं झारखंड के सभी जिलों में घट रही हैं, इससे प्रतीत होता है कि अपराधियों का मन कितना बढ़ चुका है. ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों को पुलिस प्रशासन से कोई डर भय नहीं है. तीन दिनों पूर्व रविवार की रात में झारखंड की राजधानी रांची में चुटिया थाना के समीप एक्सट्रीम बार में शराब मांगने को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ, उसमें एक व्यक्ति की सरेआम हत्या कर दी गई. इस घटना ने सभी को अचंभित कर दिया है. लोग डर-से गए हैं. हत्यारोपी अभिषेक ने अपने साथियों के साथ उक्त बार में रात के लगभग 1:15 बजे शराब की मांग की थी. बार संचालक ने बार बंद होने की बात कह कर शराब देने से इनकार कर दिया. फलस्वरुप विवाद उत्पन्न हो गया. अभिषेक अपना लाइसेंसी राइफल लेकर बार पहुंचा और वहां खड़े बार के कर्मचारी संदीप को गोली मारकर हत्या कर दी. इसके बाद भी अभिषेक का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ. उसने पांच-छः गोलियां बार के बाहर भी चलाईं. उसके बाद ही वह अपने मित्रों को लेकर वहां से वापस गया. यह घटना खुद ब खुद बयां करती है कि झारखंड में अपराधियों का मन कितना बढ़ चुका है. पिछले दिनों ही धनबाद के एक ज्वेलरी शॉप में अपराधी दिनदहाड़े लाखों के जेवरात लूटकर चलते बने थे. जब तक बात पुलिस तक पहुंचती, अपराधी फरार हो चुके थे. झारखंड का कोई भी जिला अब अपराध से मुक्त नहीं रहा है. अपराध की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही चली जा रही हैं. आज झारखंड में महिलाओं को जेवर पहनना दूभर हो गया है. झारखंड के लगभग सभी जिलों में अपराधियों द्वारा महिलाओं से सोने की चेन, कान की बाली छीनने जैसी घटनाएं रोज सुनने को मिल रही हैं. भुक्तभोगी महिलाओं द्वारा




संबंधित थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाती है, लेकिन कितने अपराधी पकड़े जाते हैं? इससे अपराधियों का मन और भी बढ़ता चला जा रहा है. परिवार को डराया और धमकाया भी जाता है. अब सवाल यह उठता है कि ऐसी घटनाएं कब रुकेंगी?

झारखंड के धनबाद जिले में बढ़ते अपराध को लेकर जिले के व्यावसायिक संगठनों ने बंद का आह्वान भी किया था. व्यवसायिक संगठनों ने संयुक्त रूप से एक मांग पत्र राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य के डीजीपी को प्रेषित किया था. धनबाद के एसपी के साथ व्यावसायिक संगठनों की एक बैठक भी हुई थी. एसपी ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया था कि अपराधियों पर शीघ्र नकेल कसा जाएगा. पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त की जाएगी. व्यवसायियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी. इस बात के एक घंटे भी नहीं बीते थे कि एक बिल्डर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई. धनबाद अपराधिक घटनाओं के मामले में बीते कई वर्षों से चर्चा में रहा है. इस जिले के माफियाओं की अपने अपने वर्चस्व को लेकर बराबर लड़ाइयां होती रहती हैं. दो ग्रुपों के बीच बराबर मुठभेड़ की घटनाएं भी आये दिन होती रहती हैं. धनबाद में बढ़ते अपराध को लेकर फिल्में तक बन गईं. इसके बावजूद न राज्य सरकार और न ही पुलिस प्रशासन जग पाई है.

जमीन विवाद को लेकर आए दिन झारखंड में आपराधिक घटनाएं जन्म लेती रहती हैं. इस दौरान जो खूनी खेल होता है, उसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती है. जमीन विवाद को लेकर 2024 में अब तक पच्चास से अधिक लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं. झारखंड गठन के बाद इस प्रांत में रियल स्टेट का कारोबार काफी तेजी के साथ बढ़ा. इस कारोबार से जुड़े रियल स्टेट के माफियाओं ने सरकारी कर्मचारियों से सांठगांठ कर गरीबों की बेशकीमती जमीनों को डरा धमका कर कौड़ी के मोल में खरीद ली. इन जमीनों पर बड़े-बड़े फ्लैट बनकर तैयार हो गए. रियल एस्टेट से जुड़े माफिया लाखों-करोड़ों कमा रहे हैं. गरीब जमीन मालिकों को सिर्फ बेबसी ही हाथ लग पा रही है. इस तरह के आपराधिक मामलों पर कई मुकदमे संबंधित थानों और न्यायालयों में दर्ज भी हुए, लेकिन जमीन लुटेरों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही हो पाई है. न्याय के लिए ऐसे कई गरीब जमीन मालिक भटकते नजर आ रहे हैं. झारखंड में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी हो गया है. आज झारखंड की राजधानी रांची में जितने बड़े व्यवसायी हैं. लगभग उन सबों को अपने-अपने कारोबार को चलाने के लिए रंगदारों को एक विशेष राशि देनी पड़ती है. अगर व्यवसायी रंगदारों को पैसा नहीं देंगे, तब शायद कब उनकी जान चली जाएगी ? कहना मुश्किल होगा. इसलिए जरूरी है कि झारखंड में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाई जाए. राज्य सरकार को झारखंड में बढ़ते अपराध पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है. साथ ही राज्य सरकार को एक विशेष अपराध उन्मूलन नीति बनाकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है. अपराधियों को उसकी किए की सज़ा मिलनी ही चाहिए. तभी झारखंड अपराध मुक्त हो सकता है.

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### फिसलन

एक नगर में रहने वाले एक पंडित जी की ख्याति दूर-दूर तक थी. पास ही के गांव में स्थित मंदिर के पुजारी का आकस्मिक निधन होने की वजह से, उन्हें वहां का पुजारी नियुक्त किया गया था. मंदिर में पूजा-पाठ के अलावा पंडित जी उन यजमानों के घर जाकर भी पूजा-पाठ करा दिया करते थे, जो उन्हें बुलाते थे. उनके लिए ईमान ही धर्म था. इस प्रकार पंडित जी मंदिर से बचे समय का सदुपयोग कर लिया करते थे. एक बार वे अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए बस में चढ़े, उन्होंने कंडक्टर को किराए के रुपये दिए और सीट पर जाकर बैठ गए. कंडक्टर ने जब किराया काटकर उन्हें रुपये वापस दिए तो पंडित जी ने पाया कि कंडक्टर ने दस रुपये ज्यादा दे दिए हैं. पंडित जी ने सोचा कि थोड़ी देर बाद कंडक्टर को रुपये वापस कर दूंगा, लेकिन उनका ईमान डगमगा गया. कुछ देर बाद मन में विचार आया कि बेवजह दस रुपये जैसी मामूली रकम को लेकर परेशान हो रहे है. आखिर ये बस कंपनी वाले भी तो लाखों कमाते हैं. बेहतर है इन रुपयों को भगवान की भेंट समझकर अपने पास ही रख लिया जाए. वह इनका सदुपयोग ही करेंगे. मन में चल रहे विचार के बीच उनका गंतव्य स्थल आ गया. बस से उतरते ही उनके कदम अचानक ठिठके, उन्होंने जेब में हाथ डाला और दस का नोट निकाल कर कंडक्टर को देते हुए कहा, "भाई तुमने मुझे किराया काटने के बाद भी दस रुपये ज्यादा दे दिए थे." कंडक्टर मुस्कराते हुए बोला, "क्या आप ही गांव के मंदिर के नए पुजारी हैं?" पंडित जी के हामी भरने पर कंडक्टर बोला, "मेरे मन में कई दिनों से आपके प्रवचन सुनने की इच्छा थी, आपको बस में देखा तो ख्याल आया कि चलो देखते हैं कि मैं अगर ज्यादा पैसे दूं तो आप क्या करते हो! अब मुझे विश्वास हो गया कि आपके प्रवचन जैसा ही आपका आचरण है, जिससे सभी को सीख लेनी चाहिए." बोलते हुए, कंडक्टर ने गाड़ी आगे बढ़ा दी. पंडित जी बस से उतरकर पसीना पसीना थे. उन्होंने हाथ जोड़कर भगवान का आभार व्यक्त किया, "प्रभु तेरा लाख-लाख शुक्र है, जो तूने मुझे बचा लिया. मैंने तो दस रुपये के लालच में तेरी शिक्षाओं की बोली लगा दी थी, पर तूने सही समय पर मुझे सम्हलने का अवसर दे दिया." कभी कभी हम भी तुच्छ से प्रलोभन में, अपने जीवन भर के चरित्र की पूंजी दांव पर लगा देते हैं.

# चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा संविधान पर

• सियासत

एल. एस. हरदेनिया

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले दलित महसूस करते हैं कि 2024 के लोकसभा के चुनाव के बाद संविधान में परिवर्तन का प्रयास किया जा सकता है. वे यह भी महसूस करते हैं कि ऐसा न हो सके इसलिए दलितों को स्वयं को एक सूत्र में बांधना चाहिए. अभी हाल में बड़ी संख्या में दलित उस स्थान पर एकत्रित हुए थे, जिसे चैत्याभूमि के नाम से जाना जाता है. यह वह स्थान है, जहां बाबासाहेब अम्बेडकर का 1956 में मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार किया गया था. इसी स्थान पर एक 15 साल का बालक वहां बने एक किताब के स्टॉल से संविधान की एक प्रति खरीदता है. महाराष्ट्र में विवाह और जन्म उत्सव के दौरान संविधान की प्रति उपहार के रूप में भेंट करना लोकप्रिय हो रहा है. बालक के साथ उसके पिता भी थे. वे कहते हैं कि इस समय जारी बहस के कारण संविधान के प्रति आम लोगों में उत्सुकता बढ़ी है. वे यह स्वीकार करते हैं कि जिस संविधान को खतरा है यह महसूस किया जा रहा है, उस संविधान में परिवर्तन करना इतना सरल है? क्या परिवर्तन को उचित ठहराना संभव है? वे सत्ताधारी दल (भाजपा) द्वारा इस संबंध में जारी अभियान का उल्लेख करते हैं. वहीं विरोधी दल बार-बार यह कह रहे हैं कि संविधान बदला जायेगा. इस बहस के बीच दलित पूरी मुस्तैदी से संविधान की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं. वे डॉ. अम्बेडकर के प्रति अपनी आस्था को जोरदार ढंग से प्रगट कर रहे हैं. वे इस बात को जानते हैं कि डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को पहचान दी है. एक बुक स्टॉल के संचालक जिन्होंने अपने पिता से इसे पाया है कहते हैं कि संविधान हमारे देश के लोकतंत्र की आत्मा है. उसे शंका है कि जो संविधान के प्रभाव को कम करना चाहते हैं, वे वास्तव में मनुस्मृति के माध्यम से समाज को हजारों वर्ष पीछे करना चाहते हैं. एक तरफ यह बहस जारी है, वहीं दूसरी ओर दलितों पर अत्याचारों में बढ़ोतरी हो रही है. उन अत्याचारों का सामना करने के लिए संगठित नेतृत्व का भारी अभाव है. प्रसिद्ध लेखक अर्जुन डांगले कहते हैं कि भीतर ही भीतर दलितों में भाजपा के विरुद्ध भारी गुस्सा है. न सिर्फ गुस्सा है, वरन् यह भावना जोर पकड़ रही है कि उनके साथ धोखा किया गया है. मुंबई के रामबाई नगर में दलितों को संगठित करने के लिए प्रचार किया जा रहा है. प्रचार के दौरान यह कहा जा रहा है कि अम्बेडकर हमारे लिए सब कुछ हैं. हम उनके द्वारा निर्मित संविधान पर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकते. मुझे पूरा भरोसा है कि 2024 के चुनाव के बाद दलित अपने

> एक तरफ यह बहस जारी है, वहीं दूसरी ओर दलितों पर अत्याचारों में बढ़ोतरी हो रही है. उन अत्याचारों का सामना करने के लिए संगठित नेतृत्व का भारी अभाव है. प्रसिद्ध लेखक अर्जुन डांगले कहते हैं कि भीतर ही भीतर दलितों में भाजपा के विरुद्ध भारी गुस्सा है. न सिर्फ गुस्सा है, वरन यह भावना जोर पकड़ रही है कि उनके साथ धोखा किया गया है.

अधिकारों के लिए एक होंगे. भले ही हमारा कोई नेता हो या नहीं, दलित आंदोलन कभी एक नेता का पिछलग्गू नहीं रहता.

आम दलित यह महसूस करता है कि जब उस पर अत्याचार होता है तो उच्च जाति के लोग कम ही उसकी भर्त्सना करते हैं. अमेरिका में यदि किसी नीग्रो पर जुल्म होता है तो बड़ी संख्या में वहां के गोरे उसका विरोध करते हैं. रैली निकालते हैं, जुलूस निकालते हैं. परन्तु हमारे देश में जब भी कोई दलित दबंगों की ज्यादतियों का शिकार होता है तो उच्च जाति के लोग मौन होकर देखते रहते हैं. मेरा स्वयं ऐसा अनुभव है. मैंने अपने अनेक साथियों के साथ दलितों पर हुए अत्याचारों का विरोध किया है और इस काम में राजनीतिक पार्टियों का सहयोग मांगा. मुझे कम ही मामलों में समर्थन मिला है. इस तरह के मामलों में भाजपा और कांग्रेस का रवैया लगभग एक सा ही रहता है. यहां मैं अभी हाल में घटित एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा. यह घटना मध्यप्रदेश की है. अशोक जिले के एक गांव में एक वृद्ध दलित दंपती को खंभे से बांधकर लगातार पीटा गया. जूतों का हार बनाकर पहनाया गया. गांव में दबंगों की युवती के साथ छेड़छाड़ की गई. दबंगों को संदेह था कि इस काम में इस वृद्ध दंपती के बेटे का हाथ है. यह घटना कुछ महीने पहले की थी. संदेह के आधार पर दबंगों ने दंपती पर हमला किया. उन्हें तरह-तरह के तरीकों से सताया जाने लगा. इससे परेशान होकर वृद्ध दंपती अपने पूरे परिवार के साथ गांव छोड़कर चला गया. कुछ समय बीतने के बाद वृद्ध दंपती वापस आ गया. यह पता लगने के बाद लड़की के परिवार वालों ने उस 65 वर्ष के वृद्ध और उसकी 60 वर्षीय पत्नी को एक खंभे से बांधा और लगातार उनकी पिटाई की और जूतों का हार पहनाया गया. पत्रकारों से बात करते हुए वृद्ध ने बताया कि जब हम वापस आये तो 10-12 लोग हमारे घर में घुस गये. हमें पीटने लगे.

# राजनीति से पर्यावरण का सवाल गायब

• सामयिकी

विनीता परमार

दिभारत में चुनावी उत्सव अब अंतिम पड़ाव पर है. कई मामलों में लोकसभा का मौजूदा चुनाव विश्व का सबसे बड़ा चुनाव है, क्योंकि भारत विश्व की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है, सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला लोकतंत्र है, सबसे ज्यादा मतदाता (लगभग 97 करोड़) इस चुनाव में भाग ले रहे हैं और इस चुनाव में सफल हरेक प्रतिनिधि सबसे ज्यादा लोगों को, औसतन 18 लाख लोगों का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे. छह चरण के चुनाव बीत चुके हैं, पर मतदान का ग्राफ पिछले आम चुनाव के मुकाबले काफी कम है. कम मतदान के राजनैतिक मायने तलाशे जा रहे हैं, पर प्रचंड गर्मी और हीटवेव की बढ़ती घटनाओं पर शायद ही मतदाता या राजनीतिक दलों का ध्यान हो. बीता अप्रैल आधिकारिक रूप से 1850 के बाद से सबसे गर्म अप्रैल साबित हुआ है. मौजूदा मतदाता और चुनाव क्षेत्र पर नजर डालें तो पाते हैं कि अधिकांश ज्वलंत चुनावी मुद्दों के मूल में प्रकृति के साथ हमारे नकारात्मक रूप से तेजी से बदलते समीकरण ही तो हैं. हर दूसरा मतदाता किसान है, जिनके खेत या तो बाढ़, नहीं तो सुखाड़ या फिर उचित बाजार या फिर अन्य आपदा से प्रभावित है. हर आठवां मतदाता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जंगल पर निर्भर है और जंगल या तो साफ किए जा रहे हैं या फिर उनकी संरचना में बदलाव आ रहा है. 2023 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले तीस सालों में औसत जंगल के कम होने की दर ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रही है. और कुछ नहीं तो पिछले कुछ हफ्तों से जल रहे उत्तराखंड, हिमाचल और यहां तक जम्मू कश्मीर के जंगल बानगी भर है. भले मौजूदा सरकार ने गरीबी उन्मूलन के लिए प्रभावी ढंग से काम किया है, पर अभी भी एक बड़ी संख्या गरीबी रेखा के नीचे है, जिस पर बदलते मौसम और पर्यावरण के विघटन का प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है. यानी हर मतदाता तक बदलते जलवायु की धमक पहुंच रही है. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) के अनुसार, पिछले तीन सालों में औसतन देश का हर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कम से कम मौसम की तीन चरम परिस्थितियों का शिकार हुआ है.

ऐसा नहीं है कि आम जन को पृथ्वी पर मुश्किल होते हालात का अंदाजा नहीं है या पूरी तरह से बेखबर है. येल विश्वविद्यालय और

> हर छह में से पांच आदमी जलवायु परिवर्तन होने की पुष्टि करता है, हर पांच में से चार जलवायु परिवर्तन से चिंतित है और लगभग तीन-चौथाई मतदाता मौसमी बदलाव को महसूस करता है. आधे से अधिक लोग सरकार से जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार गैसों की कमी की अपेक्षा रखते हैं और समय के साथ-साथ जागरूक लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है.

सीवोटर के भारतीय मतदाता पर किए गए सर्वे में जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता की बात स्पष्ट हो जाती है. हर छह में से पांच आदमी जलवायु परिवर्तन होने की पुष्टि करता है, हर पांच में से चार जलवायु परिवर्तन से चिंतित है और लगभग तीन-चौथाई मतदाता मौसमी बदलाव को महसूस करता है. आधे से अधिक लोग सरकार से जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार गैसों की कमी की अपेक्षा रखते हैं और समय के साथ-साथ जागरूक लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है. पहली बार के शहरी मतदाता पर किए गए एक अन्य सर्वे के अनुसार, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तीसरा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है. पर भारतीय मतदाता के बीच बढ़ती जागरूकता के बाद भी इतने महत्वपूर्ण मुद्दे न मतदाता साध पा रहे हैं और न ही एक-एक मत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते राजनीतिक दल. पर्यावरण को लेकर अदद जागरूकता न सिर्फ मतदाता में है, बल्कि राजनैतिक दल भी इसे खानापूर्ति के स्तर पर ही सही, इसे चुनावी घोषणापत्र में शामिल जरूर ही कर रहे हैं. दो दशक पहले शायद ही कोई दल प्रदूषण, जैव-विविधता या जलवायु परिवर्तन की तरफ ध्यान भी देता था, पर ये मुद्दे मौखिक न सही, कम से कम लुभावने वादों के साथ कागज पर इस बार अनेक पार्टियों की गारंटी में शामिल हैं. पिछले 2019 के आम चुनाव में कम से कम दो प्रमुख राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को विशेष स्थान देना शुरू किया था, जो इस बार भी जारी है. कम से कम पिछले दो आम चुनाव में मुख्य पार्टियों के घोषणापत्र में शामिल होने के बाद भी संसद में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है.

## मीडिया में अन्यत्र

# चुनावों में धमकाने के सियासी बहाने

**लोकसभा** चुनाव का प्रचार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के दोनों स्टार प्रचारकों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिस प्रकार से विरोधी दलों एवं उनके नेताओं को धमका रहे हैं, उससे यह फिर से साबित हुआ है कि भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों में कतई आस्था नहीं है. अपने दस वर्षों के शासन काल में मोदी ने विपक्ष मुक्तभारत बनाने के लिए देश के लोकतांत्रिक व संवैधानिक ढांचे को ध्वस्त तो किया ही है, दोनों की हालिया धमकियां बताती हैं कि वे किसलिए तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बेतरह उतावले हैं. साफ है कि अब तक वे जिस प्रकार से प्रतिपक्ष को कुचलते आये हैं, उसी बचे-खुचे काम को अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पाकर करना चाहते हैं. मोदी-शाह अपनी धमकियों को किस प्रकार से अंजाम देते हैं, इसके लिए उन्हें तीसरी मर्तबा चुनाव बड़े बहुमत से जीतना होगा, जिसके संकेत तो दिखलाई नहीं देते परन्तु ये धमकियां बताती हैं कि उनके जीतने पर स्थिति बदतर ही होगी. बिहार के काराकट की प्रचार सभा में शनिवार को मोदी ने कहा कि 'हैलीकॉप्टर में राइड करने का समय पूरा होने के बाद ये आरजेडी वालों को नौकरी के बदले जमीन मामले में जेल जाना होगा.' उनका आशय राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव (बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री) एवं उनके



पिता लालू प्रसाद यादव (पूर्व मुख्यमंत्री-बिहार) की ओर था. पिछले कुछ समय से मोदी व भाजपा इस मुद्दे को लेकर तेजस्वी पर हमलावर हैं. वैसे पलटवार करते हुए तेजस्वी ने रविवार को कहा कि 'एक 74 वर्ष का नेता उनके राज्य में आकर उन्हें जेल भेजने की धमकी दे रहा है.' उन्होंने साफ किया कि 'वे इन गीदड़ भभकियों से डरते नहीं' और बतलाया कि- 'यह झारखंड नहीं, बिहार है. उन्हें हाथ लगाया तो पटना से दिल्ली तक आंदोलन होगा.' इस बात को लेकर मोदी की जबर्दस्त घेराबन्दी हुई है. ये तो रही मोदी की बात, उधर अमित शाह ने पंजाब के लुधियाना की एक सभा में जनता से कहा कि 'आप कुछ लोगों को इधर भेजो, चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार गिर जायेगी.' उधर एक दिन पहले ही मोदी ने अपने एक और भाषण में अपनी मुफ्त राशन योजना को वोट से जोड़ते हुए अप्रत्यक्ष रूप से कह दिया कि लाभार्थियों को उन्हें वोट देना चाहिये, ताकि उन्हें 'पुण्य' मिल सके. उन्होंने यह भी संकेत दिया कि 'राशन देने वाले (यानी वे स्वयं) को जो वोट नहीं देगा वह पाप करेगा.' पाप-पुण्य की बात तो अवधारणात्मक है अतः उस पर चर्चा फिजूल है, लेकिन जो दो अन्य धमकियां मोदी व शाह ने दी हैं (तेजस्वी को जेल भेजने एवं पंजाब सरकार को गिराने की) वे बहुत गम्भीर प्रकृति की हैं. **(दैनिक देशबंधु)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### एहतियात/एहतियाज

**शायर** असगर मेंहदी होश कहते हैं- संभल-संभल के चलो एहतियात से पहनो, बड़े नसीब से मिलता है आदमी का लिबास. वहीं सलम कौसर साहब कहते हैं-मुझे संभालने में इतनी एहतियात न कर, बिखर न जाऊं कहीं मैं तिरी हिफ़ाज़त में. देश के मशहूर शायरों ने एहतियात शब्द को लेकर बहुत सारे शेर लिखे हैं. ये दो शेर उन्हीं की बानगी हैं. एहतियात अरबी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. कोरोना काल में इस शब्द का सर्वाधिक प्रयोग हुआ था. एहतियात के दो विशेषण रूप प्रचलित हैं. पहला सावधान, जिसका अर्थ है किसी नकारात्मक चीज़ से बचने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी करके सचेत रहना. दूसरा है एहतियाती, जिसका उपयोग एहतियात के तौर पर की गई चीजों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जैसा कि एहतियाती उपायों में होता है. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार एहतियात का मतलब है चौकसी, सावधानी, सुदृढ़ता, सुस्थिरता, परहेज, बचाव, सतर्कता, होशियारी. किसी नुकसान या हानि की आशंका होने के बाद उससे बचने बचाने का जो ध्यान या विचार होता है, उसे ही एहतियात कहा जाता है. मतलब लोगों की दृष्टि या सूचना से बच कर किसी कार्य का प्रबंध, हिचकिचाहट और सुरक्षा की युक्ति या व्यवस्था के साथ क़दम उठाना यानी सुरक्षा, निगहबानी या निगरानी का भाव या अवस्था, किसी समयानुसार नीति के आधार पर क़दम उठाने से रोके रखने या रहने की प्रक्रिया, रोक-थाम, धैर्य, अलगाव की भावना, पृथक होने की अवस्था, उपेक्षा का बर्ताव, लाभप्रद उद्देश्य के अनुसार किसी से दूर रहने का कार्य, परहेज़, बचाव, दूरी, बचना. शायर इमदाद अली बहर ने कहा- है नगीना हर एक उ'ज़्व-ए-बदन, तुमको क्या एहतियाज ज़ेवर की. मतलब तुम्हारे शरीर का हर एक अंग नगीना है तो फिर तुमको जेवर की क्या जरूरत है. शायर ने अपने शेर में एहतियाज शब्द का प्रयोग किया है, जो अरबी भाषा मूल का पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है जरूरत, अवश्यकता, अभाव, शौच जाने की आवश्यकता.

# प्रभु मेरे अवगुण चित न धरो

• तीर-तुक्का

सुशील यादव

वे प्रभु थे......सभी के गुण-अवगुणों का लेखा-जोखा खुफिया तरीके से रखते थे. पहले के जमाने में ज़रा सी रिक्वेस्ट पर, प्रभुओं को पसीजते हुए देखा जा सकता था. तब पाप के बड़े-बड़े घड़े नहीं होते थे, बस छोटी-छोटी 'चुकिया नुमा',पाव-आधा किलो समाने लायक हण्डिया होती थी, जो ज़रा से पाप में छलकने लग जाती थी. मसलन तब आर्थिक तंगी के चलते प्रभु के सामने, जलाने वाले दिए में तेल या घी कम डाल दिया जावे तो आत्मग्लानी में माफी बतौर, अवगुण को चित न धरने की चिरौरी की जाती थी. तन्मय होकर आदमी गीत गा लेता था :'प्रभु मोरे अवगुण चित न धरो'. आज पाप के घड़े भरते तक आदमी किसी कोने में दुबक कर पड़ा रहता है. किसी माई के लाल को खबर नहीं होती कि साले का पाप का घडा भर कर छलकने पर उतारू है. उसे आत्मग्लानी का बोध भी नहीं के बराबर होता.तब पाप के विस्तार में पूजा-पाठ की सामान्य चूक के अलावा, नोटिस किये जाने लायक कोई बात, बहुत खोज के बाद भी सामने नहीं आती.उन दिनों, मन में दहेज़ का प्रपंच नहीं था. किसी की जमींन हथियाने के लालच नहीं पाले जाते थे. नजूल के प्लाट में हिम्मत नहीं होती थी कि टपोरी चाय की गुमटी डाल ले. जमाखोरी की आदत नहीं समाई थी, उलटे किसी मेहमान के बिन बुलाये आ जाने पर महीनों स्वागत का बाकायदा इन्तिजाम होता था. उन दिनों दालें भरपूर मात्रा में उपलब्ध रहती थीं, जिससे मात्रा बढाने के नाम पर पानी डालने का सवाल पैदा नहीं होता था. उन्ही दिनों पंचों में परमेश्वर का वास हुआ करता था, ऐसा लोगों का मानना था. आज के युग में ,'प्रभु' एक हो तो आदमी विनती-चिरौरी की सोचे ,खड़ताल-मजीरा ले के बेसुध होते तक अवगुणों का बखान करे उसे माफी देने की बात कहे ......मगर एक से ज्यादा हो तो ध्यान बटना लाजिमी है. बॉस, बनिया, किडनेपर, ठेकेदार और सबसे भारी सरकार इन दिनों के नए प्रभु अवतारों में शरीक हो गए हैं.इन अवतारी प्रभुओं को 'साधना' और बस में करना, सामान्य के बस की बात नहीं है. आपने कमाई का जरिया निकाला नहीं कि ये आपको आड़े हाथों लेने के लिए राह में तत्पर खड़े मिलते हैं. किसी को कमीशन चाहिये ,किसी को हिस्सा, किसी को रंगदारी तो किसी को टेक्स...? इनसे लाख विनती करो ये पसीजने वाले जीव नहीं होते. हमारे अवगुण को इग्नोर करने के नाम पर ये हमे जान से मारने की धमकी तक दे डालते हैं.



# धर्म अध्यात्म

अपरा एकादशी : 2 जून

## अपार धन-संपदा दिलाती है अपरा एकादशी



आचार्य अजय मिश्रा

*हिंदू पंचांग में प्रत्येक मास में दो एकादशी होती है, एक शुक्ल पक्ष की और एक कृष्ण पक्ष की. दोनों एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है, हालांकि सभी एकादशी का अलग महत्व है और इन्हें अलग नाम से भी जाना जाता है. ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकादशी कहा जाता है. इस बार दो जून को अपरा एकादशी मनाई जाएगी. पुराणों में अपरा एकादशी का विशेष महत्व बताया गया है. मान्यता है कि अपरा एकादशी का व्रत करने वाले गंगा तट पर पितरों को पिंडदान करने के बराबर फल प्राप्त होता है. इस व्रत को करने से भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और घर धन-धान्य से संपन्न बनता है.*

- **अपरा एकादशी व्रत का महत्व**

मान्यता है पांडवों ने श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में इस व्रत को करके महाभारत युद्ध में विजय प्राप्त की थी. धार्मिक ग्रंथों में जिक्र है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से असीमित सुख और धन की प्राप्ति होती है. इस एकादशी को असीमित लाभ देने वाली एकादशी भी कहा जाता है. इस दिन व्रत व पूजा अराधना से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है. भक्त के रोग, दोष और आर्थिक समस्याएं नष्ट होती हैं. अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है.

- **यह है पौराणिक कथा**

प्राचीन काल में महीध्वज नाम का एक धर्मात्मा राजा था. उसके छोटे भाई का नाम था वज्रध्वज. वज्रध्वज और महीध्वज की आपस में पटती नहीं थी. दरअसल अवसरवादी वज्रध्वज अपने बड़े भाई के प्रति कलुषता की भावना रखता था. यहां तक कि एक दिन मौका पाकर उसने राजा महीध्वज की हत्या कर दी और उसके शव को जंगल में पीपल के पेड़ के नीचे गाड़ दिया. पौराणिक कथा के अनुसार, अकाल मृत्यु होने के कारण राजा की आत्मा प्रेत बनकर पीपल के पेड़ पर रहने लगी.

राजा की आत्मा उस मार्ग से गुजरने वाले हर व्यक्ति को परेशान करती थी. एक बार जब एक ऋषि जब इस रास्ते से गुजर रहे थे, तब उन्होंने राजा की प्रेतआत्मा को देखा. ऋषि ने अपने तपोबल से राजा के प्रेत बनने का कारण जान लिया. ऋषि ने राजा की प्रेतात्मा को पीपल के पेड़ से नीचे उतारा और परलोक विद्या का उपदेश दिया. राजा को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए ऋषि ने अपरा एकादशी का व्रत रखा और द्वादशी के दिन व्रत पूरा होने पर इसका पुण्य प्रेत को दे दिया. इस व्रत के प्रभाव से राजा की आत्मा प्रेतयोनि से मुक्त हो गई और वह स्वर्ग चला गया.

- **ऐसे करें पूजा**

अपरा एकादशी तिथि के दिन सुबह स्नान कर व्रत का संकल्प लें. पूजा स्थल पर चौकी रखकर उसपर पीले वस्त्र से कवर करें. अब इसपर भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की मूर्ति, प्रतिमा या फोटो स्थापित करें. भगवान को मिष्टान, तुलसी जल, मौसम के फल, नारियल, पंचामृत, और दीप-धूप अर्पित करें. अपरा एकादशी पूजा के समय श्री कृष्ण के भजन, विष्णु सहस्रनाम का पाठ और श्रीसूक्तम का पाठ करें. भगवान को तिल अर्पित करने के साथ तिल का दान करें. एकादशी की शाम तुलसी के पौधे के सामने दीपक जलाएं.





हिमकर श्याम

वेद, शास्त्र, उपनिषद्, गीता, पुराण, रामायण - सभी ग्रन्थों में आत्मा के सम्बंध में जो विवेचना हुई है, वह एक जैसी है. सबमें बताया गया है कि जीव अविनाशी तत्व है, वह ईश्वर का अंश है. उसमें परमात्मा के सब गुण बीज रूप में विद्यमान हैं.

रामचरितमानस के उत्तरकांड में जब पक्षीराज गरुड़ ने काकभुशुण्डि जी से पूछा, ज्ञान एवं भक्ति में क्या अन्तर है? तो भुशुण्डि जी कहते हैं-

सुनहु तात यह अकथ कहानी। समुझत बनइ न जाइ बखानी॥
ईस्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुख रासी॥

इसका भावार्थ है- हे तात! यह अकथनीय कहानी सुनिए. यह समझते ही बनती है, कही नहीं जा सकती. जीव ईश्वर का अंश है. इसलिए वह अविनाशी, चेतन, निर्मल और स्वभाव से ही सुख की राशि है.

सृष्टि के सम्पूर्ण जीव ईश्वर के अंश हैं. जैसे परमात्मा चेतन, अविनाशी और अपरिवर्तनशील हैं, ऐसे ही जीव भी चेतन, अविनाशी और अपरिवर्तनशील है. सम्पूर्ण जड़ एवं चेतन तत्व ब्रह्म में ही समाए हुए हैं जैसे चारों ओर बहती हुई छोटी-छोटी नदियां मिलकर समुद्र में विलीन हो जाती हैं उनका अस्तित्व समुद्र होता है वैसे ही सम्पूर्ण सृष्टि उसी से निर्मित एवं ब्रह्म में ही विलीन होती है.

## ईश्वर अंश जीव अविनाशी



जीव को गीता में ईश्वर का एक अंश कहा गया है. श्रीमद्भागवत गीता के पन्द्रहवें अध्याय में श्रीकृष्ण भगवान कहते हैं इस संसार के सारे जीव में मेरे अंश हैं-

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।

जीवात्मा और परमात्मा एक ही है. इसमें कोई भेद नहीं है. केवल प्रकृति के संग से भेद सा प्रतीत होता है. समस्त शरीरों में जो चेतन जीवात्मा है, वह परमात्मा का ही अंश होने के कारण वस्तुतः परमात्मा से भिन्न नहीं है. परमात्मा ही जीवात्मा के रूप में, विभिन्न शरीरों में पृथक्- पृथक् प्रतीत होता है. इसलिए भगवान श्री कृष्ण कहते हैं-

पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान्।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु॥

जीव प्रकृति के तीनों गुणों का भोग करता हुआ प्रकृति में ही जीवन बिताता है. यह उस प्रकृति के साथ उसकी संगति के कारण है. इस तरह उसे उत्तम तथा अधम योनियां मिलती रहती हैं. ईशोपनिषद् में कहा गया है-

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम् ॥

अर्थात् यह संपूर्ण दृश्य जगत ईश्वर से व्याप्त है. इसलिए मैं और मेरे की भावना को त्याग कर ईश्वर द्वारा प्रदत्त इस उपहार को कृतज्ञता भाव से स्वीकारो तथा उसका अपने साथियों के साथ मिल बांट कर तथा ईश्वर को प्रत्यार्पण की भावना से उपयोग करो. लालच एवं स्वार्थ की भावना को त्याग दो.

जीव ही ब्रह्म है और भिन्न नहीं. इसे सही शास्त्र के रूप में समझा जाना चाहिए. यह वेदान्त दर्शन का मूलभूत सिद्धान्त है. श्रीमद्शंकराचार्य जी ने जीव को ब्रह्म माना है-

ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या
जीवो ब्रह्मैव नापरः।

इसका अर्थ है ब्रह्म (ईश्वर) ही सत्य है और यह जगत जिसे आप वास्तविक मान बैठे हैं, वो मिथ्या है.

वहीं 'अहम् ब्रह्मास्मि' यजुर्वेद के बृहदारण्यक उपनिषद् का महावाक्य है. अहं ब्रह्मास्मि अर्थात अन्दर ब्रहमाण्ड की सारी शक्तियां है. मैं ब्रह्म का अंश हूं.

स्कन्द उपनिषद में भी वर्णित है कि-

जीवः शिवः शिवो जीवः स जीवः केवलः शिवः।
तुषेण बद्धो व्रीहिः स्यात् तुषाभावेन तण्डुलः॥

जीव ही शिव है और शिव ही जीव है. यह जीव विशुद्ध शिव ही है. जैसे छिलने से पहले धान है और छिलने के बाद दाना चावल है, वैसे ही कर्म से बंधा हुआ जीव है और कर्म से मुक्त होने पर शिव बन जाता है.

प्रत्येक आत्मा शिव का ही रूप है. यदि व्यक्ति उस रूप को समझ लेता है तो वह भी शिवमय हो जाता है. जीवन को शिव बनाने में संस्कारों की भूमिका होती है. संस्कार आत्मीय प्रक्रिया है, इसे बाहर से प्राप्त नहीं किया जा सकता.

आज के संदर्भ में धर्मग्रन्थों में लिखी इन बातों की उपादेयता और भी बढ़ जाती है. हमारे व्यवहार में समानता का भाव होना चाहिए. जब सब प्राणी में ईश्वर के अंश हैं तो उनसे भेदभाव कैसे किया जा सकता है. किसी भी जीव को प्रताड़ित करना, कष्ट देना, ईश्वर को कष्ट पहुंचाना है.

स्वामी विवेकानंद : दो प्रेरक कथाएं



## सामना करो अपने डर का

एक बार बनारस में एक मंदिर से निकलते हुए विवेकानंद को बहुत सारे बंदरों ने घेर लिया। वे खुद को बचाने के लिए भागने लगे, लेकिन बंदर उनका पीछा नहीं छोड़ रहे थे. पास खड़े एक वृद्ध संन्यासी ने उनसे कहा, 'रुको और उनका सामना करो!' विवेकानंद तुरंत पलटे और बंदरों की तरफ बढने लगे. उनके इस रवैये से सारे बंदर भाग गए. इस घटना से उन्होंने सीख ग्रहण की कि डर कर भागने की अपेक्षा मुसीबत का सामना करना चाहिए. कई सालों बाद उन्होंने एक संबोधन में कहा भी, 'यदि कभी कोई चीज तुम्हें डराए तो उससे भागो मत. पलटो और सामना करो.

## देने का आनंद अधिक होता

बात तब की है जब स्वामी विवेकानंद अमरीका में कहीं ठहरे हुए थे. वहां वे अपना खाना खुद बनाते थे. एक दिन वे भोजन करने जा रहे थे कि कुछ भूखे बच्चे पास आकर खड़े हो गए. स्वामी विवेकानंद ने अपनी सारी रोटियां उन बच्चों में बांट दी. वहां मौजूद महिला ने जब यह दृश्य देखा तो उनसे पूछा, 'आपने सारी रोटियां उन बच्चों को दे डालीं. अब आप क्या खाएंगे? उन्होंने मुस्कुरा कर जवाब दिया, 'रोटी तो पेट की ज्वाला शांत करने वाली चीज है. इस पेट में न सही, उस पेट में ही सही. देने का आनंद पाने के आनंद से बड़ा होता है.'



## अखंड सौभाग्यवती भव!



सारिका भूषण

**पौराणिक कथाएं सिर्फ कथा नहीं कहतीं बल्कि ये तो जनमानस के हृदय में उतारती हैं उस देश का गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति को. भारत देश विविधताओं से भरा एक शक्तिशाली देश है जो आरंभ से ही पूरे विश्व में अपनी विद्वता का पताका फहराते आया है. यहां के त्योहार नारी शक्ति की गाथा भी सुनाते हैं. ऐसा ही एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार ज्येष्ठ अमावस्या या वट सावित्री व्रत है.**



संगीता यादव व संगीता सहाय अनुभूति



वटसावित्री पर बरगद की परिक्रमा करतीं स्मिता नारायण

### पवित्र बरगद की 108 बार परिक्रमा

बरगद के पेड़ की पूजा जल, चावल, फूल-फल आदि से की जाती है और पेड़ के तने को कच्चा सूत से लपेटते हुए परिक्रमा की जाती है. पवित्र बरगद के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करते हैं. पर जो महिलाएं 108 बार परिक्रमा नहीं कर पातीं, वे सुविधानुसार 5, 8 या 11 बार परिक्रमा करती हैं. सुहागिन स्त्रियां बहुत ही उत्साह के साथ अपने केशों में वट वृक्ष के पत्ते खोंसकर पूजा करती हैं और अपने सुहाग, संतान और परिवार की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं.

- **यहां मनाया जाता**

यह त्योहार प्रमुखता से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में वट सावित्री व्रत के रूप में मनाया जाता है, जबकि दक्षिणी राज्यों, गुजरात और महाराष्ट्र में इसे वट पूर्णिमा व्रत के रूप में मनाया जाता है.

- **पुराणों में जिक्र**

स्कंद पुराण तथा भविष्योत्तर पुराण के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह व्रत करने का विधान है, वहीं निर्णयामृत आदि के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या को व्रत करने की बात कही गई है. हिंदू परंपरा में स्त्रियां अपने पति के दीर्घायु होने के लिए और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए इस व्रत का पालन करती हैं. अपने सुहाग की सलामती और अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं ज्येष्ठ माह में पूरी निष्ठा के साथ वट सावित्री व्रत करती है.

**यह महान प्रकृति पर्व इस वर्ष 2024 में 6 जून, गुरुवार को मनाया जा रहा है. ये व्रत-त्योहार हमें अपनी संस्कृति से न केवल जोड़े रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं.**

- **यह है कथा**

इस व्रत के साथ पौराणिक सत्यवान-सावित्री की कथा जुड़ी हुई है. जिसमें सावित्री ने अपने चतुराई और धर्म के साथ यमराज से लड़कर अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लौटाए थे. सावित्री राजा अश्वपति की बेटी थी, जिसका विवाह सत्यवान से हुआ था. सत्यवान को विवाह के एक साल बाद ही मरने का श्राप मिला था, जिसे टाला नहीं जा सकता था. सावित्री एक सर्वगुण सम्पन्न पतिव्रता नारी थी. शादी के ठीक एक साल बाद अचानक सत्यवान खुद को कमजोर महसूस करने लगा और अपनी पत्नी की गोद में ही उसकी मृत्यु हो गई. सावित्री ने अपने पति के श्राप को जानते हुए भी उसकी मृत्यु को स्वीकार नहीं किया और उसने सत्यवान के प्राण लौटाने का निश्चय किया. अपनी दृढ़ शक्ति और पतिव्रता धर्म के बदौलत उसने यमराज से विद्रोह किया और अपने पति के प्राण लौटाने की विनती की. यमराज सावित्री के समर्पण से प्रभावित हुए और उसे तीन वरदान दिए, लेकिन एक शर्त रखी कि वह सत्यवान के प्राण नहीं मांगेगी. तीन वरदानों में सावित्री ने अपने नेत्रहीन सास-ससुर के लिए आंखें, खोया हुआ राज-पाट और 100 पुत्रों का वरदान मांगा. यमराज ने उसके समर्पण और पतिव्रता धर्म से प्रभावित होकर ये तीनों वरदान दे दिए. तब सावित्री ने यमराज से प्रश्न किया कि बिना पति के वह उनके पुत्रों की मां कैसे बन पाएगी? यमराज को अंततः विवश होकर उसके पति सत्यवान के प्राण लौटाने पड़े. इसी अमर कथा से प्रेरित होकर सुहागिनें अपने सुहाग की रक्षा हेतु यह व्रत करती हैं.

- **ये होता अर्पित**

मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत के पूजन में जिन भी चीजों को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है, पूजन के उपरांत उन्हीं चीजों को महिलाएं परिवार वालों को प्रसाद देने के बाद खाती हैं. वट सावित्री व्रत के पूजन में मौसमी फल आम, लीची, तरबूज, खरबूजा, चना, पूरी, पुआ आदि फलों और पकवानों से वट वृक्ष की पूजा-आराधना की जाती है.

## क्रिस्टल घर को बनाएगा ऊर्जावान, आएगी समृद्धि



स्वामी विमलेश
वास्तु विशेषज्ञ

*कलियुग में सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है. वास्तुशास्त्र में भी सूर्य की बहुत अहमियत है. ऐसी मान्यता है कि अगर कोई स्थान ऊर्जाहीन है तो उसे सूर्य की किरणों से ऊर्जावान बनाया जा सकता है. इसमें क्रिस्टल माध्यम बनते हैं. वास्तु में क्रिस्टल के उपयोग, उसके स्थान आदि को लेकर कुछ नियम हैं जिसके अनुसार चलना सुख-समृद्धि के लिहाज से लाभकारी माना गया है. आइए, इन नियमों से हों वाकिफ*

### डायमंड कट क्रिस्टल की माला या ब्रेसलेट

- डायमंड कट क्रिस्टल ब्रेसलेट या माला को जब हम हाथ में पहनते हैं और सूर्य की किरणें इससे टकराती है तो यह क्रिस्टल बहुत ऊर्जावान हो जाता है. हमारा आत्मविश्वास बढ़ जाता है. सही उद्देश्य का रास्ता खुलता है. एकाग्रता बढ़ती है. गुस्सा कम होता है. यह हमारी नेगेटिव सोच को पॉजिटिव सोच में बदल देते हैं जिससे शरीर का तापमान स्थिर रहते हैं जो हमारा गुस्सा पर नियंत्रण रहता है. क्रिस्टल का कोई भी आभूषण सभी व्यक्ति धारण कर सकते हैं. यह सभी के लिए हितकारी होता है. यदि क्रिस्टल डायमंड कट वाला हो तो वह ज्यादा अच्छा है. क्योंकि डायमंड कट होने से क्रिस्टल की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है.
- घर में कलह का माहौल रहता है तो आप घर के लिविंग रूम में क्रिस्टल बॉल्स को इस तरह से लगाएं कि सूर्य की किरणें इससे छन कर आप के घर के अंदर आएं. अगर वहां सूर्य की रोशनी ना आए तो कुछ देर उसे सूर्य की रोशनी में एक्टिव करें फिर उस जगह पर रख दें. कुछ ही दिन में फर्क और राहत, दोनों महसूस होगा.



- बिजनेस में लगातार घाटा हो रहा है तो एक रंग बिरंगी क्रिस्टल बॉल ऑफिस या फैक्ट्री की उत्तर पश्चिम दिशा में रख दें. इससे प्रगति की राह खुलेगी.
- वैवाहिक जीवन में तनाव होने पर बेडरूम में रोज़ क्वॉर्ट्स का क्रिस्टल बॉल रखें. इस क्रिस्टल बॉल को दिन में तीन बार क्लॉक वाइज घुमाएं.
- बच्चे पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते तो उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ उनके स्टडी रूम में क्रिस्टल बॉल घर की नॉर्थईस्ट दिशा में लटकाएं.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



# आतंकी धमकी के बाद न्यूयॉर्क में भारत-पाक मुकाबले के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा

एजेंसी। न्यूयॉर्क

आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए न्यूयॉर्क की नासाऊ काउंटी में नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था होगी. राज्य की गवर्नर कैथी होचुल ने हालांकि जोर देकर कहा कि यह इस बार खतरा विश्वसनीय नहीं है. नासाऊ काउंटी के आइसेनहावर पार्क स्टेडियम में टूर्नामेंट के आठ मैच खेले जाएंगे, जिसमें भारत के तीन मैच भी शामिल हैं. भारतीय टीम एक जून को यहां बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलेगी.



स्टेडियम के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी।

## सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का दिया गया निर्देश

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी ने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस को दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है. कैथी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्व कप की तैयारी में मेरी टीम संघीय और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है जिससे कि उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके. हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है और हम निगरानी जारी रखेंगे. सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यूयॉर्क के अधिकारी विश्व कप के खिलाफ इस साल की शुरुआत में आतंकवादी समूह आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी के बाद सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहे हैं. नासाउ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने बुधवार को कहा कि इस टूर्नामेंट को अप्रैल में आईएसआईएस-के से जुड़ी धमकी मिली थी .रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बाद नौ जून को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर और अधिक विशिष्ट धमकियां दी गईं और ऑनलाइन प्रसारित होने वाले एक वायरल वीडियो का संदर्भ दिया गया जिसमें अकेले भेड़िये को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है. राइडर ने रिपोर्ट में कहा, मैं आपको इसकी गारंटी दे सकता हूं. यह इस काउंटी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, और मैं आपको यह भी गारंटी दे सकता हूं कि नौ जून को नासाउ काउंटी में सबसे सुरक्षित जगह स्टेडियम के अंदर होगी. रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी. उसके बाद नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा. भारत को 12 जून को मेजबान अमेरिका का सामना करना है. इस प्रतियोगिता पर आतंकी खतरे का खुलासा सबसे पहले त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोली ने किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रतियोगिता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया गया है. आईसीसी ने कहा था, टूर्नामेंट में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है.

## ब्रीफ खबरें

### रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वाफा में

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को हुए मुकाबले में दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया. रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी. तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था.

### पुरुष टीम ने शूट आउट में जर्मनी को हराया

**नीदरलैंड ।** भारत ने जूनियर हॉकी टीमों के यूरोप दौरे का समापन जर्मनी पर शूट आउट में पुरुष टीम की जीत के साथ किया जबकि महिला टीम ने ऑरेंज रूड क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला. बुधवार को यहां ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी में 3-1 से जीत हासिल की. गुरजोत, दिलराज और मनमीत ने शूट आउट में गोल किए. इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया.

### महिला हॉकी टीम का लंदन में भव्य स्वागत

**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने यहां एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की. सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आयी है, जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं. भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा, टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है.

### ओलिंपियाकोस ने फायोरेंटिना को हराया

**एथेंस (यूनान)।** ओलिंपियाकोस ने बुधवार को यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है. मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा. इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे.

### बुमराह और हेड का दबदबा रहेगा : पोंटिंग

**एजेंसी/दुबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में जसप्रीत बुमराह का गेंदबाजों में और ट्रेविस हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा, जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था. आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैम्पियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि आस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाये.

### टी20 विश्व कप के दिग्गज बल्लेबाज, रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल

# टी20 विश्व कप में स्ट्राइक रेट के मामले में भी विराट कोहली टॉप पर

एजेंसी। नयी दिल्ली

नौवें टी20 विश्व कप से पहले पीटीआई ने अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची तैयार की है.

## सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

### विराट कोहली (1141 रन)

**1.** किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है. अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं. दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है. उन्होंने 2014 टी20 विश्व कप में 319 रन बनाये जो एक रिकॉर्ड है. इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाये.



### महेला जयवर्धने (1016 रन)

**2.** अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैम्पियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे. उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाये.



### क्रिस गेल (965 रन)

**3.** क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी20 क्रिकेट में सबसे विध्व ंस क बल्लेबाज माने जाते हैं. अ ंत र र ाष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है.



### रोहित शर्मा (963 रन)

**4.** मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरुआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है. बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है. उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाये जिनमें 91 चौके जड़े.



### तिलकरत्ने दिलशान (897 रन)

**5.** 2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं. अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं.



## सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

**1 . जोस बटलर (144 . 48) :** दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है. यही वजह है कि टी20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है. उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं.

**2 . एबी डिविलियर्स (142 . 75) :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है. दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं, जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं.

**3 . क्रिस गेल (142 . 75) :** गेल की बेखौफ बल्लेबाजी और आत्मविश्वास उन्हें किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिए काफी है. दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई.

**4 . महेला जयवर्धने (134 . 74) :** जयवर्धने का औसत 39 .07 रहा और स्ट्राइक रेट 134 . 74 रहा है. यह तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता की बानगी देता है.

**5 . डेविड वॉर्नर (133 . 22) :** वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर आस्ट्रेलिया के लिये अहम होगी. तेजी से रन बनाने के कारण वह टी20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है.

## डिज्नी स्टार ने 19 प्रायोजकों को शामिल किया

**मुंबई।** डिज्नी स्टार ने दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए 19 प्रायोजकों को शामिल किया है. टी20 विश्व कप के मैच का प्रसारण डिज्नी स्टार नेटवर्क पर किया जायेगा और मोबाइल पर इन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकेगा. इन प्रायोजकों की सूची में ड्रीम इलेवन, मारूति, एएमएफआई, पार्ले, बीपीसीएल, हेयर, आईसीसी बैंक, जॉकी, केपी ग्रुप, रिलायंस रिटेल, सैमसंग इंडिया, हाउसिंग डॉट कॉम, जगुआर ग्रुप, केंट आरओ और विमल भी शामिल हैं. डिज्नी स्टार के 'नेटवर्क – विज्ञापन सेल्स' प्रमुख अजीत वर्गीज ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए प्रायोजकों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं. इन मशहूर ब्रांड का सहयोग इस टूर्नामेंट के लिए काफी अहम है.

## कंपाला की झुग्गियों से लंबा सफर तय किया

**नयी दिल्ली।** युगांडा की राजधानी कंपाला में करीब 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्रोत हैं. फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं और आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिये किसी सपने से कम नहीं. मियागी कंपाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए. दो साल तक युगांडा की अंडर 19 टीम के लिये खेलने के बाद अब वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सीनियर टीम की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे. युगांडा ने पिछले साल नवंबर में पहली बार क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया. अबतक 21 टी20 मैचों में 34 विकेट ले चुके मियागी झुग्गियों में बड़े हुए और अभी भी अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं. टी20 विश्व कप में शामिल सिमोन सेसाजी और रिजर्व खिलाड़ी इनोसेंट एमवेबाजे भी झुग्गी से ही निकले हैं. उनके इलाकों में पीने का साफ पानी, सीवेज की व्यवस्था नहीं थी और ना ही स्वास्थ्य सुविधाएं थीं. उनकी कठिनाइयों की कहानी ने युगांडा के भारतीय कोच अभय शर्मा को भी विचलित कर दिया, जो टी20 विश्व कप से पहले ही टीम के साथ जुड़े हैं. ऐसा नहीं है कि शर्मा ने कभी झुग्गी बस्ती देखी नहीं है लेकिन कंपाला की झुग्गियां मुंबई की धारावी से अलग हैं. खिलाड़ियों के साथ समय बिताकर शर्मा का उनके प्रति सम्मान कई गुना बढ़ गया. उन्होंने त्रिनिदाद से पीटीआई से कहा, मैंने सोचा नहीं था कि वे इन हालात में रहते हैं .

# पांच खिलाड़ी जिनका होगा आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप

## टूर्नामेंट खत्म होते ही ले सकते हैं संन्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल 2024 अब पूरा हो गया है. कोलकाता नाइटराइडर्स ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता. वहीं अब सबकी नजरें 2 जून से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप पर है, जिसका आयोजन इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है. हालांकि आज हम आपको बताने जा रहे हैं उन 5 दिग्गज खिलाड़ियों के बारे में जो टी-20 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर सकते हैं.

### रोहित शर्मा

37 साल के भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का भी यह आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप साबित हो सकता है. इसके पीछे बढ़ती उम्र बहुत बड़ा कारण है. हो सकता है कि रोहित टी-20 छोड़ अन्य दो फॉर्मेट पर ज्यादा फोकस करें. भारत के लिए खेले गए 151 टी-20 में शर्मा जी ने 3974 रन बनाए हैं.

### शाकिब अल हसन

2006 से बांग्लादेश के लिए क्रिकेट खेल रहे अनुभी और दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी 37 साल के हो गए हैं. बढ़ती उम्र के चलते वह भी टी-20 से संन्यास ले सकते हैं. उन्होंने बांग्लादेश के लिए खेले गए 122 टी-20 मुकाबलों में 2440 रन बनाने के साथ-साथ 146 विकेट भी लिए हैं.

### डेविड वॉर्नर

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर डेविड वॉर्नर टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से पहले ही रिटायरमेंट ले चुके हैं. 37 साल के वॉर्नर अब टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 से भी संन्यास लेलें, इस बात की पूरी संभावना है. वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक 103 टी-20 मुकाबलों में 3099 रन बनाए हैं.

### विराट कोहली

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं. उन्होंने अब तक भारत के लिए 117 टी-20 मैच में 4037 रन बनाए हैं.

### एंजिलो मैथ्यूज

36 साल के श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर एंजिलो मैथ्यूज भी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद रिटायरमेंट के बारे में सोच सकते हैं. वह टी-20 से संन्यास लेकर अन्य दोनों फॉर्मेट को प्राथमिकता दे सकते हैं. मैथ्यूज ने श्रीलंका के लिए 87 टी-20 मुकाबलों में 1354 रन और 45 विकेट लिए हैं.

# नीलाम होगी माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी

एजेंसी। पेरिस



दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना की विश्व कप 1986 में जीती गई गोल्डन बॉल ट्रॉफी नीलाम की जाएगी. फ्रांस की एक अदालत ने माराडोना के वारिसों के विरोध के बावजूद इस ट्रॉफी को नीलाम करने का आदेश दे दिया है.माराडोना को विश्व कप 1986 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था जिसके लिए उनको गोल्डन बॉल ट्रॉफी मिली थी. इस स्टार खिलाड़ी के परिजनों ने इस नीलामी को रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था. इस मामले से जुड़े वकील गिल्स मोरेउ ने बताया कि अदालत का फैसला माराडोना के वारिसों के पक्ष में नहीं रहा. इसका मतलब है कि इस ट्रॉफी की अगले गुरुवार को पेरिस में नीलामी की जाएगी.यह गोल्डन बॉल ट्रॉफी वर्षों तक गायब रही और कुछ साल पहले ही इसका पता चल पाया था. माराडोना के परिजनों का कहना है कि यह ट्रॉफी चोरी हो गई थी और इसका वर्तमान मालिक इसकी नीलामी नहीं कर सकता है. माराडोना के नेतृत्व में अर्जेंटीना ने विश्व कप 1986 के मैक्सिको सिटी में खेले गए फाइनल में पश्चिम जर्मनी को 3-2 से हराकर खिताब जीता था.

# मेस्सी के गोल के बाद भी इंटर मियामी की हुई हार



**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ बुधवार रात 3-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया. इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका. अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया. इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया.

# सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते

एजेंसी। बैंकॉक

भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई. सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया. संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी. सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी. राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा. अनुभवी मुक्केबाज के खिलाफ सचिन ने पहले राउंड से ही ताबड़तोड़ प्रहार किए और उनकी यह रणनीति कामयाब रही क्योंकि भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही दबदबा बना लिया.दूसरे राउंड में भी सचिन ने एकतरफा जीत दर्ज की. सिफ्टसी ने तीसरे और अंतिम राउंड में वापसी की कोशिश की.

संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई. एशियाई चैंपियनशिप 2021 के स्वर्ण पदक विजेता संजीत ने पहले राउंड में विरोधी को लय हासिल करने का कोई मौका नहीं दिया. सांचेज ने दूसरे और तीसरे राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन अनुभवी संजीत ने उनसे दूरी बनाए रखी और पलटवार पर मुक्के जड़ते हुए जीत दर्ज की. राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल गुरुवार को ही 51 किग्रा वर्ग में मैक्सिको के मॉरिसियो रुईज से भिड़ेंगे जबकि जैस्मिन महिला 57 किग्रा वर्ग में अजरबेजान की माहसती हमजाएवा का सामना करेंगी.

**टी20 वर्ल्ड कप** परिस्थितयों में ढल रहे हैं भारतीय खिलाड़ी

# नीली जर्सी पहनने से होका एक अलग अहसास : पंत

एजेंसी। न्यूयॉर्क

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे. वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं. पंत ने 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद भावनात्मक वापसी करते हुए इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी, लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी.एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने बीसीसीआई.टीवी से कहा, भारतीय जर्सी पहन कर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है. यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी... उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा. राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे. पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी. पंत ने कहा, यहां टीम को देखना और उनसे फिर से मिलना, समय बिताना, उनके साथ मौज-मस्ती करना, उनसे बातचीत करना,

मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा. पंत 13 आईपीएल मैचों में 446 रन बनाने के बाद धीरे-धीरे लय में लौट रहे हैं. न्यूयॉर्क शहर के बाहरी इलाके में केंटियाग पार्क में भारत के नेट्स पर दुबले-पतले और फिट पंत अच्छी लय में दिखे. पंत ने भविष्य में अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की संभावनाओं के बारे में भी बात की. उन्हें लगता है कि टी20 विश्व कप इसमें अहम भूमिका निभा सकता है. उन्होंने कहा, हम कुछ खास देशों में खेलने के आदी हैं लेकिन यह एक अलग संभावना है.



**सिंगापुर ओपन :** त्रिसा-गायत्री ने दर्ज की दमदार जीत

# मारिन से हारी पीवी सिंधू

एजेंसी। सिंगापुर

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा, जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21.13, 11.20, 20.22 से गंवाया. वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21.9, 14.21, 21.15 से हराया. पुरुष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21.12, 14.21, 21.15 से हराया. महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेफा में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी.

▼ ब्रीफ खबरें

## कट्टा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार, दो फरार

**नवादा ।** नवादा जिले के हिसुआ थाना की पुलिस ने गुरुवार को एक देसी कट्टा, कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार की है. गिरफ्तार दोनों बदमाश हिसुआ के ही निवासी हैं. इस बावत डीएसपी नवादा-2 सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि हिसुआ के माहदेव मोड़ के पास कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं. उनलोगों के पास हथियार भी है. सूचना के आलोक में एसपी के निर्देश पर हिसुआ थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार कर ली है. जबकि दो भागने में सफल रहे.

## पिस्टल और चरस के साथ तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के राजा बाज़ार पश्चिमी गोपालपुर मोहल्ले से पुलिस ने एक किराए के मकान में छिपे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. एसपी कान्तेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है. गिरफ्तार बदमाशों में नगर थाना क्षेत्र का ही हर्षित कुमार, मो मोसारिब खान व रोहित कुमार शामिल है. गिरफ्तार किए गए अपराधियों के पास से 9 एमएम का 1 ऑटोमैटिक पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस 1 किलो दस ग्राम चरस, 2 चाकू, 2 बाइक 4 मोबाइल व तीन एटीएम बरामद किया गया है. गिरफ्तार बदमाशों में हर्षित के विरुद्ध नगर थाने में मामला दर्ज है.

## 25 हजार का इनामी बालो हुआ गिरफ्तार

**जमुई ।** जमुई पुलिस ने 25 हजार का इनामी अपराधी बलराम पासवान उर्फ बालो पासवान को जमुई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार जमुई पुलिस अधीक्षक डॉक्टर शौर्य सुमन को गुप्त सूचना मिली की यह अपराधी अपने घर में छिपा है. जिसके बाद डीएसपी हेडक्वार्टर अफताब अहमद के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. बुधवार रात छापेमारी टीम ने गोखला गांव स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. इस अपराधी पर सिकंदरा और लखीसराय के हलसी थाना में लूट, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के कुल पांच मामले दर्ज थे.

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट, हीट वेव की चपेट में 11 जिले

# हीटवेव से पिछले 24 घंटे में दारोगा हवलदार समेत नौ लोगों की मौत

संवाददाता । पटना

बिहार में पिछले दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. स्थिति ऐसी है कि लोगों के घरों और ऑफिस में लगे एसी भी प्रचंड गर्मी के आगे फेल हो रहे है. भीषण गर्मी और लू की वजह से पिछले 24 घंटे में राज्य के भोजपुर, रोहतास, गोपालगंज, औरंगाबाद और अरवल जिले में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है. इस बीच मौसम विभाग ने गुरुवार को भी बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है. साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है. मौसम विभाग के अनुसार एक जून तक लू की स्थिति यथावत जारी रहने का अनुमान है. इसके बाद धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी. बिहार, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार तक लू की स्थिति गंभीर बने रहने का अनुमान है.

**भोजपुर में तीन लोगों की मौत :** सबसे ज्यादा भोजपुर जिले में तीन लोगों की हीटवेव से जान चली गई. वहीं, गोपालगंज में भी नेपाल जा रहे एक पर्यटक ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया. इस भीषण गर्मी में लू लगने से भागलपुर जिला पुलिस बल में तैनात दारोगा देवनाथ राम की जान चली गई. दारोगा चुनाव ड्यूटी में रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस लाइन पहुंचे थे. जहां बुधवार दोपहर तबीयत खराब होने पर सासाराम सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई.

दारोगा भोजपुर के बिहियां थाना क्षेत्र के औराई नवादा गांव के रहने वाले थे. अरवल में चुनाव ड्यूटी के लिए अरुणाचल प्रदेश से आए हेड कांस्टेबल निक्कू अहुजा की भी मौत हो गई. उनकी ड्यूटी उत्क्रमित विद्यालय रामपुर चौरम में लगाई गई थी. गोपालगंज में महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले एक पर्यटक की मौत लू लगने से हो गई. पर्यटकों के एक दल के साथ सोमनाथ आगरे (60) नेपाल के काठमांडू जा रहे थे. बरौली के मिर्जापुर बाजार के पास बस में सवार की तबीयत अचानक बिगड़ गई. गोपालगंज सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई.

रोहतास जिले के करगहर बड़हरी बाजार में वृद्धा तेतरा देवी और औरंगाबाद के आंजन के शिवनारायण सिंह के अरुण सिंह की मौत हो गई. भोजपुर जिले में बीते 24 घंटे के भीतर लू से तीन लोगों की मौत हुई. जगदीशपुर, बड़हरा और गजराजगंज थाना इलाके में ये मौतें हुईं.

गर्मी ने तोड़ा 55 साल का रिकॉर्ड



हीट स्ट्रोक से पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया.



मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तर पश्चिम एवं दक्षिण पूर्व भाग भी उसमें उष्ण लहर की संभावना है. राजधानी के एक या दो स्थान पर हॉट नाइट की संभावना है. राज्य के 16 जिले हीट वेव के चपेट में है. जिसमें 11 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट तो पांच जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है.

### जमुई का मामला : रील्स बनाने से पति ने किया था मना

# नाराज बीवी ससुराल छोड़ फरार हो गयी

संवाददाता । पटना

जमुई के गरही थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी को सोशल मीडिया पर रील्स बनाने से मना किया तो उसकी पत्नी नाराज हो गई. वहीं, जानकारी के अनुसार उसकी पत्नी अपने बच्ची को लेकर ससुराल छोड़ फरार हो गई. जिसके बाद उसका पति अपनी पत्नी व बच्ची की खोजबीन शुरू कर दी. साथ ही पति की ओर से इस मामले को लेकर 25 मई को गरही थाने की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए पत्नी व बच्ची की तलाश के लिए गुहार लगाई है. बताया जा रहा है कि 27 वर्षीय जितेंद्र ने साल 2017 में एक मुस्लिम युवती तमन्ना प्रवीण से लव मैरिज किया था. शादी के बाद तमन्ना प्रवीण सीमा देवी बनकर अपने ससुराल गरही थाना क्षेत्र के मैनिजोर इलाके में रह रही थी. वहीं, जितेंद्र पिछले एक साल से बेंगलुरु में रोजगार करने चला गया था. सीमा घर में अकेली होने की वजह से इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने लगी.

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने को लेकर पति जितेंद्र बार-बार पत्नी को मना किया. जिसके कारण पति-पत्नी में विवाद होने लगा. यह विवाद इतना बढ़ गया कि सीमा अपने घर से अपनी सात साल की बेटी के साथ मंदिर में पूजा करने के बहाने घर से निकली और अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया. मोबाइल स्विच ऑफ होने से पति जितेंद्र परेशान होकर बेंगलुरु से काम छोड़कर घर वापस लौट आया. जिसके बाद अपनी पत्नी और बच्ची की तलाश में जुट गया. यही नहीं 25 मई को गरही थाने की पुलिस को इस मामले को लेकर लिखित आवेदन दिया.

## प्रेम-प्रसंग में नाबालिग को पीटकर मार डाला

**सहरसा ।** सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र के विशनपुर वार्ड 5 स्थित पश्चिमवाड़ी टोला में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी. वहीं नाबालिग की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. स्थानीय लोगों ने प्रेम प्रसंग में हत्या की बात कह रही है. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक विशुनपुर निवासी कृष्ण कुमार यादव के 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र दिवाकर यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी. परिजनों ने बताया कि लड़के का एक लड़की से प्रेम संबंध चल रहा था.

### प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही हत्याकांड

# एसटीएफ ने तीन लाख के इनामी कुख्यात को दबोचा

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर के जाने-माने प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही हत्याकांड मामले में फरार चल रहे तीन लाख रुपए का इनामी कुख्यात अपराधकर्मी रंजन ओंकार सिंह को एसटीएफ और मुजफ्फरपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है. बता दें जुलाई 2023 में शहर के चर्चित प्रोपर्टी डीलर आशुतोष शाही की नगर थाना क्षेत्र के बनारस बैंक चौक के पास स्थित उनके वकील के घर पर अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. वही इस घटना में आशुतोष शाही के तीन बॉडी गार्ड की भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुजफ्फरपुर एसएसपी सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की थी. वहीं आशुतोष शाही के परिजनों ने जब अनुसंधान को लेकर नाराजगी जताई तो मामले की गंभीरता को देखते हुए केस का अनुसंधान सीआईडी को सौंप दिया गया. घटना के बाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात मंटू शर्मा गोविंद और अन्य कई और अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है.

### पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने चुनावी सभाओं को किया संबोधित, बोले-

# पीएम मोदी सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं

- भोजपुर, अरवल, जहानाबाद, नालंदा और पटना में की चुनावी सभा

संवाददाता । पटना

पूर्व मंत्री मुकेश सहनी गुरुवार को भोजपुर, अरवल, जहानाबाद, नालंदा और पटना में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए महागठबंधन प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाजपा वाले देश की सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं. प्रधानमंत्री मोदी के झूठे और खोखले वादे का मकसद सिर्फ आपका वोट लेकर देश की सत्ता पर काबिज होना है.

उन्होंने कहा कि हमारे देश में आज जो राजनीति हावी है, वह सिर्फ अलगाव फैलाने, आपसे फायदा उठाने वाली राजनीति है. प्रधानमंत्री मोदी सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं और किसानों के आंदोलन के दौरान यह बहुत स्पष्ट हो गया था.



उन्होंने कहा कि मोदी और भाजपा की सारी नीतियां सब झूठी हैं. वह जनता के सामने खोखले वादे करते हैं. जितनी हल्की बातें भाजपा वाले करते हैं, वो सब सिर्फ और सिर्फ सत्ता पाने के लिए है. उन्हें बस किसी भी तरह से सत्ता हासिल करनी है. उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन का साथ निभाना जरूरी है.

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज जो सरकार बैठी है उसका संविधान पर विश्वास नहीं है. आज संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश हो रही है. दस साल पहले मोदी जी ने युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए कई वादा किया थे, लेकिन आज एक भी पूरा नहीं हुआ.

## इलाज के दौरान महिला की मौत, हंगामा

**भागलपुर ।** जिले के जोगसर थाना क्षेत्र स्थित केके नर्सिंग होम में गुरुवार को इलाज के दौरान एक महिला की मौत के बाद परिजन ने जमकर बवाल काटा. परिजन का आरोप है कि उन्हें मरीज से मिलने नहीं दिया जा रहा था. मौत होने के बाद भी डॉक्टर ने कहा कि मशीन लगाएंगे तो सब ठीक हो जाएगा. 15 हजार रुपए लगेगा. इसके बाद परिजन ने जमकर बवाल काटा. घंटों चले हंगामा के बाद जोगसर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने डॉक्टर और मरीज के परिजन के बीच किसी तरह सुलह करवाया. उल्लेखनीय है कि बांका के बेलहर निवासी हार्ट के मरीज फूलन देवी (30) को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था. सब कुछ ठीक-ठाक से चल रहा था.

### तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना, बोले

# बीजेपी के लोग सीटों को बचाने में जुटे हैं

संवाददाता । पटना

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि बिहार का प्रशासन मुख्यमंत्री आवास के बदले राजभवन से चल रहा है. बिहार का प्रशासन का काम राजभवन से गवर्नर देख रहे हैं. अधिकारियों को बुलाकर उनसे समीक्षा कर रहे हैं. जदयू वाले लोग अपनी सीटों पर लगे हुए हैं और बीजेपी के लोग अपनी सीटों को बचाने में जुटे हैं. यह चीजें बता रही हैं कि चार जून के बाद कुछ बड़ा होगा. उन्होंने कहा कि जबसे हमने कहा है कि हमारे चाचा अपनी पार्टी को बचाने के लिए चार जून को कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, तब से वह प्रचार में नहीं निकले हैं.



तेजस्वी ने उन तीन कारणों का खुलासा किया है जिसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में हार होगी. उन्होंने कहा कि यही तीन वजह है जो मोदी को चुनाव हरवा रही है. उन्होंने कहा कि मोदी को उनकी तीन महबूबा चुनाव हरवा रही हैं. मोदी अपनी तीनों महबूबा से सबसे अधिक प्यार करते हैं. उन्होंने कहा कि मोदी की पहली मबबूबा बेरोजगारी है, दूसरी महबूबा गरीबी और तीसरी महबूबा महंगाई है. ये तीनों महबूबा मिलकर नरेंद्र मोदी को चुनाव हरवा रही हैं. प्रधानमंत्री मोदी के कन्याकुमारी दौरे पर तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी अपनी मार्केटिंग करने कन्याकुमारी जा रहे हैं. नरेंद्र मोदी फोटो खींचवाने और शूटिंग करवाने के लिए कन्याकुमारी जा रहे हैं. पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खींचवा रहे थे. इस बार वह कन्याकुमारी जा रहे हैं, तो प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मीडिया और कैमरा पर प्रतिबंध लगाएं. शांति से वहां जाकर ध्यान करे, ध्यान करने में बाधा नहीं होने दें.

## कारोबार

## श्री रेणुका शुगर्स को 111.7 करोड़ का घाटा

**नयी दिल्ली ।** श्री रेणुका शुगर्स ने जनवरी-मार्च तिमाही में 111.7 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है. एक साल पहले इसी तिमाही में उसने 44.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. श्री रेणुका शुगर्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,476.3 करोड़ और कुल व्यय बढ़कर 3,520.4 करोड़ रुपये हो गया. समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की कुल आय बढ़कर 11,367.4 करोड़ रुपये हो गई.

## 100 करोड़ रुपये की हुई कमाई : ओयो

**नयी दिल्ली ।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने वित्त वर्ष 2023-24 को करीब 100 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई के साथ पहला लाभदायक वित्त वर्ष बताया है. ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को लिखा, न केवल भारत में बल्कि ओयो के अन्य प्रमुख बाजारों नॉर्डिक, दक्षिण पूर्व एशिया, अमेरिका और ब्रिटेन में भी वद्धि की उम्मीद करते हैं. अग्रवाल ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार हम मुनाफे में आए और करीब 100 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की.

## स्मार्ट टीवी की बिक्री 14 प्रतिशत गिरी

**नयी दिल्ली ।** भारत में स्मार्ट टीवी की बिक्री मार्च तिमाही में 14 प्रतिशत गिर गई है. 'काउंटरपॉइंट रिसर्च' की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. इसमें कहा गया है कि ऊंचे भंडारण तथा कमजोर उपभोक्ता मांग की वजह से 2024 के कैलेंडर साल में स्मार्ट टीवी की बिक्री में 10 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है. इसके अलावा, तिमाही के दौरान चीन के ब्रांड के स्मार्ट टीवी की बिक्री में 30 प्रतिशत गिरावट आने के बीच शाओमी को पछाड़कर सैमसंग शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है. रिपोर्ट के अनुसार, चीनी ब्रांड की बिक्री में 30 प्रतिशत की गिरावट 'वनप्लस, हायर और रियलमी' जैसे ब्रांड के कारण थी.

### रिजर्व बैंक का बही-खाता : वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध आय 87,420 करोड़ रुपये थी

# 2023-24 में बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हुआ

एजेंसी । मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है. यही वजह है कि केंद्रीय बैंक सरकार को अपना अबतक का सबसे ऊंचा लाभांश दे पाया है. कुल मिलाकर देखा जाए, तो मार्च, 2023 की तुलना में मार्च, 2024 तक केंद्रीय बैंक के बही-खाते का आकार 7,02,946.97 करोड़ रुपये बढ़ा है. मार्च, 2023 तक यह 63.45 लाख करोड़ रुपये था. केंद्रीय बैंक की शुद्ध आय मार्च, 2024 के अंत तक 42,819.91 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के बाद 2.11 लाख करोड़ रुपये रही. केंद्रीय बैंक का प्रावधान पिछले वित्त वर्ष में 1,30,875.75 करोड़ रुपये रहा था. प्रावधान की गई राशि आकस्मिकता निधि (सीएफ) में स्थानांतरित कर दी जाती है. वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध आय 87,420 करोड़ रुपये थी. 2022-23 की तरह समीक्षाधीन वित्त वर्ष में परिसंपत्ति विकास कोष (एडीएफ) के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया.

2.11 लाख करोड़ रुपये देगी सरकार को : भारतीय रिजर्व बैंक का बही-खाता मुद्रा जारी करने के साथ-साथ मौद्रिक नीति और रिज़र्व प्रबंधन उद्देश्यों सहित इसके विभिन्न कार्यों के अनुसरण में की गई गतिविधियों को दर्शाता है. आरबीआई ने 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सबसे अधिक लाभांश भुगतान को पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई द्वारा केंद्र को लाभांश या अधिशेष हस्तांतरण 87,416 करोड़ रुपये था. आखिरी बार 2018-19 में सबसे अधिक 1.76 लाख करोड़ का लाभांश दिया गया था. आरबीआई की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, बही-खाते में परिसंपत्ति पक्ष में बढ़ोतरी.. विदेशी निवेश, सोने तथा ऋण व अग्रिम में क्रमशः 13.90 प्रतिशत, 18.26 प्रतिशत और 30.05 प्रतिशत की वृद्धि के चलते संभव हुई. देनदारियों की बात की जाए, इसमें विस्तार की वजह नोट जारी करने, जमा और अन्य देयताओं में क्रमशः 3.88 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 92.57 प्रतिशत की वृद्धि है.

**2024 तक घरेलू परिसंपत्तियां 23.31 प्रतिशत थीं :** आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2024 तक घरेलू परिसंपत्तियां 23.31 प्रतिशत थीं. वहीं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, सोना (भारत में जमा और मौजूद सोना सहित) और भारत के बाहर के वित्तीय संस्थानों को दिया गए ऋण का कुल परिसंपत्तियों में हिस्सा 31, मार्च, 2024 तक 76.69 प्रतिशत था. जबकि 31 मार्च, 2023 तक यह क्रमशः 26.08 प्रतिशत और 73.92 प्रतिशत थे. रिजर्व बैंक के पास 822.10 टन सोना है, जिसमें से 308.03 टन सोना 31 मार्च, 2024 तक जारी किए जाने वाले नोट के समर्थन के लिए रखा गया है. निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने का मूल्य 31 मार्च, 2023 को 1,40,765.60 करोड़ रुपये से 16.94 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 1,64,604.91 करोड़ रुपये हो गया. आरबीआई के अनुसार, वित्त वर्ष में सोने के मूल्य में यह वृद्धि 6.94 टन सोने की वृद्धि... सोने की कीमत में वृद्धि और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के मूल्यह्रास के कारण हुई है.





**बैंकों, कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट के दम पर जीडीपी वृद्धि मजबूत :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि मजबूत निवेश मांग के दम पर भारत की जीडीपी वृद्धि मजबूत बनी है. इसे बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामक तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है. रिजर्व बैंक की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक और वित्तीय परिवेश से जूझ रही है.

## भीषण गर्मी को देखते हुए देश में बिजली मांग 246 गीगावाट बढ़ी

एजेंसी । नयी दिल्ली

देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 246.06 गीगावाट पर पहुंच गई है. बिजली मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. गर्मी से राहत के लिए घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है. बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बुधवार को 246.06 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है. इससे पहले मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग इस सत्र में 237.94 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी. अबतक का सर्वाधिक बिजली खपत रिकॉर्ड सितंबर, 2023 में 243.27 गीगावाट का था. मौजूदा गर्मी के मौसम में सर्वाधिक मांग इस साल 24 मई को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई थी. बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 23 मई को अधिकतम मांग 236.59 गीगावाट थी, जबकि 22 मई को यह 235.06 गीगावाट थी. दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

# एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2023-24 में 3.49% घटा

- वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था

एजेंसी । नयी दिल्ली





भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है. सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है. सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है.

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था. हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया. 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था. उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था. वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी.

# आरएचआई का घाटा कम होकर 258 करोड़ रुपये हुआ

भाषा । नयी दिल्ली

आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया का एकीकृत घाटा मार्च तिमाही में कम होकर 257.89 करोड़ रुपये रहा है. जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही में कंपनी का शुद्ध घाटा 678.90 करोड़ रुपये रहा था. कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 947.47 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले साल समान तिमाही में 881.29 करोड़ रुपये थी.

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का खर्च घटकर 82.72 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल समान तिमाही में 903.85 करोड़ रुपये था. कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रमोद सागर ने बयान में कहा, हमने अपनी परिचालन क्षमता बढ़ाई है, जिससे उल्लेखनीय और निरंतर वृद्धि हुई है.

हमारे ईबीआईटीडीए (कर पूर्व लाभ) और आमदनी में क्रमशः 49 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा, लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने के हमारे प्रयासों के कारण इस तिमाही में सालाना मार्जिन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लि. उच्च स्तर के 'रिफ्रैक्टरी' उत्पाद बनाती है.

### शेयर बाजार पिछले पांच कारोबारी सत्रों में करीब दो प्रतिशत नीचे आ चुका है

# लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 617 अंक टूटा

- एनएसई निफ्टी भी 22,500 अंक के नीचे आ गया

भाषा । मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 617 अंक का गोता लगा गया. एनएसई निफ्टी भी 22,500 अंक के नीचे आ गया. वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के बीच मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 617.30 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,885.60 अंक पर बंद हुआ.

प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांक कारोबार के दौरान 73,668.73 अंक के निचले स्तर पर आ गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 216.05 अंक यानी 0.95 प्रतिशत टूटकर 22,488.65 अंक पर बंद हुआ. दोनों मानक सूचकांक 23 मई को अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे. उसके बाद निवेशकों ने चार जून को आने वाले लोकसभा चुनावों के नतीजों से पहले अनिश्चितता की स्थिति के बीच मुनाफावसूली की. उसके बाद से सेंसेक्स और निफ्टी पिछले पांच कारोबारी सत्रों में करीब दो प्रतिशत नीचे आ चुके हैं.

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार को अमेरिकी बाजार से संकेत मिल रहा है क्योंकि मुद्रास्फीति में तेजी से बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ रहा है. इससे केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर में कटौती में देरी हो रही है. सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, टेक महिंद्रा, विप्रो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहे. दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं.

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा जबकि अमेरिकी बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 5,841.84 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. लोकसभा के अंतिम चरण का चुनाव एक जून को है. नतीजों की घोषणा चार जून को होगी. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.19 डॉलर प्रति बैरल रहा. सेंसेक्स बुधवार को 667.55 अंक टूटा था, जबकि निफ्टी 183.45 अंक नीचे आया था.



पेज एक का शेष...

## थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए...

यानी चुनाव साफ-साफ दो भागों में बंटा था. इधर चुनाव शुरू होते ही लालबुझक्कड़ों ने सीटों की संख्या के साथ बताना शुरू कर दिया कि किसे कितनी सीटें मिलेंगी. कुछ मामूली संशोधनों के साथ यह सिलसिला अब भी जारी है. लेकिन इनमें अधिकतर या तो पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं या फिर दुराग्रह से. उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि या राजनीतिक प्रतिबद्धता जग जाहिर है. इसलिए उनके आंकड़ों पर मत जाइए. जब इतने दिनों तक इंतजार किया है, तो थोड़ा और इंतजार का मजा लीजिए और चार जून को देखिए मतदाताओं ने किसका गुरूर तोड़ा है, किसे कहीं का नहीं छोड़ा है, किसके राजनीतिक भविष्य पर सवालिया निशान लगाया है और किसे माथे पर बैठाया है. आखिर होइहिं वही जो राम रचि राखा. होगा वही जो राम यानी जनता जनार्दन ने तय कर दिया है.

▼ ब्रीफ खबरें

## सऊदी ने छह पत्रकारों को निष्कासित किया

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के छह सदस्यों को निष्कासित कर दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था. सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे. यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है. हालांकि, देश में पवित्र स्थलों को लेकर दोनों सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है.

## रैनसमवेयर नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**द हेग (नीदरलैंड)।** यूरोपीय संघ (ईयू) की न्याय एजेंसी के समन्वय में पुलिस ने वृहद पैमाने पर कार्रवाई करते हुए ईमेल के जरिये रैनसमवेयर का प्रसार करने वाले कंप्यूटर नेटवर्क को बाधित करते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया. रैनसमवेयर एक प्रकार का वायरस है, जो कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें छेड़छाड़ करने मुमकिन हो जाता है. एजेंसी ने इस तरह के आकर्षक स्वरूप वाले साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान करार दिया है.

## यूबीआई के छह अफसरों पर मामला दर्ज हुआ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये कथित रूप से अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई निगम के एक अधिकारी द्वारा रविवार को आत्महत्या करने के बाद की गई है. मृतक ने एक नोट छोड़ा है जिसमें उसने बैंक के अफसरों के का नाम लिखे थे.

## ईडी का समन : रितुपर्णा सेनगुप्ता पांच को पेश हो

**कोलकाता।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को बंगाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को समन जारी कर पांच जून को एजेंसी के अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा. एक अधिकारी ने बताया कि सेनगुप्ता को कोलकाता स्थित एजेंसी के कार्यालय में ईडी अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है. ईडी अधिकारी ने बताया, सेनगुप्ता पांच जून की सुबह हमारे अधिकारियों के समक्ष पेश होना है.

## रेवन्ना के खिलाफ प्रदर्शन, न्याय की मांग

**हासन (कर्नाटक)।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने 'हासन चलो' मार्च में शिरकत की व आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की. इस मार्च का आयोजन 'नवेडु निलादिद्दरे' नामक मानवाधिकार समूह द्वारा किया गया था.

## ईडी ने 290 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के तहत नोएडा के लोकप्रिय जीआईपी मॉल सहित अन्य स्थलों पर मनोरंजन सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है. एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड कंपनी पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर 29 और 52-ए में दुकानों/अन्य जगह के आवंटन का वादा करके लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपये से अधिक इकट्ठा किया है.

## ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** ईरान के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की. इसमें चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. स्थानीय पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई.

# अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव 2024 के लिए थमा प्रचार, पार्टियों ने लगाया जोर...





एक जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रचार गुरुवार की शाम को थम गया. आखिरी दिन पीएम मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में सभा की, ममता बनर्जी ने कोलकाता में पैदल मार्च किया, वहीं अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के संगरूर में रोड शो किया.

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा, कहा

# नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक संवाद की गरिमा गिराई

**खास बातें**

- अमानवीकरण की कथा अब अपने चरम पर पहुंच गई
- नरेंद्र मोदी नफरत फैलाने वाले भाषणों में लिप्त हैं

**भाषा।नयी दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर चुनाव प्रचार के दौरान 'द्वेषपूर्ण भाषण' देकर सार्वजनिक संवाद के साथ ही प्रधानमंत्री पद की गरिमा को भी कम करने का आरोप लगाया. सिंह ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए दावा किया कि केवल कांग्रेस ही है, जो ऐसा विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा होगी. पंजाब के मतदाताओं को लिखे एक पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का भी आरोप लगाया और कहा, भाजपा सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य केवल चार साल है. यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाता है.

मोदी पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, मैं इस चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक संवाद पर करीबी नजर रख रहा हूं. मोदी जी नफरत फैलाने वाले भाषणों में लिप्त हैं, जो प्रकृति में विशुद्ध रूप से विभाजनकारी हैं. मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद की गरिमा को कम किया है और इस तरह प्रधानमंत्री के पद की गंभीरता को कम किया है.

**पंजाब के मतदाताओं से की वोट की अपील**



मतदाताओं से अपील करते पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह.

### मोदी ने मेरे लिए भी कुछ गलत बयान दिए

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के मकसद से इस तरह के द्वेषपूर्ण, असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया. उन्होंने मेरे लिए कुछ गलत बयान भी दिए हैं. मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया है. इस पर भाजपा का एकमात्र कॉपीराइट है. मोदी ने सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है. सिंह ने कहा कि भारत के लोग यह सब देख रहे हैं. अमानवीकरण की यह कथा अब अपने चरम पर पहुंच गई है. अब यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने प्यारे राष्ट्र को इन विभाजनकारी ताकतों से बचाएं.

## चार जून को जनता वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी : खरगे

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि देश की जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी.



खरगे ने दावा किया कि चार जून को 'इंडिया' गठबंधन नयी सरकार का गठन करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने विपक्ष और कांग्रेस की इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर मोदी सरकार फिर से आयी तो लोकतंत्र खत्म हो जायेगा. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोगों ने असली मुद्दों को चुना. खरगे ने महात्मा गांधी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधा. कहा कि या तो प्रधानमंत्री अनजान है या फिर उन्होंने पढ़ा नहीं है.

## राहुल ने अपनी ही सरकारों को बताया गरीब विरोधी : राजनाथ

**भाषा।** कुशीनगर (उप्र)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर अपनी ही दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की सरकारों को ''पिछड़ा-विरोधी'' करार देने का आरोप लगाया है. उन्होंने गुरुवार को कहा कि कोई भी समझदार व्यक्ति ऐसी कांग्रेस को ठोकर मार देगा. रक्षा मंत्री ने कुशीनगर में आयोजित एक चुनावी रैली में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार निशाना साधा. उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे परिवार में प्रधानमंत्री कई रहे- परदादा (जवाहर लाल नेहरू), दादी (इंदिरा गांधी) और पिताजी (राजीव गांधी). मैंने 'सिस्टम' को बहुत नजदीक से देखा है. रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसा कहकर उन्होंने बहुत कुछ स्वीकार कर लिया है. सिंह ने कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि तब का 'सिस्टम' पिछड़ा-विरोधी और गरीब-विरोधी था. यानी (राहुल) अपने ही परदादा, दादी और पिताजी की सरकार को कह रहे हैं कि उस समय का 'सिस्टम' पिछड़ा और गरीब विरोधी था. ये बातें खुद राहुल गांधी कर रहे हैं, यानी वह स्वीकार कर रहे हैं कि उनकी सरकार दलित, गरीब और पिछड़े वर्ग की विरोधी थी. बताइए क्या ऐसा नेता आपने कहीं देखा है?



अजीबोगरीब नेता हैं. सिंह ने बगल में ही बैठे पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस छोड़कर भाजपा) में शामिल हुए आरपीएन सिंह से मुखातिब होते हुए कहा, कोई भी समझदार पुरुष होगा तो ऐसी कांग्रेस को ठोकर मार देगा. रक्षा मंत्री ने दावा किया, हम हिंदू-मुसलमान की राजनीति नहीं करते. हम सबको भारत का नागरिक मानते हैं. चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो.

## जम्मू में बस खाई में गिरी, 21 की मौत

**एजेंसियां ।जम्मू**

जम्मू कश्मीर के जम्मू जिले में गुरुवार को श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से 21 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 41 अन्य घायल हो गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जिले के चोकी चोरा क्षेत्र में तांगली मोड़ पर यह बस सड़क से फिसलकर करीब 150 फुट गहरी खाई में जा गिरी. उन्होंने बताया कि इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गयी.

उन्होंने बताया कि बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से श्रद्धालुओं को जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में स्थित शिवखोड़ी ले जा रही थी. पहले अधिकारियों ने कहा था कि यह हादसा राजौरी जिले में हुआ. अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरू किया है व घायलों को अखनूर अस्पताल एवं जम्मू के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल ले जाया गया.



खाई में गिरी यात्री बस.

### भरतपुर जिले में तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में सीवर टैंक की सफाई करने उतरे दो युवकों समेत तीन लोगों की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई. पुलिस के अनुसार इन्हें बचाने उतरे एक अन्य युवक की हालत गंभीर है. घटना गुरुवार को लखनपुर थाना क्षेत्र में हुई. युवक आकाश (25) और करण (22) एक घर में बने सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे. सफाई के दौरान अचानक उनका दम घुटने लगा और वे मदद के लिए चिल्लाने लगे. उन्हें बचाने के लिए भोलू, नरेश और इंद्र नीचे उतरे, लेकिन जहरीली गैस के कारण वे भी बेहोश हो गए.

### सोनीपत में आग से झुलसे तीन लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत जिले में रबर की फैक्ट्री में आग लगने से घायल हुए तीन लोगों की मौत हो गई है. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. रबर फैक्ट्री में मंगलवार को आग लग गई थी, जिसमें करीब 40 लोग घायल हो गए थे. प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने फोन पर बताया, राई औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को हुई घटना में घायल हुए लोगों में से तीन की मौत हो गई है. उन्होंने कहा, घटना की जांच की जा रही है.

## नोएडा : एसी में विस्फोट से लगी फ्लैट में आग

**एजेंसी ।नोएडा**

उत्तर प्रदेश में नोएडा की एक आवासीय इमारत के फ्लैट में गुरुवार सुबह आग लग गयी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, एयर कंडीशनर (एसी) में विस्फोट के कारण फ्लैट में आग लगी.

उन्होंने बताया कि सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसायटी में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि स्थानीय और सोसायटी में रहने वाले लोगों ने अग्निशमन विभाग को पूर्वाह्न 10 बजकर 10 मिनट पर इमारत की 10वीं मंजिल के फ्लैट में आग लगने की सूचना दी. हमने तुरंत मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा, लेकिन हमारे वाहनों के वहां पहुंचने से पहले ही सोसायटी में लगी अग्निशमन प्रणालियों ने 10 मिनट के भीतर आग बुझा दी.



नोएडा के फ्लैट में लगी आग.

## पटाखों के ढेर में विस्फोट, तीन की मौत, 32 घायल

**भाषा।पुरी**

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी.

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे. एक लड़के ने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य लोगों की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई. ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना, खुर्दा जिलाधिकारी चंचल राणा और स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित घायल लोगों के इलाज की जानकारी लेने के लिए बुधवार देर रात अलग-अलग अस्पताल पहुंचे.

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक घायल लोगों से मिलने के लिए गुरुवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल पहुंचे. पटनायक ने अस्पताल के चिकित्सकों से बात की और मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी ली. स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि घायल लोगों को पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.

## गैंगस्टर छोटा राजन हत्या के मामले में दोषी करार

**एजेंसी ।मुंबई**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को दोषी ठहराया. जया शेट्टी की चार मई 2001 को उनके होटल में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया. अदालत आज दिन में राजन की सजा तय कर सकती है. जया शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल की मालकिन थीं. छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहीं जया शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने 4 मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी. छोटा राजन गिरोह से जबरन वसूली की धमकी मिलने की सूचना के बाद होटल व्यवसायी को पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई थी.

## उत्तर कोरिया ने पूर्वी जलक्षेत्र में दागीं मिसाइलें

**एजेंसी ।सियोल**

उत्तर कोरिया ने गुरुवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई संदिग्ध बैलेस्टिक मिसाइल दागीं. दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी. उत्तर कोरिया ने एक सैन्य टोही उपग्रह प्रक्षेपण में असफल होने के एक दिन बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया. दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने राजधानी प्योंगयांग के समीप एक इलाके से करीब 10 प्रक्षेपास्त्र दागे, जो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल जैसी प्रतीत होती हैं. सेना ने कहा कि इन संदिग्ध मिसाइलों ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के जलक्षेत्र में गिरने से पहले करीब 350 किलोमीटर की दूरी तय की थी. अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कोरियाई सेना ने निगरानी व सतर्कता बढ़ा दी है.



बैलेस्टिक मिसाइलों की जानकारी देतीं कोरियाई अधिकारी.

## केरल के स्कूली पाठ्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी शामिल

**भाषा।तिरुवनंतपुरम**

केरल ने शिक्षा को आधुनिक बनाने की कोशिश में कृत्रिम बुद्धिमता-एआई को 3,5 और 7 के लिए नई पाठ्यपुस्तकें शामिल होंगी.
सदथ ने कहा कि नये पाठ्यक्रम में प्राथमिक स्तर के लिए आईसीटी पाठ्यपुस्तकों में तार्किक सोच और प्रोग्रामिंग कौशल के विकास पर विशेष जोर दिया गया है.

छात्रों को प्रोग्रामिंग, एआई, रोबोटिक्स आदि का अभ्यास कराने के लिए पाठ्यक्रम में 'पिक्टोब्लॉक्स'' पैकेज, 'स्क्रैच' सॉफ्टवेयर आदि शामिल किया गया है. सामान्य शिक्षा विभाग की प्रौद्योगिकी शाखा केआईटीई, स्कूलों के लैपटॉप में कृत्रिम बुद्धिमता की ट्रेनिंग देने के लिए सभी आवश्यक सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराएगी. नये आईसीटी पाठ्यक्रमो में छात्रों को ट्रैफिक नियम और कचरे के निपटान के विषय में जानकारी देने के लिए गेमिंग मोड में सुविधा उपलब्ध कराई गयी है.

**आपदा** मणिपुर की इंफाल घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त, हजारों लोग प्रभावित

# इंफाल घाटी में भीषण बाढ़ से तीन लोगों की मौत

**खास बातें**

- फंसे लोगों को नावों से सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है
- इंफाल पश्चिम जिले के 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना है

**भाषा।इंफाल**

मणिपुर की इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सेनापति जिले के थोंगलांग रोड पर भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. वहीं 83 वर्षीय एक महिला उफनती सेनापति नदी में डूब गई.

उन्होंने बताया कि इंफाल में बुधवार को 75 वर्षीय एक व्यक्ति बारिश के दौरान बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई. उन्होंने बताया कि इंफाल नदी के उफान पर होने से कई इलाकों में पानी भर गया है और इंफाल घाटी में सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है, जिसकी वजह से लोगों को पास के सामुदायिक भवनों में शरण लेनी पड़ी है. उन्होंने बताया कि नम्बुल नदी के उफान पर होने के कारण इंफाल पश्चिम जिले के कम से कम 86 इलाकों में बाढ़ आने की सूचना है, जिनमें खुमान लम्पक, नगरम, सागोलबंद, उरीपोक, केसामथोंग और पाओना इलाके शामिल हैं. एक अधिकारी ने बताया, लगातार बारिश के कारण इंफाल पूर्वी जिले के केरांग, खाबम और लैरीयेंगबाम लेईकाई क्षेत्रों के पास इंफाल नदी का तट टूट गया है और पानी कई क्षेत्रों में घुस गया है, जिससे सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं. मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा, कई इलाकों में नदी के तटबंध टूटने के कारण अनेक लोग और पशु प्रभावित हुए हैं. राज्य सरकार के अधिकारी, सुरक्षा और एनडीआरएफ कर्मी और स्थानीय स्वयंसेवकों सहित सभी संबंधित अधिकारी प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं. फंसे हुए लोगों को नावों से सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है.



इंफाल घाटी के शहरों में कुछ इस तरह पानी भरा हुआ है.

## श्रीहरिकोटा से अग्निबाण रॉकेट का सफल उप-कक्षीय प्रक्षेपण

**भाषा।नयी दिल्ली**

चेन्नई के अंतरिक्ष 'स्टार्ट-अप' 'अग्निकुल कॉसमॉस' ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा से अपने स्वदेश निर्मित '3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट अग्निबाण' का उप-कक्षीय परीक्षण सफलतापूर्वक किया. अग्निकुल कॉसमॉस ऐसा करने वाली यह भारत की दूसरी निजी इकाई बन गई है. चार असफल प्रयासों के बाद गुरुवार को परीक्षण बिना किसी लाइव स्ट्रीमिंग के, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में क्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर (एसओआरटीईडी) को प्रक्षेपित करने का 22 मार्च से यह पांचवां प्रयास था. भारतीय अंतरिक्ष संघ (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट (सेवानिवृत्त) ने कहा, यह भारत के फलते-फूलते निजी अंतरिक्ष उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन और गर्व का क्षण है.



सफल प्रक्षेपण करता रॉकेट.

**अग्निबाण एक अनुकूलन योग्य दो-चरणीय प्रक्षेपण यान :** कंपनी के अनुसार अग्निबाण एक अनुकूलन योग्य दो-चरणीय प्रक्षेपण यान है, जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड (भार) लगभग 700 किलोमीटर की कक्षा में ले जा सकता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)